www.livehindustan.com

1936
सत्य • सार्थक • संदेश

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
30 जनवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

नोवाक जोकोविच भले 25वें ग्रैंड स्लैम से चूक गए, लेकिन उनकी शीर्ष रैंकिंग कायम है




# Mittsure

# KI GUARANTEE



PRIVATE
स्कूल बढ़ेंगे
सफलता के
पथ पर

15000+ SCHOOLS

50 LAKHS+ STUDENTS

25+ STATES

## MITTSURE BOOKS RECOMMEND करने पर प्राइवेट स्कूलों को मिलने वाले फायदे

- School Management में आने वाली दिन-प्रतिदिन की समस्याओं के समाधान के लिए Mittsure की ओर से स्कूलों को School Management Software Modules (ERP) उपलब्ध करवाए जाएँगे।
  - सभी विषयों और सभी कक्षाओं के लिए आकर्षक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं-
  - Nursery से UKG तक के सभी विषयों की 'Fun 2 Learn' एनिमेटेड Videos एवं Teacher Recorded Videos पाठ्य-सामग्री।
- कक्षा 1 से 4 तक लगभग सभी विषयों की एनिमेटेड डिजिटल एवं कुछ महत्वपूर्ण विषयों का अध्यापक द्वारा Recorded Digital Content.
- कक्षा 5 से 8 तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित Informative Digital Classroom Sessions based on hourly lectures.
- अध्यापकों की सहायता हेतु सभी विषयों के विस्तृत Digital Teacher's Manual उपलब्ध।
- यदि किसी कमाने वाले माता-पिता/अभिभावक की दुर्घटना (accident) में मृत्यु (death) हो जाती है, तो Mittsure की तरफ़ से उस student को स्कूल की आगामी तीन वर्षों की Tuition Fees एवं स्कूल की किताबें फ्री*।
- विद्यार्थियों के टैलेंट एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ाने के लिए Mittsure की तरफ़ से विद्यार्थियों को वीडियो द्वारा कम-से-कम 20 टैलेंट्स (गिटार, कत्थक, रोबोटिक्स, की-बोर्ड, अबेकस आदि) के कोचिंग वीडियोज उपलब्ध किए जाएँगे।
- Mittsure द्वारा स्कूलों और संस्थानों को Digital boards, Projectors, Laptops, Computers, CCTV, IT Devices, GPS System और बायोमैट्रिक जैसे उपकरण सस्ते मूल्यों पर उपलब्ध कराने के लिए Mittshop की व्यवस्था की जाएगी।**
- Mittsure जुड़ा है कई Brands, Financial Institutions and Startups के साथ, जिससे स्कूल तथा संस्थान अपनी सभी Infrastructure का सरल समाधान कर अपनी मुख्य शैक्षणिक गतिविधियों एवं चुनौतियों का सामना कर सके।**

*T&C Apply. **यह सुविधायें Agencies के द्वारा उपलब्ध करावाई जाएंगी।

MITTSURE के अन्य PRODUCTS

SCHOOL@HOME
KHEL KHEL MEIN PADHAI
NURSERY, LKG, UKG
• LEARNING KIT
• INTERACTIVE VIDEOS
• DAILY PLANNER

ACTIVITY WORKSHEETS
CLASS NURSERY - UKG, 1ST - 5TH

DIGITAL ACTIVITIES
NURSERY - UKG | 1ST - 5TH

DIGITAL CONTENT
LEARNING VIDEOS
Nursery - Class 4

MITTLEARN
घर पर ही अपने टैलेंट को बढ़ायें
GUITAR, KATHAK, ROBOTICS, KEYBOARD, TABLA AND MORE...

ENGLISH & HINDI MEDIUM BOTH | CBSE BOARDS & STATE BOARD | NURSERY TO CLASS 8



Mittsure
TECHNOLOGIES LLP

TOLL FREE NO.: 1800 8917070

स्कूल हमसे जुड़ने के लिए नाम पता SMS करें
7374003601


CORPORATE OFFICE: JAIPUR: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, +91 7374003603 • Email: support@mittsure com • Website: www.mittsure.com
BRANCH OFFICES: • New Delhi • Lucknow • Kolkata • Bhubaneswar • Patna• Ahmedabad • Indore • Bengaluru • Navi Mumbai

SHAKUN

## बीटिंग रिट्रीट में बैंड ने भारतीय धुनों से मन मोहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स सामूहिक बैंड के 'शंखनाद' से लेकर नौसेना के 'मिशन चंद्रयान' की धुनों से गूंज उठा। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है।

राष्ट्रपति मुर्मु पारंपरिक बग्घी में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। इससे समारोह का पुराने दौर का आकर्षण लौट आया, जिसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी।



नई दिल्ली में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह में बग्घी से पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। इस दौरान रायसीना हिल्स परिसर रोशनी से जगमगा उठा। • प्रेट्र

## शादी की न्यूनतम उम्र संबंधी रिपोर्ट मई तक आएगी

नई दिल्ली, एजेंसी। महिलाओं की शादी की न्यूनमत उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने के विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। समिति को चार महीने का विस्तार मिला है। समिति अब अपनी रिपोर्ट मई तक सौंपेगी। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है।

बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक- 2021 दो साल पहले लोकसभा में पेश किया गया था और ऐसे में वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह विधेयक निष्प्रभावी हो सकता है। गत 24 जनवरी के बुलेटिन में कहा गया है कि समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए समय विस्तार दिया है।

## देश 30 S

### कोटा में जेईई की छात्रा ने आत्महत्या की

कोटा। राजस्थान के कोटा में सोमवार को आईआईटी जेईई मेन की तैयारी कर रही एक और छात्रा ने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। छात्रा को 30 जनवरी को जेईई मेन की परीक्षा देनी थी। सुसाइड नोट में उसने अपने माता-पिता से माफी मांगी और खुद को हारा हुआ बताया है।

### मिस्र की किशोरी ने हिंदी में गाया देशभक्ति गीत

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के मौके पर मिस्र की एक किशोरी करीमन ने भारतीय लिबाज में देशभक्ति गीत 'देश रंगीला' गाकर सबका मन मोह लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर करीमन की सराहना करते हुए लिखा कि करीमन की आवाज मुधर है। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। भारतीय दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में करीमन ने अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए खूब तालियां बटोरी।

### बुलेट ट्रेन गलियारे में 28 भूकंपमापी लगाए जाएंगे

मुंबई। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद 'बुलेट ट्रेन' गलियारे में 28 भूकंपमापी लगाए जाएंगे। एनएचएसआरसीएल ने कहा कि यात्रियों और अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जापान की शिंकनसेन प्रौद्योगिकी पर आधारित भूकंप निगरानी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

### एनआईए को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कथित आईएसआईएस ऑपरेटिव अम्मार अब्दुल रहमान की जमानत याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को नोटिस जारी किया। रहमान ने वर्ष 2021 के एनआईए मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत एवं मनोज जैन की पीठ ने एनआईए को नोटिस जारी किया है।

### 'कोर्ट कोई प्लेटफार्म नहीं, जो ट्रेन आई चढ़ गए'

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सूचीबद्ध नहीं की गई एक याचिका का 12 बजे तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किए जाने पर एक युवा वकील को सोमवार को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह कोई रेलवे प्लेटफार्म नहीं है कि जो भी ट्रेन आ गई बस चढ़ जाएं। वकील चाहते थे कि न्यायिक सुधारों के लिए अनुरोध करने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई हो।

### रिक्तियों को भरने संबंधी याचिका पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) में रिक्त पदों को भरने का निर्देश देने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा। एनसीएससी एक संवैधानिक संस्था है जिसका उद्देश्य अनुसूचित जातियों के हितों की रक्षा करना और उन्हें भेदभाव व शोषण के खिलाफ सरंक्षण प्रदान करना है।

### धौनी के खिलाफ याचिका खारिज करने की मांग

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष कहा कि उनके दो पूर्व व्यावसायिक साझेदारों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। हाईकोर्ट ने फिलहाल धौनी, कई मीडिया घरानों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के खिलाफ कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। धौनी के वकील हाईकोर्ट में पेश हुए और कहा कि उनके खिलाफ दायर याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उन्होंने रांची की अदालत में दंपति के खिलाफ मामला दायर किया है।

### महिला कर्मी के बच्चे भी होंगे पेंशन के हकदार

नई दिल्ली। केंद्र ने दूरगामी सामाजिक-आर्थिक प्रभाव वाले एक अहम निर्णय में महिला कर्मियों को अपने पति के बजाय अपने बेटे या बेटी को पारिवारिक पेंशन के लिए नामित करने की अनुमति दी है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को कहा गया कि पहले, पारिवारिक पेंशन मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के पति या पत्नी को दी जाती थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पति या पत्नी की अपात्रता या मृत्यु के बाद ही पात्र बनते थे।

पीएम ने अभिभावकों को दी सलाह, छात्रों से भी कहा- वे खुद से प्रतिस्पर्धा करें दूसरों से नहीं

# बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानें : मोदी



परीक्षा पे चर्चा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से पीएम ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानें। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, दूसरों से नहीं।

दिल्ली के प्रगति मैदान के नवनिर्मित भारत मंडपम के टाउन हॉल में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों को सुझाव देते हुए कहा कि आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि छात्रों पर तनाव तीन प्रकार का होता है। उन्होंने कहा कि यह कभी साथियों के दबाव से प्रेरित होता है तो कभी माता-पिता द्वारा और कभी स्वयं से भी प्रेरित होता है। पीएम ने कहा कि कई बार बच्चे खुद पर दबाव बनाते हैं कि वे उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। मेरा सुझाव है कि आपको तैयारी के दौरान छोटे लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और धीरे-धीरे अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहिए। इस तरह आप परीक्षा से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि माता-पिता, शिक्षकों और रिश्तेदारों की रनिंग कमेंट्री और हर बार नकारात्मक तुलना छात्र की मानसिक भलाई के लिए हानिकारक है।



नई दिल्ली में सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से मिले। • एएनआई

### पासवर्ड साझा करें

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा प्रौद्योगिकी को बोझ नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। भोजन के दौरान गैजेट के उपयोग पर रोक लगानी चाहिए। घर के सभी मोबाइल के पासवर्ड को साझा करना चाहिए।

### हर चुनौती को चुनौती

पीएम ने कहा कि वह हर चुनौती को चुनौती देते हैं और इसके लिए नए तरीके और नई रणनीति इजाद करते रहते हैं। वह अपनी सारी शक्ति देश का सामर्थ्य बढ़ाने में लगा रहे है, क्योंकि जितना ज्यादा देशवासियों का सामर्थ्य बढ़ेगा।

### छात्रा ने दोस्तों के बीच प्रतिस्पर्धा पर मांगी सलाह

अहमदाबाद। गुजरात के पंचमहल जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की छात्रा दृष्टि चौहान ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में दोस्तों के बीच प्रतिस्पर्धा और इसके कारण उत्पन्न होने वाले तनाव से निपटने के तरीकों के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सलाह मांगी। इस पर पीएम ने कहा कि अगर आपका दोस्त 100 अंकों का पेपर दे रहा है, तो आप भी वही पेपर दे रहे हैं। यहां आपके दोस्त के साथ प्रतिस्पर्धा का सवाल कहां है? आपको अपने दोस्त के साथ नहीं, बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। रुकने की कोई जरूरत नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने छात्रों को व्यावहारिक सीख दी : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ बातचीत को उपयोगी बताया। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों के साथ बातचीत परीक्षा के दौरान हमारी युवा पीढ़ी के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यावहारिक सीख थी। उन्होंने कहा कि पीएम के शब्द उन्हें पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### कोरोनाकाल में थाली बजाने का किया उल्लेख

पीएम मोदी ने कहा कि कोरानाकाल में मैंने देशवासियों से थाली बजाने को कहा। मुझे भी पता है कि थाली बजाने या दीया जलाने से कोरोना से राहत नहीं मिलती है। इससे कोरोना की बीमारी ठीक नहीं होती है, लेकिन ऐसा हमने देश के लोगों को कोरोना के खिलाफ जंग में एकजुट करने के लिए किया था।

## अदालत में पेश न होने पर जमानत रद्द नहीं हो सकती

आदेश

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामले में आरोपी द्वारा सिर्फ अदालत में पेश नहीं होने के आधार पर जमानत रद्द नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है, जिसमें अदालत में पेश नहीं होने के आधार पर आरोपी की जमानत रद्द कर दिया गया था।

जस्टिस बीआर गवई, संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यदि किसी आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाता है और वह उसमें लगाई गई किसी भी शर्तों का उल्लंघन करता है तो जमानत रद्द की जा सकती है। पीठ ने कहा कि सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद आरोपी निजी रूप से कोर्ट में पेश नहीं हुआ, यह उसकी जमानत रद्द करने का आधार नहीं हो सकता।

पीठ ने कहा कि जमानत देने और जमानत रद्द करने के मानदंड पूरी तरह से अलग हैं। पीठ ने यह भी कहा कि आरोपी यदि जमानत के किसी भी शर्तों का उल्लंघन करता है या फिर दी गई किसी भी स्वतंत्रता का दुरुपयोग करता है या फिर साक्ष्यों व गवाहों को प्रभावित करता है तो उसकी जमानत को रद्द की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में हाईकोर्ट द्वारा पारित फैसले में उपरोक्त कोई कारण नजर नहीं आता है। इसके साथ ही, कोलकाता हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें निजी रूप से पेश नहीं होने के चलते जमानत रद्द कर दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश आरोपी की ओर से दाखिल विशेष अनुमति याचिका पर दिया है। याचिका में हाईकोर्ट द्वारा जमानत रद्द किए जाने को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि आरोपी कोर्ट में इसलिए नहीं पहुंच पाए थे क्योंकि वीवीआईपी आवाजाही की वजह से यातायात जाम लग गया था।

### गुजरात हाईकोर्ट से कहेंगे कि मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत पाने वाले एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को 'घोर अवमानना' करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात हाईकोर्ट से मजिस्ट्रेटों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात स्थित व्यवसायी की पुलिस रिमांड पर अत्यधिक नाराजगी जताते हुए, शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को उस व्यक्ति द्वारा दायर अवमानना याचिका पर कुछ पुलिस और सूरत के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया था।

## फैसला: मुकदमों में वादी के जाति-धर्म का उल्लेख न हो

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि 'अदालती मुकदमों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होने चाहिए।' शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही अदालतों में दाखिल होने वाले वाद/याचिका में पक्षकारों के जाति या धर्म का उल्लेख करने पर रोक लगा दी है।

जस्टिस हीमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इसके साथ ही देश के सभी हाईकोर्ट को इस आदेश पा पालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। पीठ ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि हाईकोर्ट या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षकारों की सूची में किसी पक्षकारों के जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर यह फैसला दिया है। अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई कि पक्षकारों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने याचिकाकर्ता महिला के वकील से जानना चाहा कि उन्होंने अपील में जातियों का उल्लेख क्यों किया।



### इस प्रथा को अब तत्काल बंद कर देना चाहिए

पीठ ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख किए जाने का कोई उचित कारण नजर नहीं आता। पीठ ने कहा कि इस प्रथा को अब तत्काल बंद कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

### अयोग्यता संबंधी याचिका पर 15 तक फैसला लें

नई दिल्ली, विस। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली अर्जियों पर फैसला लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को दी गई अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। शीर्ष अदालत ने पहले 31 जनवरी तक का समय दिया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ कर रही थी।

## रेलवे के लिए तीन लाख करोड़ की उम्मीद



अंतरिम बजट से उम्मीदें

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार ट्रेनों को सेमी हाई स्पीड पर चलाने के लिए रेलवे को 3.20 लाख करोड़ का बजट आंवटित कर सकती है।

इस धन से स्लीपर वंदे भारत ट्रेन कोच का उत्पादन, रेलमार्गो पर टक्करोधी तकनीक- कवच- लगाना, अमृत भारत ट्रेन के कोच-इंजन का निर्माण, नई लाइन का निर्माण, दोहरीकरण, अमान परिवर्तन आदि विकास कार्य किए जाएंगे।

रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि मार्च तक स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए आईसीएफ, चेन्नई में कोच निर्माण तेज गति से चल रहा है। रेलवे की प्रीमियम राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों की जगह पर स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी। जबकि शताब्दी एक्सप्रेस के स्थान पर वंदे भारत ट्रेनें पहले ही चलाई जा रही हैं। वर्तमान में 80 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे पुल-पुश तकनीक वाली अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने लिए इनके कोच व नए इंजनों का उत्पादन करेगी।

### पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक धनराशि

पिछले आम बजट में कुल पूंजीगत व्यय 2.60 लाख करोड़ रुपये था। 1 फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट में 3.20 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय का प्रावधान हो सकता है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत अधिक है। अधिकारी ने बताया कि दिसंबर 2023 तक पूंजीगत व्यय से 1,95,929.97 करोड़ रुपये (75 फीसदी) खर्च किए गए हैं।

## बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने बजट सत्र से पहले मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। हर सत्र से पहले यह एक तरह की पारंपरिक बैठक होती है। बैठक में विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को सामने रखते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं।

केंद्र सरकार उन्हें अपने एजेंडे के बारे में जानकारी प्रदान करती है तथा उनका सहयोग मांगती है। लोकसभा चुनाव से पहले यह बजट सत्र 31 जनवरी को आरंभ होकर 9 फरवरी को समाप्त होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से होगी।

- निर्मला सीतारमण आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी

## अग्निवीरों के लिए कौशलवीर योजना

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक या अग्निवीर को भविष्य में रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वह सेना से कौशलवीर बनकर बाहर निकलेंगे। सेना ने अपने जवानों एवं अग्निवीरों को तकरीबन 500 किस्म के रोजगारपरक कौशल से लैस कराने के लिए कौशलवीर नामक एक नई योजना शुरू करने का फैसला किया है।

सेना के सूत्रों के अनुसार, यह योजना नई शिक्षा नीति और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के अनुरूप है तथा इसे नेशनल स्किल डवलपमेंट काउंसिल की मदद से तैयार किया जा रहा है। योजना के तहत जवानों एवं अग्निवीरों के कौशल को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ जोड़ा जाएगा और आवश्यक प्रशिक्षण देकर उन्हें नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन लेवल 5.5 के अनुरूप सार्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। इसमें अधिकतम उप प्रबंधक स्तर का रोजगार मिल सकेगा।

सेना की तरफ से कौशलीवीर परियोजना का जो खाका तैयार किया गया है, उसके अनुसार करीब पांच सौ किस्म के कौशल को चिह्नत किया गया है। इनमें से किसी एक कौशल से एक जवान को लैस किया जाएगा। इसके लिए देश भर में 37 स्किल सेक्टर काउंसिल और उससे संबद्ध 100 ट्रेनिंग संस्थानों की भी मदद ली जाएगी। परियोजना में कौशल प्रमाण-पत्र प्रदान करने वाली 17 एजेंसियों एवं आकलन करने वाली 40 एजेंसियों की मदद ली जा रही है।

- रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा
- करीब 500 किस्म के रोजगारपरक कौशल से लैस होंगे जवान

रिपोर्ट | पीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के 200 मरीजों पर सर्वे में सामने आए तथ्य, घबराहट, ब्लड प्रेशर, हाईपरटेंशन, कोलेस्ट्रॉल और धड़कन बढ़ने जैसी दिक्कतों का कर रहे सामना

# मोबाइल पर घंटों समय बिताने से युवा बन रहे दिल के मरीज

■ सुशील सिंह

लखनऊ। मोबाइल पर घंटों काम करने से युवाओं के दिल की सेहत बिगड़ रही है। 20 से 30 साल का युवा बुजुर्गों को होने वाली दिल की बीमारियों की चपेट में आ रहा है। इनमें घबराहट, ब्लड प्रेशर, हाईपरटेंशन, कोलेस्ट्रॉल, धड़कन बढ़ने जैसी दिक्कतें शामिल हैं। पीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के सर्वे में यह तथ्य सामने आए हैं।

पीजीआई के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नवीन गर्ग ने बताया कि दिल की बीमारी हमारी जीवन शैली से जुड़ी हुई है। इसके लिए काफी हद तक मोबाइल जिम्मेदार है। छह माह में 18 से 40 वर्ष के भीतर के करीब 200 मरीजों पर अध्ययन किया गया। इनमें 20% छात्र और नौकरी पेशा व व्यवसाय वाले 80 फीसदी युवा हैं।

### स्क्रीन पर बिताते हैं पांच घंटे

- 200 में 80 फीसदी यानी 160 मरीजों ने बताया कि रोज पांच घंटे मोबाइल संग बिताते हैं।
- 20 फीसदी यानी कुल 40 युवा मरीजों ने डॉक्टर से कहा कि रोज तीन घंटे मोबाइल प्रयोग करते हैं।



### घूमना-टहलना भी बंद


कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नवीन गर्ग ने बताया कि मोबाइल की लत ने जीवन शैली प्रभावित की है। चलना, घूमना, टहलना बंद हो गया। युवाओं ने बताया कि पैदल चलना तो लगभग बंद है। घर से जहां भी जाना होता है, वाहन से जाते हैं। सर्वे में 60 फीसदी युवाओं ने बताया कि ज्यादातर बाहर का खाना खाते हैं। इनमें फास्ट फूड ज्यादा होता है। देर रात तक मोबाइल देखने के साथ ही भोजन करते हैं। सुबह देर से उठते हैं। मोटापा बढ़ने से दिल की परेशानी बढ़ी है।

### मोबाइल के साथ सुबह ने बिगाड़ी सेहत

डॉ. नवीन गर्ग ने बताया कि सर्वे के दौरान युवाओं से मोबाइल, लैपटॉप के इस्तेमाल से लेकर दिनचर्या से जुड़े सवाल पूछे गए। युवाओं ने बताया कि दिन की शुरुआत ही मोबाइल से होती है। मेल, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत दूसरी चीजें देखते हैं। मल्टीनेशनल कम्पनियों, व्यवसाय से जुड़े युवाओं ने कहा कि लैपटाप पर रोज औसतन आठ घंटे काम करते हैं।

**18** से 40 साल की आयु वाले ओपीडी में आए 200 मरीजों का सर्वे किया गया पीजीआई में

### बाहर खाने वाले भी कम नहीं




## आतंकी संगठन सिमी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ाया

नई दिल्ली, विसं/एजेंसी। केंद्र सरकार ने सोमवार को स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 3(1) के तहत एक बार फिर पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, सिमी भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में लगा हुआ है, जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए नुकसानदेह है। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसको देखते हुए गृह मंत्रालय ने सिमी पर 2029 तक प्रतिबंध बढ़ा दिया है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के नीति को मजबूत करते हुए सिमी के खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

**2001 में लगा प्रतिबंध :** सिमी पर पहली बार प्रतिबंध 2001 में लगाया गया था, जब अटल बिहार वाजपेयी सरकार केंद्र में थी और तब से हर पांच साल में संगठन पर प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है।

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार

30 जनवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 26, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

नोवाक जोकोविच भले 25वें ग्रैंड स्लैम से चूक गए, लेकिन उनकी शीर्ष रैंकिंग कायम है P-16








**रिपोर्ट : वित्त मंत्रालय ने कहा, सतत सुधारों का आर्थिक प्रगति में अहम योगदान**

# भारत तीन साल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अगले तीन वर्षों में पांच लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सतत सुधारों से यह वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी छू लेगा। मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में यह बात कही है।

दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था की विरासत के बावजूद भारत वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। मंत्रालय ने कहा, 10 वर्षों की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के सुधारों से गुजरी है। इन्होंने आर्थिक प्रगति में अहम योगदान दिया।

**सात फीसदी की वृद्धि दर संभव :** रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रह सकती है। वर्ष 2030 तक यह सात फीसदी से अधिक हो सकती है।

**जर्मनी-जापान पिछड़ जाएंगे:** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार, भारत अगले तीन साल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह ट्रेंड भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। वहीं, जेफरीज 'इंडिया आउटलुक 2024' रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार का खर्च यानी कैपेक्स यदि कुछ कम भी हो जाता है, तो उससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। अंतरिम बजट में पूंजी निवेश कमी की भरपाई निजी पूंजी निवेश से हो जाएगी।

**चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था वृद्धि का अनुमान** (% में)






"अर्थव्यवस्था जीवंत ऊर्जा से लबरेज है। भारत अटूट आशावाद के साथ बढ़ रहा है। व्यापक स्तर पर जो उम्मीद की किरण दिख रही है, उसे मापने के लिए 'राष्ट्रीय आत्मविश्वास सूचकांक' बनाना चाहिए। -**कुमार मंगलम बिड़ला**, चेयरमैन, आदित्य बिड़ला समूह



"वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड के बाद अपने पुनरुद्धार को कायम रखने के लिए संघर्ष कर रही है और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान जैसे कुछ झटके 2024 में भी लौट आए हैं। यदि ये कायम रहते हैं तो व्यापार प्रवाह, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और मुद्रास्फीति को प्रभावित करेंगे।

**वी.ए. नागेश्वरन**, मुख्य आर्थिक सलाहकार

## तेजी से मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति के तीन बड़े कारण

**1 कारोबारी सुगमता के लिए प्रयास जारी**

छोटे कारोबारियों के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ने और उनके निर्यात के लिए व्यापक व्यवस्था से आसानी होगी। आने वाले दिनों में न केवल उनके माल को वैश्विक स्तर पर बड़ा बाजार मिलेगा बल्कि सेवा क्षेत्र की ही तरह इस मोर्चे पर भी भारत का निर्यात बढ़ेगा।

**2 बुनियादी ढांचे में लगातार बढ़ रहा सरकारी निवेश**

सरकारी क्षेत्र की तरफ से बढ़ते निवेश से देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। केंद्र सरकार की तरफ से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर पुरजोर खर्च किया जा रहा है। इससे न केवल नौकरियों में इजाफा हो रहा है बल्कि लोगों के पास खर्च करने के लिए रकम भी बढ़ रही है।

**3 डिजिटल आधारभूत ढांचे से संस्थानों को फायदा**

डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सरकारी व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। इसके माध्यम से न केवल ई-केवाईसी का खर्च 1000 से घटकर 5 रुपये आ गया है बल्कि कई सरकारी और निजी संस्थानों का भी बड़ा फायदा हो रहा है। ये व्यवस्था खर्च को कम कर रही है।

# लालू से दस घंटे पूछताछ, हेमंत की कार और कागजात जब्त

**पटना/नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** ईडी को सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करनी थी। लालू सुबह पटना स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचे जहां उनसे दस घंटे तक पूछताछ की गई। इसी मामले में तेजस्वी प्रसाद यादव से ईडी मंगलवार को पूछताछ करेगी। वहीं, हेमंत के दिल्ली स्थित तीन ठिकानों पर ईडी की टीम सुबह-शाम दो बार गई लेकिन वो नहीं मिले। टीम ने उनके दक्षिण दिल्ली स्थित घर से उनकी कार और कागजात जब्त किए।

पटना में लालू बेटी मीसा भारती के साथ सोमवार सुबह सवा 11 बजे ईडी के दफ्तर पहुंचे और रात नौ बजे बाहर आए। सूत्रों के अनुसार, लालू से नौकरी के बदले जमीन मामले से जुड़े 50 से अधिक सवाल पूछे गए। उनसे पूछा गया कि कितने लोगों से जमीन लेकर रेलवे में किन पदों पर कहां-कहां नौकरी दी गई है। इन जमीन को पहले बेनामी कंपनियों के नाम पर ली गई, जिसकी निदेशक पत्नी, बेटियां, बेटा समेत अन्य करीबी थे। इसकी सच्चाई क्या है।

वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईमेल भेजकर 31 को ईडी को अपने दिल्ली स्थित आवास पर बुलाया है। सोमवार को ईडी टीम दिल्ली स्थित उनके घर, पिता के घर और झारखंड भवन पहुंची थी, लेकिन वो नहीं मिले।

› डटे रहे समर्थक P07



ईडी के पटना कार्यालय में सोमवार को पूछताछ के लिए पहुंचे लालू प्रसाद। • प्रेट्र

## राज्यसभा की 57 सीटों के लिए अगले महीने होगा चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 56 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। › आठ से नामांकन P10

## नीतीश के जाने से 'इंडिया' को लाभ होगा:केजरीवाल



सीएम बोले, एनडीए को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होने को गलत बताया है। केजरीवाल ने कहा, मेरा मानना है कि इंडिया गठबंधन को इसका नुकसान नहीं, बल्कि फायदा होगा। उन्होंने कहा, जनतंत्र में ऐसा आचरण बिल्कुल ठीक नहीं है।

दिल्ली सचिवालय में सोमवार को केजरीवाल ने कहा कि इस घटनाक्रम के बाद लोगों की जो प्रतिक्रिया आ रही है, उसके मुताबिक बिहार में एनडीए को भारी नुकसान होगा, लेकिन इंडिया गठबंधन को फायदा होगा।

**सीट बंटवारे के लिए बैठक जल्द:** सूत्रों के अनुसार, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला इसी सप्ताह हो सकता है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच लगभग सहमति बन चुकी है। गुजरात की एक सीट को लेकर थोड़ी खींचतान है, लेकिन उसपर भी आम सहमति बनने के आसार हैं।

### प्रमुख पांच

**नीतीश सरकार का बहुमत परीक्षण 10 को**

1 बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 10 फरवरी को बहुमत साबित करेगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। P10

**सेंसेक्स में 1241 अंकों का उछाल**

2 सेंसेक्स 1241 अंक मजबूत होकर 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 385 अंकों की बढ़त ली। P15

**फास्टैग कल तक अपडेट कराना जरूरी**

3 एनएचएआई ने कहा है कि 31 जनवरी तक केवाईसी अपडेट न करने पर फास्टैग ब्लैक लिस्ट होगा। P02

**मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग की तैयारी**

4 मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। P17

**अंतरिम बजट में क्या देगी सरकार**

5 अंतरिम बजट में भी बड़ी घोषणाओं के तरीके निकाल लिए जाते हैं। साल 2019 में जो अंतरिम बजट पेश हुआ था, उसमें किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई थी।



हरजिंदर P12

## दावा : सीएए सात दिनों के भीतर देश में लागू होगा

**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय राज्य मंत्री और पश्चिम बंगाल से सांसद शांतनु ठाकुर ने दावा किया कि सात दिन में देशभर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो जाएगा। इससे देश में रह रहे बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाक से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाईयों को नागरिकता मिलेगी।

जहाजरानी राज्य मंत्री ठाकुर ने रविवार शाम दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक रैली में यह बात कही। कोलकाता में सोमवार को उन्होंने कहा, कानून सात दिन में लागू होगा, मेरी गारंटी है।

**क्या है सीएए कानून**

सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद से पारित हुआ। इसमें पाक, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से लौटे हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों को नागरिकता देने का प्रावधान है।

› कमेटी रिपोर्ट सौंपेगी P11

## आदेश:शाही ईदगाह के सर्वेक्षण पर फिलहाल रोक

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगली सुनवाई तक मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण नहीं होगा। अदालत ने मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वे कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के अपने अंतरिम आदेश की अवधि अगली सुनवाई के तक बढ़ा दी है।

जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने 16 जनवरी को अंतरिम आदेश देते हुए ईदगाह परिसर का सर्वे कराने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

› मंदिर में थे नौ मंडप P11

**ज्ञानवापी के सील क्षेत्र के सर्वे की मांग**

हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद कथित 'शिवलिंग' का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश देने की मांग की है। › ब्योरा P11

## नई सौर ऊर्जा नीति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने सोमवार को नई सौर ऊर्जा नीति 2024 को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नीति में 400 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिल शून्य हो जाएगा। › ब्योरा P03














नवीनीकरण नहीं कराने पर एक फरवरी से ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा, एनएचएआई ने दिशा-निर्देश जारी किए

# फास्टैग कल तक अपडेट करा लें, ऑनलाइन सुविधा भी मिलेगी

काम की खबर




**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** एक्सप्रेसवे-नेशनल हाईवे पर चलने वालों को अपने फास्टैग का नो योर कस्टमर (केवाईसी) 31 जनवरी रात 12 बजे तक अपडेट करना होगा। फास्टैग अपडेट करने की सुविधा ऐप के साथ ऑनलाइन भी मिलेगी।

नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने साफ किया है कि अब एक वाहन पर एक ही फास्टैग चलेगा, जिसे अपडेट करना जरूरी होगा। केवाईसी अपडेट न करने वाले फास्टैग को एक फरवरी से ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। हालांकि, लोग उसके बाद भी अपडेट कर सकते हैं, लेकिन एक फरवरी से टोल प्लाजा से वाहन तभी गुजर सकेगा जब फास्टैग में केवाईसी अपडेट होगा और वो ब्लैकलिस्ट नहीं होगा।

**लोगों के सामने कई समस्याएं खड़ी हो रहीं :** एनएचएआई के इस फैसले के बाद काफी लोग उलझन में फंसे हैं, क्योंकि कुछ लोगों ने मोबाइल नंबर पर फास्टैग जारी कराया है। खासकर, नए वाहन लेते समय उसका कोई नंबर नहीं होता है। ऐसे में फास्टैग सेवा प्रदाता कंपनियां मोबाइल नंबर पर ही वाहन की श्रेणी के हिसाब से फास्टैग जारी कर देती हैं। यानी कोई ग्राहक कार ले रहा है तो उसे फोर व्हीलर और कोई 10 टायर का ट्रक ले रहा है तो उसे कमर्शियल श्रेणी में फास्टैग जारी होता है।

**वाहन और फास्टैग के नामों में अंतर :** देश में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है जिनकी कार किसी दूसरे नाम पर है और फास्टैग किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर लिया गया है और मोबाइल नंबर से जारी हुआ है।

**पूरी जानकारी एक व्यक्ति के नाम होनी चाहिए :** एनएचएआई अधिकारियों का कहना है कि नियमों के हिसाब से फास्टैग लेने वाले व्यक्ति का केवाईसी अपडेट होना चाहिए। ऐसी स्थिति में गाड़ी भी उस व्यक्ति के नाम होनी चाहिए। अभी शुरुआत में यह छूट रहेगी कि गाड़ी भले ही किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हो, लेकिन जो व्यक्ति फास्टैग जारी करा रहा है, उसका केवाईसी होना जरूरी है। आगे चलकर यह अनिवार्य कर दिया जाएगा, कि गाड़ी, फास्टैग और केवाईसी का डाटा एक ही व्यक्ति का होना चाहिए।

**डिमांड भेज सकेंगे :** अब अगर कोई बिना टोल चुकाए जाता है तो टोल एजेंसी फास्टैग नंबर के आधार पर संबंधित टोल शुल्क काटने की डिमांड उस बैंक को भेज सकेंगे, जिसका फास्टैग गाड़ी पर लगा हुआ है।

**31** जनवरी रात 12 बजे तक फास्टैग अपडेट करने की समय सीमा तय की गई है

**01** वाहन पर अब केवल एक ही फास्टैग चलाने का नियम एनएचएआई ने लागू किया

### ये तरीके अपनाएं

**वेबसाइट**
सबसे पहले **https://fastag. ihmcl.com/** पर जाएं, जहां अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ओटीपी की मदद से लॉगइन करें। इसके बाद डैशबोर्ड मेन्यू में माय प्रोफाइल ऑप्शन को खोलें। माय प्रोफाइल ऑप्शन में केवाईसी का स्टेटस चेक करें। अगर केवाईसी पूरी नहीं है तो केवाईसी सब-सेक्शन में जाएं, जहां पर जरूरी जानकारी जैसे आईडी प्रूफ, एड्रेस प्रूफ और फोटो जमा करें। इसके बाद सबमिट ऑप्शन पर क्लिक कर दें।

**ऐप**
आपने जिस भी कंपनी का फास्टैग जारी करा रखा है उसका फास्टैग वॉलेट ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। फिर फास्टैग में दर्ज मोबाइल नंबर से लॉगिन करें और उसके बाद माय प्रोफाइल में जाएं, जहां केवाईसी पर क्लिक करें। इसके बाद देखें कि क्या आपका केवाईसी अपडेट है। अगर केवाईसी अपडेट नहीं है तो फिर केवाईसी फिल ऑप्शन पर क्लिक करके मांग गई जानकारी दें।

**ऑफलाइन**
आप संबंधित बैंक या फिर टोल प्लाजा पर बने हेल्प काउंटर पर जाकर भी केवाईसी करा सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपके पास पंजीकृत मोबाइल नंबर, आधार, पैन और गाड़ी की आरसी होनी चाहिए। ध्यान रहे कि सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही होनी है। बैंक और सुविधा केंद्र सिर्फ आपको आपके मोबाइल में स्टॉल मोबाइल ऐप के जरिए केवाईसी करने में मदद करेंगे।

**तकनीकी परेशानी आ रही**
ऑनलाइन रजिस्टर्ड करने पर बहुत से लोगों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लॉगइन करने के लिए जब रिजस्टर्ड मोबाइल नंबर डाल रहे हैं तो उसे अवैध बताया जा रहा है। स्क्रीन पर मैसेज आ रहा है कि आप फास्टैग ऐप डाउनलोड करें और उसमें बैंक के पोर्टल पर जाकर अपने फास्टैग केवाईसी का स्टेटस चेक करें। जब आप ऐप के जरिये बैंक के पोर्टल वाले ऑप्शन पर क्लिक करेंगे तो उसमें माय प्रोफाइल दिखाई देगा। उस पर जाकर आप चेक कर सकते हैं कि आपका केवाईसी हुआ है या नहीं।

इस्तेमाल करने वालों के लिए सवाल-जवाब

## उलझन को ऐसे सुलझाएं

फास्टैग संबंधित किसी समस्या को लेकर अगर आप उलझन में हैं तो हम एनएचएआई के जरिए उसका समाधान लेकर आए हैं। इन सवालों के जवाब से आप राहत पा सकते हैं...




- **एनएचएआई के अधिकृत ऐप माई फास्टैग पर जाकर लॉगिन कर रहे हैं तो मेरा मोबाइल नंबर फास्टैग के साथ पंजीकृत नहीं दिखा रहा है। ऐसी स्थिति में क्या करें ?**
जिस कंपनी का फास्टैग लिया है, उसके मोबाइल ऐप के माध्यम से केवाईसी अपडेट करें या फिर उस कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर बात करें।
- **कुछ महीने पहले गाड़ी ली है, उस वक्त आरसी नहीं थी, जिस कारण से मुझे मोबाइल नंबर पर फास्टैग जारी हुआ। अब केवाईसी अपडेट नहीं हो रहा है ?**
सबसे पहले अपने पंजीकृत मोबाइल से फास्टैग वॉलेट और ऐप में लॉगइन कर गाड़ी की आरसी अपडेट करें और उसके बाद केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें।
- **मैंने टोल प्लाजा से एक पेमेंट कंपनी का फास्टैग लिया था, जिसका केवाईसी अपडेट नहीं दिखा रहा है ?**
इसके लिए सही तरीका है कि जिस कंपनी का फास्टैग लिया है, उसी का फास्टैग वॉलेट आप अपने पंजीकृत मोबाइल पर अपलोड करें और फिर माय प्रोफाइल में जाकर पूरी जानकारी अपडेट करें।
- **मेरी गाड़ी पर दो फास्टैग हैं, जो माई फास्टैग ऐप पर दिखाई दे रहे हैं। दोनों में केवाईसी भी अपडेट हैं। ऐसी स्थिति में क्या करें ?**
ऐप या वेबसाइट के माध्यम से एक फास्टैग, जिसे आप नहीं रखना चाहते हैं, उसकी केवाईसी जानकारी हटा दें, वह स्वयं ब्लैकलिस्ट हो जाएगा।
- **फास्टैग व केवाईसी से जुड़ी जानकारी क्या किसी अधिकृत नंबर पर कॉल कर प्राप्त कर सकते हैं ?**
इसके लिए फास्टैग जारी करने वाली बैंकिंग कंपनी के हेल्पलाइन नंबर या फिर एनएचएआई के हेल्पलाइन नंबर 1033 पर कॉल कर प्राप्त कर सकते हैं।
- **बैंकों के अधिकृत हेल्पलाइन नंबर कहां से प्राप्त करें ?**
एनएचएआई के अधिकृत माय फास्टैग ऐप को डाउनलोड करें और उसके बैंक टोल फ्री हेल्पलाइन सेक्शन में जाकर प्राप्त करें।

### इसलिए अनिवार्य किया गया केवाईसी

लंबे समय से टोल वसूलने वाली एजेंसियों की तरफ से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को शिकायत मिल रही थी कि एक गाड़ी में एक से अधिक फास्टैग जारी होने से दिक्कत होती है। कई बार टोल प्लाजा पर सिस्टम उस फास्टैग को रीड कर लेता है या फिर गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर उस फास्टैग को स्कैन करती है, जिसके वॉलेट में पर्याप्त बैलेंस नहीं होता है। इस पर टोल बैरियर नहीं खुलता है तो फिर कार चालक दूसरे फास्टैग का वॉलेट खोलकर पर्याप्त बैलेंस दिखाते हैं और फास्टैग रीडर में गड़बड़ी का हवाला देकर टोल बैरियर खुलवा देते हैं। अब एक से अधिक फॉस्टैग एक गाड़ी नंबर पर जारी होने के कारण टोल एजेंसी को टोल शुल्क की डिमांड संबंधित बैंक व पेमेंट कंपनी को भेजने में परेशानी होती है। केवाईसी होने के बाद इस गड़बड़ी को रोका जा सकेगा।

शहर 30s

### लेडी हार्डिंग में अभी रेडियोथेरेपी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए आधुनिक तरीके से रेडिएशन देने वाली ब्रेकाथेरेपी मशीन स्थापित होने के कई माह बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, मशीन चलाने के लिए परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद की अनुमति नहीं मिल सकी है। ऐसे में राजधानी दिल्ली और आसपास से दिल्ली में कैंसर के इलाज के लिए आने वाले मरीजों की रेडिएशन की वेटिंग बढ़ती जा रही है।

### यूजीसी के बाहर छात्रों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियुक्ति संबंधी दिशा-निर्देश के विरोध में सोमवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, क्रांतिकारी युवा संगठन सहित अन्य छात्र संगठनों का कहना था कि यूजीसी द्वारा आरक्षण संबंधी मसौदा सामाजिक न्याय पर हमला है।

### सड़क नेटवर्क योजना के लिए सुझाव दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीन अनधिकृत कॉलोनियों में सड़क नेटवर्क की योजना को लेकर 24 फरवरी तक लोग अपने सुझाव व प्रतिक्रिया दे सकते हैं। नगर ने खिड़की एक्सटेंशन, स्वरूप नगर एक्सटेंशन और ईस्ट आजाद नगर में निर्माण कार्य की योजना बनाई है। **sgst.eastazadngr@mcd.nic.in, sgst.kdkextn@mcd.nic.in, swrp.ngr@mcd.nic.in** ईमेल आईडी पर लोग अपने सुझाव भेज सकते हैं।

### गणित विषय के लिए शिक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में टीजीटी गणित विषय के पद पर शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किया है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा अस्थायी तौर पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन और आंवटित स्कूल में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुष्पा सिंह बनीं दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार पुष्पा सिंह संभालेंगी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से सोमवार शाम उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। पुष्पा सिंह दिल्ली नगर निगम की पार्षद रह चुकी हैं और पूर्व महापौर सतबीर सिंह की पत्नी हैं। फिलहाल वह महरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाल रही थीं। अमृता धवन को पार्टी में अन्य जिम्मेदारियां दिए जाने के बाद से महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद खाली चल रहा था।

### छात्रों को अमृत उद्यान घुमाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान में छात्रों को घुमाने के संबंध में सर्कुलर जारी किया है। कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों को उद्यान घुमाने के संबंध में निदेशालय ने स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं। बता दें कि अमृत उद्यान दो फरवरी से लेकर 31 मार्च तक खोला जा रहा है। इस दौरान सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक आम नागरिकों को प्रवेश दिया जाएगा।

### अतिथि शिक्षकों को स्कूल आवंटित

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने इतिहास और गणित विषय के लिए पीजीटी पद पर अतिथि शिक्षकों को दोबारा से स्कूल आवंटित किए है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को आदेश जारी किया है। निदेशालय ने 50 से अधिक शिक्षकों की सूची भी जारी की है। आदेश जारी होने के सात कार्यदिवस के अंदर शिक्षकों को स्कूल में रिपोर्ट करना होगा। वरना छह महीने के लिए उनकी आईडी को बंद कर दिया जाएगा।



For Trade Enquiry : +91 98101 79196 / 92056 53285 / 97101 79196 | Email : info@pushpmasale.com | Web : www.pushpmasale.com

मुख्यमंत्री ने नई सौर ऊर्जा नीति को मंजूरी दी, उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक लाभ मिलेगा

# सोलर प्लांट लगाने पर बिजली बिल जीरो होगा

अच्छी खबर

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने नई सौर ऊर्जा नीति 2024 को मंजूरी देते हुए दिल्ली के आवासीय इलाके में रहने वाले बिजली उपभोक्ताओं का बिल जीरो करने का दावा किया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई नीति में 400 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिल जीरो हो जाएगा। उन्होंने दावा किया है कि सौर ऊर्जा नीति के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाने वालों को 700 से 900 रुपये की प्रतिमाह कमाई होगी।

दिल्ली सचिवालय में पत्रकारवार्ता में केजरीवाल ने कहा कि सौर ऊर्जा नीति की बुनियाद 2016 में रखी गई थी। उसी का असर है कि आज दिल्ली में 1500 मेगावाट सौर ऊर्जा का प्रयोग हो रहा है। उसमें 250 मेगावाट बिजली का उत्पादन खुद दिल्लीवालों ने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर किया है, जबकि 1250 मेगावाट सौर ऊर्जा बाहर से खरीदी जा रही है।

नई ऊर्जा नीति में आवासीय क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल जीरो हो जाएगा, जबकि व्यावसायिक और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं का बिजली का बिल भी आधा हो जाएगा।



### 4500 मेगावाट तक उत्पादन बढ़ने का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा है कि नई सौर ऊर्जा नीति के तहत हमें उम्मीद है कि दिल्ली में 2027 तक सौर ऊर्जा का उत्पादन 4500 मेगावाट तक पहुंच जाएगा। इसमें से 750 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल छत के उपर लगाए जाएंगे, जबकि 3750 मेगावाट डिस्कॉम (बिजली कंपनी) बाहर से खरीदेंगी। छत पर सोलर पैनल लगाने वालों को सरकार की तरफ से 2000 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से सब्सिडी देगी जो कि अधिकमत 10 हजार रुपये तक होगी।

### पांच साल तक रुपये देती रहेगी सरकार

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार सौर ऊर्जा नीति 2024 के वित्तीय लाभ दे रही है। अगर आप तीन किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाते हैं तो उससे पैदा होने वाली बिजली पर दिल्ली सरकार आपके बैंक खाते में 3 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से जमा करेगी। अगर तीन से 10 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगवाते हैं तो 2 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से पैसा जमा कराया जाएगा। दिल्ली सरकार पांच साल तक यह सौर ऊर्जा उत्पादन आधारित पैसा देती रहेगी।

### हर माह भुगतान की सुविधा मिलेगी

नई सौर ऊर्जा नीति 2024 में छतों पर सोलर पैनल लगाने को उत्साहित करने के लिए कई तरह की छूट भी दी है, जिसमें पहला उत्पादन आधारित इंसेंटिव के लिए सालाना न्यूनतम 1100 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पादन की अनिवार्यता को खत्म किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन करने वालों को हर माह भुगतान किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को 700 से लेकर 900 रुपये तक की आमदनी होगी।

## सेटेलाइट सर्वे से उत्पादन क्षमता पता करेंगे : मंत्री

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार पावर जेनरेशन असेसमेंट का भी प्रावधान करेगी। सेटेलाइट के माध्यम से पूरी दिल्ली में कहां कितनी क्षमता है, उसका आकलन कराएगी।

इससे फायदा होगा कि उपभोक्ता को यह आकलन नहीं करना पड़ेगा कि उसके घर की छत पर कितनी सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाला सोलर पैनल लगाया जा सकता है।



आतिशी ने कहा- उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा

**ऐसे मिलेगा लाभ :** दिल्ली में अगर कोई उपभोक्ता अपने घर पर हर माह 250 यूनिट बिजली खर्च करता है तो वह सब्सिडी के लिहाज से बिल पर कुल 50 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अगर उसने सोलर पैनल के जरिए 400 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन करता है तो उसके 250 यूनिट जो बिल प्रयोग किया वह कट जाएगा।

इसके अलावा उसे 150 यूनिट पर बिजली कंपनी तीन रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करेगी। सरकार ने उदाहरण के तौर पर बताया है कि किसी आवासीय क्षेत्र के उपभोक्ता की औसत मासिक खपत 360 यूनिट है तो वह आंशिक रूप से सब्सिडी (201-400 यूनिट वाली श्रेणी में) वाला उपभोक्ता है। उपभोक्ता लगभग 90 हजार रुपये की लागत से दो किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र छत पर लगाता है। उपभोक्ता को तुरंत जीरो बिजली बिल (लगभग 1370 रुपये प्रति माह की बचत) के साथ-साथ लगभग 700 रुपये प्रति माह का जीबीआई (उत्पादन आधारित इंसेंटिव) लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

## दिल्ली भाजपा में शामिल हुए कई व्यापारी नेता

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन, व्यापारिक प्रकोष्ठ नेता अशोक कुमार अग्रवाल समेत बसपा और कांग्रेस के कई नेता सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए।

बसपा की बदरपुर से चुनाव प्रत्याशी रेखा चौहान, बदरपुर के कांग्रेस नेता अनिल कुमार जाटव, बवाना चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राज जैन ने भी भाजपा की सदस्या ग्रहण की है। इस मौके पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी का भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली में जिस उम्मीद से लोगों ने उनके हाथों में सत्ता सौंपी थी, उस उम्मीद पर दिल्ली सरकार खरी नहीं उतरी। आज दिल्ली में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। पार्टी के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

## कुछ भी नया नहीं : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि नई सौर ऊर्जा नीति में कुछ भी नया नहीं है। देशभर में राज्य सरकारें पहले से इसी तरह की योजनाएं चला रही हैं। दिल्ली नगर निगम में सेवा के दौरान भाजपा यह पहले ही कर चुकी है।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹58100/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES
ONLY 7% ON ALL ITEMS
*T&C apply
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024. Ph: 47284728

सार्वजनिक सूचना
संपत्ति कर, एमसीडी
केवल 2 दिन शेष
दिल्ली संपत्ति धारक
समय समाप्त हो रहा है

प्रिय दिल्ली निवासी एवं संपत्ति धारक,
क्या आपने अपनी संपत्ति की जियो–टैगिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है?
यदि नहीं, तो कृपया जल्दी करें! संपत्तियों की जियो–टैगिंग की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 है।
जियो–टैग नहीं की गई संपत्तियों पर अगले वित्तीय वर्ष में 30 जून तक समय पर भुगतान हेतु छूट का लाभ नहीं मिलेगा।
क्या आपकी संपत्ति ए & सी (प्रॉपर्टी टैक्स) विभाग में पंजीकृत नहीं है?
यदि नहीं, तो कृपया अपनी संपत्ति 31 जनवरी, 2024 तक www.mcdonline.nic.in पर लॉग इन कर पंजीकृत करें और विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपीआईसी/UPIC) बनायें। अभियोजन एवं कारावास सहित कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अपने बकाये कर का भुगतान तुरंत करें।
"सहभागिता" योजना के तहत 10 प्रतिशत विकासात्मक इंसेंटिव और अतिरिक्त 5 प्रतिशत अपशिष्ट निपटान इंसेंटिव का लाभ उठाने के लिए अपने RWA एवं GHS/CGHS को www.mcdonline.nic.in पर पंजीकृत करें।
Be Compliant and Self-Reliant!
दिल्ली नगर निगम
कर-निर्धारण और समाहरण विभाग
RO No. : 71/DP/MCD/2023-24

## राम कथा के चलते चार दिन यातायात प्रभावित रहेगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** मृदुल फाउंडेशन एवं छटी मईया फाउंडेशन द्वारा बुधवार से शनिवार तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। धीरेन्द्र शास्त्री महाराज द्वारा यह कथा करतार नगर के चौथा पुस्ता के पास होगी। इससे पूर्व बुधवार को कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। दोपहर 12 से तीन बजे तक कलश यात्रा कुछ इलाकों से गुजरेगी। इस दौरान इसके आसपास के क्षेत्रों में यातायात प्रभावित रह सकता है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, कलश यात्रा करतार नगर स्थित चौथा पुस्ता से शुरू होकर तीसरा पुस्ता, शारदा का कुआं, चौधरी फतेह सिंह मार्ग, गामड़ी रोड, हंसराज डेरी, गामड़ी गांव, चौथा पुस्ता होते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न होगी।

ADVERTISEMENT
झाँसी
बैद्यनाथ
असली आयुर्वेद

एक कदम स्वास्थ्य की ओर

ऐसा कहा जाता है कि एक स्वस्थ हृदय औसत जीवनकाल में लगभग 2.5 billion बार धड़कता है, जिससे शरीर के हर हिस्से में लाखों गैलन रक्त पहुंचता है। रक्त में Oxygen, Fuel, Hormones, अन्य Compounds और कई आवश्यक Cells होती हैं। हृदय के कभी न ख़त्म होने वाले कार्यभार (Workload) को देखते हुए यह किसी आश्चर्य (Wonder) से कम नहीं है कि यह इतनी अच्छी तरह काम करता है। लेकिन कुछ लोगों के लिए यह Fail भी हो सकता है। हमेशा जोखिम बना रहता है. इससे हमारे लिए अपने हृदय की उचित और बेहतर देखभाल करना वास्तव में महत्वपूर्ण हो जाता है।

नीचे कुछ प्रमुख कारण बताए गए हैं जो आपके हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं:
- जीवनशैली संबंधी विकार (Lifestyle disorders)
- आनुवंशिक विकार (Genetic issues)
- थायराइड विकार (Thyroid disorder)
- धूम्रपान (Smoking)
- शराब पीना (Drinking)
- नशीली दवाओं का दुरुपयोग (Drug abuse)

यदि आप एक स्वस्थ जीवन शैली का पालन कर रहे हैं, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आपने जीवन की आधी लड़ाई पहले ही जीत ली है। आप क्या खाते हैं, आपका शरीर कितनी नींद ले रहा है और आप अपने शरीर को कितना हिलाते हैं, इस पर हमेशा नज़र रखें।

हमेशा उन लक्षणों पर ध्यान दें जो हमारा शरीर समय-समय पर हमें देता है, जब भी इसमें कुछ गड़बड़ हो:
- दिल का तेज़ धड़कना
- ज्यादा पसीना आना
- सिर में भारीपन
- सांस लेने में तकलीफ
- शरीर के निचले हिस्से में सूजन
- थकावट
- मतली या उल्टी

यदि किसी को भी उपरोक्त लक्षण दिखाई देते हो तो चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

100 साल से अधिक की विरासत के साथ बैद्यनाथ आपके दिल का ख्याल रखने में मदद करने के लिए आगे आए हैं। यह निम्नलिखित दवाएं प्रदान करता है जो आपके लिए सहायक हो सकती हैं।

**अर्जुना फोर्ट:** हृदय रोगों का इलाज करने में मदद करता है, उच्च रक्तचाप में भी मदद करता है, इसमें अर्जुन, मुन्नाक्का, शतावरी जैसे आयुर्वेदिक तत्व हैं।

**प्रभाकर बटी:** यह एक आयुर्वेदिक योग है जिसका उपयोग हृदय रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। हालाँकि, इसे केवल डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के तहत ही लिया जाना चाहिए।

**लद्दाक बेरी जूस:** यह हृदय संबंधी समस्याओं में मदद करता है, यह अर्जुन , अनार जूस, गुग्गुलु, सी बक थोर्न जूस से बना हुआ जूस है जो हृदय को स्वस्थ रखने के लिए बहुत अच्छा होता है।

**कार्डिविन डीएस:** यह शरीर में स्वस्थ कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।




**अस्वीकरण:** यह लेख **वैद्य शैशव कुमार (रजि. नं. 50661)** ने, जन सामान्य को जानकारी हेतु आयुर्वेदिक ग्रंथ व मॉडर्न रिसर्च के आधार पर तैयार किया गया हैं। उपरोक्त औषधि के सेवन चिकित्सक की देखरेख में करें।
**टोल फ्री नंबर : 1800-102-8384**

/baidyanathgroup /baidyanathgroup/ www.baidyanath.co.in Contact@baidyanath.co.in




TecPac के साथ अनलॉक कीजिए और भी ज़्यादा फीचर्स**

एक्सचेंज ऑफ़र^
एक्सचेंज के फ़ायदे: टू-व्हीलर एक्सचेंज ₹40 000/-* | डाउन पेमेंट ₹0/-* | ईएमआई ₹2 999/-*

| वैरिएंट | एक्स-शोरूम | TecPac क़ीमत |
|---|---|---|
| प्रीमियम (₹) | 135463/- | 9000/- |
| अर्बेन (₹) | 115001/- | 8000/- |

एक्सपर्ट्स द्वारा फ्री एक्सचेंज मूल्यांकन के लिए अपना पुराना पेट्रोल टू-व्हीलर लाइए | एक्स-शोरूम क़ीमत दिल्ली | Book now at www.chetak.com

EXCLUSIVE CHETAK EXPERIENCE CENTRES AT: CENTRAL DELHI 9560090701, 9311964017 | NORTH DELHI 9212110780 | WEST DELHI 9205410046 | SOUTH DELHI 9910399112 | PITAMPURA 9289147111 | KRISHNA NAGAR [EAST DELHI] 7669074446 | GURUGRAM 8595609778 | NOIDA 9717385849
AUTHORISED DEALERS AT: GHAZIABAD 9711211211

*प्रभावी एक्स-शोरूम क़ीमत में FAME सब्सिडी शामिल है. चेतक का चित्र केवल विज्ञापन के उद्देश्य से कंप्यूटर ग्राफिक्स की मदद से बनाया गया है. दर्शाए गए फ़ीचर्स, विशिष्टताएं और एक्सेसरीज़, स्टैंडर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं भी हो सकते हैं और बदले जा सकते हैं. वास्तविक कलर्स और अपहोलेस्टेरी भिन्न हो सकते हैं. राइड करते समय कृपया आरटीओ के दिशानिर्देशों का पालन करें. ** TecPac के साथ उपलब्ध. # 2 साल की पेड विस्तारित वॉरंटी को ऑनलाइन ख़रीदा जा सकता है. ^एक्सचेंज मूल्य केवल संदर्भ हेतु जो अच्छी स्थिति वाले 4 साल पुराने पेट्रोल टू-व्हीलर के लिए अनुमानित है. फ़ायनान्स, फ़ायनान्सर के स्व-निर्णय के अधीन.




# आईपीयू में एक से आवेदन करें

मिशन एडमिशन

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय एक फरवरी से स्नातक कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति प्रो. महेश वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय इस वर्ष 44 परास्नातक, 37 स्नातक और 35 पीएचडी कोर्स में दाखिला देगा।

कुलपति ने बताया कि इस वर्ष 1100 सीटें बढ़ाई हैं, जबकि चार कोर्स को समाप्त भी किया है। विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेज मिलकर इस साल लगभग 40 हजार सीटों पर दाखिला देंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की फीस 1500 रुपये प्रति कोर्स होगी। सभी आवेदन ऑनलाइन होंगे, लेकिन प्रवेश परीक्षाएं ऑफलाइन होंगी। प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल से 14 मई के बीच आयोजित होंगी। 19 नए कोर्स शुरू हो रहे हैं। उनके लिए आवेदन प्रक्रिया सात फरवरी से आयोजित होगी। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए हैं।

कुलपति ने कहा कि अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन मोबाइल फोन से भी भर सकेंगे। कैट और सीमेट के आधार पर एमबीए में दाखिले और क्लैट के आधार पर लॉ की काउंसिलिंग अप्रैल में शुरू हो जाएगी। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित काउंसिलिंग जून से शुरू कर जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। सभी प्रोग्राम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च है। मोबाइल नंबर 25302167 और 169 पर किसी भी सवाल का जवाब पाया जा सकता है।

### नए पाठ्यक्रम

- चार वर्षीय बीए इकनॉमिक्स
- बीए बीएड आईटीईपी
- बीएससी एन्वायरमेंटल साइंस
- बीएससी फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ
- एमएसएससी फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ
- बीटेक एनर्जी इंजीनियरिंग
- बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- बीटेक डाटा साइंस
- एमटेक फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी
- एम फार्मा
- पीएचडी मेडिसिन
- पीएचडी इंडस्ट्रियल आईओटी
- पीएचडी आटोमेशन एंड रोबोटिक्स
- पीएचडी एआई एंड डीएस
- पीएचडी एआई एंड एमएल
- पीएचडी डिजाइन एंड इनोवेशन

### चार तरीकों से दाखिला

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टेस्ट से दाखिला लिया जाएगा। इसमें नीट-पीजी, नीट-यूजी, कैट, सीमैट, क्लैट, यूसीड, गेट आदि परीक्षाएं शामिल हैं। दूसरे तरीके के तहत आईपीयू द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा, जिसे यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट कहा जाता है उसके अंकों के आधार पर दाखिला होगा। तीसरा तरीका कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट या सीयूईटी के माध्यम से दाखिला होगा और चौथा तरीका मेरिट आधारित होगा।

## नर्सरी दाखिले की दूसरी सूची जारी

नई दिल्ली, का. सं.। निजी स्कूलों ने सोमवार को नर्सरी दाखिले के लिए दूसरी सूची जारी की। पहली सूची में सभी सीटें भरने के कारण कई स्कूलों ने दूसरी जारी नहीं की।

विकासपुरी स्थित ममता मॉर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने नर्सरी कक्षा की सात सीटों को लेकर दूसरी सूची जारी की है। इसमें सोमवार को दो दाखिले भी हो गए। वहीं, वसुंधरा एंक्लेव स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में 40 अंक पाने वाले बच्चों को लेकर दूसरी सूची जारी की गई। पटपड़गंज के आईपी एक्सटेंशन स्थित नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल में दूसरी सूची जारी नहीं हुई। विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 50 बच्चों को लेकर दूसरी सूची जारी की गई है।

## स्कूलों में 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन

नई दिल्ली, का. सं.। स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का छात्रों को लाइव प्रसारण दिखाया गया।

मयूर विहार फेज तीन स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं के छात्रों को कार्यक्रम दिखाया गया। वहीं, दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को सरोजिनी नगर स्थित नवयुग स्कूल में बच्चों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, परिषद अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय और अन्य लोग भी मौजूद रहे।


सी-डैक CDAC
प्रगत संगणन विकास केन्द्र
(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक वैज्ञानिक सोसायटी)

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

सी-डैक द्वारा सी-डैक के प्रोसेसर, सिस्टम तथा पेरीफेरल आईपी'ज की लाइसेंसिंग के लिए भारतीय कंपनियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। विवरण के लिए देखें:

www.cdac.in
09847069184

सीबीसी 06165/12/0030/2324










*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

डाउन पेमेंट 5999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | 100 पे 100* | बिना हाइपोथिकेशन* | 10% कैशबैक ₹5000* तक

डीलर की जानकारी के लिए 7230032200 पर WhatsApp या मिस्ड कॉल करें या QR Code को स्कैन करें

1. इयरफ़ोन कनेक्ट करें 2. QR Code स्कैन करें 3. वीडियो का आनंद लें

CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

किशनगंज पहुंचे कांग्रेस नेता, कहा-यात्रा के जरिए देश में सामाजिक और आर्थिक न्याय की बात कर रहे

# बिहार सामाजिक न्याय का अगुवा : राहुल



भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16वां दिन

**किशनगंज, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने हमेशा सामाजिक न्याय की अगुवाई की है। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के जरिए हम देश में सामाजिक और आर्थिक न्याय की बात कर रहे हैं। राहुल ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा।

न्याय यात्रा के 16वें दिन किशनगंज में राहुल गांधी ने खगड़ा स्थित शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि पिछले साल कन्याकुमारी से कश्मीर तक हमने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। अब दूसरी यात्रा नार्थ ईस्ट से शुरू हुई है। इसके जरिए हम यह बताने आए हैं कि देश में संघ व भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैला रखी है। ऐसे में मोहब्बत की दुकान खुलनी चाहिए।

राहुल ने कहा, यात्रा में हमने लाखों लोगों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों, मजदूरों, छात्रों, माताओं व बहनों से बात हुई।



किशनगंज में सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी।

### भव्य स्वागत हुआ

राहुल गांधी ने किशनगंज के फारिंगगोला चेकपोस्ट होकर पश्चिम बंगाल से बिहार की सीमा में लगभग 11 बजे प्रवेश किया। उनका स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान चेक पोस्ट से लेकर किशनगंज बस स्टैंड, स्टेडियम, रामपुर सीमा, सहित बहादुरगंज रोड को झंडों व बैनर से पाट दिया गया। सड़क पर राहुल की एक झलक पाने के लिए सुबह से बेताब दिखे।

### 'किसान की कद्र नहीं'

राहुल ने कहा कि सच्चाई यह है कि आज देश में गरीब व्यक्ति को न आर्थिक न्याय मिलता है और न ही सामाजिक न्याय इसलिए इस यात्रा में हमने न्याय शब्द जोड़ा। जो मजदूरी करता है, जो किसान खेती करता है उसकी सरकार कद्र नहीं करती।

### पूर्णिया में रैली आज

कांग्रेस नेता मंगलवार को निकटवर्ती जिले पूर्णिया और फिर एक दिन बाद बुधवार को कटिहार में रैली होगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि राहुल गुरुवार को अररिया जिले के रास्ते पश्चिम बंगाल रवाना होंगे।

### मणिपुर को बांटने का आरोप लगाया

कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने यात्रा की शुरुआत मणिपुर से की। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर में हमने भाजपा की विचारधारा को देखा। राज्य को दो भागों में बांट दिया है। भाई को भाई से लड़ा दिया है। पूरा प्रदेश छह-सात महीने से जल रहा है।

### 'अल्पसंख्यकों को नहीं मिल रहा हक'

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी ओबीसी की है। उन्होंने कहा, 50 प्रतिशत ओबीसी वर्ग की आबादी है। 15 फीसदी दलित, 12 प्रतिशत आदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं लेकिन उन्हें हक नहीं मिल पाता।

### सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई जारी रखेंगे

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मिलने वाले एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश हो रही है। कांग्रेस यह कभी होने नहीं देगी। हम सामाजिक न्याय के लिए लड़ते रहेंगे और इन रिक्त पदों की पूर्ति आरक्षित वर्गों के योग्य उम्मीदवारों से ही कराएंगे। यूजीसी के नए मसौदे में आरक्षण को खत्म करने की साजिश हो रही है।

# एनडीए का कुनबा बढ़ने पर भी नहीं बदलेगी रणनीति

विश्लेषण

■ रामनारायण श्रीवास्तव

**नई दिल्ली।** गठबंधन विस्तार के तहत एनडीए में जुड़ रहे नए दलों के बावजूद, लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की चुनावी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा और उसकी बूथ स्तरीय तैयारी पहले की तरह ही जारी रहेगी। दूरगामी रणनीति और भविष्य के लिए अपनी ताकत बढ़ाने के लिए पार्टी उन सीटों पर भी पूरी तैयारी कर रही है, जो उसके सहयोगी दलों के पास होंगी।

भाजपा अपने विस्तार व व्यापक पहुंच कार्यक्रम के अनुसार, देश भर में हर बूथ पर अपनी चुनावी तैयारी कर रही है। इसमें पार्टी ने उन क्षेत्रों को भी शामिल किया हुआ है जहां पर उसके सहयोगी दलों के सांसद हैं या जो सीटें सहयोगी दलों को जा सकती हैं। पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि यह तैयारी केवल लोकसभा चुनावों के लिए ही नहीं है, बल्कि उसके बाद विधानसभा व अन्य चुनावों के लिए भी है। ऐसे में भाजपा अपनी संगठनात्मक ताकत को बढ़ाने के लिए अभियान को जारी रखेगी।

**गठबंधन से आगे की रणनीति :** भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी गठबंधन राजनीति की अस्थिरता को देखते हुए अपनी चुनावी कार्ययोजना में कोई बदलाव नहीं कर रही है, भले ही चुनावों में सीट उसके हिस्से में हो या न हो।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने बिहार में जद (यू) के साथ नए बने गठबंधन के साथ अपने नेताओं को साफ कर दिया है कि इससे उसकी चुनावी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पार्टी हर बूथ पर अपने झंडे व बैनर के साथ रहेगी, भले ही उम्मीदवार सहयोगी दल का हो।

दरअसल, लोकसभा क्षेत्र में कई विधानसभा सीटें भाजपा के पास भी रहती है, ऐसे में उम्मीदवार कोई भी हो, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के साथ आगे रहेगी।

### दक्षिण में व्यापक पहुंच में मदद मिलेगी

पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा कि दक्षिण भारत में कर्नाटक व तेलंगाना के कुछ हिस्से को छोड़कर भाजपा को अभी जनता में भीतर अपनी पहुंच बनाना बाकी है। ऐसे में उसकी बूथ रणनीति कारगर होगी। 'हर बूथ पर दस यूथ' के साथ पन्ना प्रमुख के जरिए वह पार्टी व केंद्र की योजनाओं व उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचा सकती है। सोशल मीडिया से काम आसान भी हुआ है और लोगों से संवाद भी सुगम हुआ है।

## देश 30s

### शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ शिकायत

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने पार्टी के नेता राहुल गांधी के बारे में कथित तौर पर अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के लिए सोमवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई का आग्रह किया है।

### प्रकाश आंबेडकर को आमंत्रित किया : राउत

**पुणे।** लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर चर्चा के बीच, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाले वंचित बहुजन आघाड़ी को एमवीए के घटक दलों की बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

### महिला कांग्रेस के मार्च में सांसद बेहोश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सोमवार को महिला कांग्रेस के विरोध मार्च के दौरान राज्यसभा सदस्य जेबी माथर बेहोश हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज्य में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कथित तौर पर भारी वृद्धि के विरोध में यह मार्च निकाला जा रहा था।

### कांग्रेस कार्यालय में पार्टी नेता भिड़े

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को दो पार्टी पदाधिकारी आपस में भिड़ गए। दोनों में धक्का-मुक्की भी हुई। मामला यहीं नहीं थाम, दोनों ने एक-दूसरे पर कुर्सी भी फेंकी। वहां मौजूद अन्य नेताओं ने उनको अलग किया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

### भाजपा विधायक ने भड़काऊ भाषण दिया

**पुणे।** भाजपा विधायक नितेश राणे ने सोलापुर में पंढरपुर में आयोजित एक हिंदू आक्रोश रैली में भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने कहा कि वह हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं। उनके हर कदम का समर्थन करेंगे। पुलिस से डरेंगे नहीं, क्योंकि उनके बॉस महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं। उनके पास गृह मंत्रालय भी है।

# लोकतंत्र बचाने का अंतिम मौका : खड़गे

जनसभा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा फिर से जीतती है, तो केंद्र सरकार तानाशाही की तरफ बढ़ सकती है।

सभा में खड़गे ने लोगों से भाजपा और आरएसएस से दूरी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की तो देश में कोई और चुनाव नहीं होगा। पुतिन के समान भाजपा भारत में शासन करेगी।



खड़गे ने भाजपा और आरएसएस से दूरी बनाने को कहा

**विपक्षी नेताओं को डराया जा रहा:** कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डराने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं और ईडी तथा आयकर विभाग राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के हथियार बन गए हैं। इनकी विचारधारा का विरोध करने पर नेताओं को अपनी पार्टियां, गठबंधन छोड़ने की धमकी दी जाती है।

**राहुल ने लड़ाई जारी रखी :** खड़गे ने दावा किया कि राहुल गांधी को अक्सर धमकी दी जाती थी क्योंकि वह भाजपा और संघ का विरोध करते थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हालांकि, राहुल उनके दबाव में नहीं आए और ऐसी ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रखी जो देश को बांटना चाहते हैं।

**हम कमजोर नहीं हुए :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के कांग्रेस खेमा छोड़कर एनडीए में लौटने पर खड़गे ने दावा किया कि इसका चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, महागठबंधन से एक व्यक्ति के जाने से हम कमजोर नहीं होंगे। हम भाजपा को हरा देंगे।

# 'इंडिया' को दूसरे राज्यों में भी नुकसान के आसार

■ सुहेल हामिद

**नई दिल्ली।** बिहार में जद (यू) के एनडीए में शामिल होने और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद 'इंडिया' गठबंधन को दूसरे राज्यों में भी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

'इंडिया' गठबंधन सियासी नफा-नुकसान का हिसाब लगाने में जुट गया है। गठबंधन दावा कर रहा है कि इससे कोई नुकसान नहीं होगा, पर जदयू और तृणमूल कांग्रेस का रुख एक बड़ा झटका है और इससे गठबंधन को लेकर बनी धारणा को नुकसान पहुंचा है। इसके साथ इंडिया छोड़ने वाले दलों को भी नुकसान हो सकता है। 'इंडिया' गठबंधन को सबसे बड़ा नुकसान मुख्य एजेंडे को लेकर हुआ है।

जातीय जनगणना गठबंधन का एक बड़ा मुद्दा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पूरी ताकत के साथ इस मुद्दे को उठा रहे हैं। बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी कर वह सामाजिक न्याय का चेहरा बन गए थे। ऐसे में 'इंडिया' गठबंधन को बिहार में बदले समीकरण का दूसरे राज्यों में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बिहार कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राजद, जदयू, कांग्रेस, माले, सीपीआई और सीपीएम मिलकर एक जिताऊ जातीय समीकरण बनाते थे। इसमें राजद के मुस्लिम और यादव आधार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुर्मी, ईबीसी, एमबीसी और महादलित जातियां भी शामिल थी। पर जदयू के अलग होने के बाद 'इंडिया' गठबंधन और खुद जदयू के लिए भी लोकसभा चुनाव की लड़ाई बहुत आसान नहीं रह गई है।

'इंडिया' गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ता तो लोकसभा में तस्वीर पलट सकती थी। वर्ष 2019 में एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल एकजुट होकर कम से कम आधी सीट जीत सकते थे, पर अब तस्वीर बदल गई है।

पार्टी के एक नेता ने कहा कि अफसोस की बात यह है कि 'इंडिया' गठबंधन के पास किसी भी राज्य में ऐसे जिताऊ समीकरण नहीं है।

### गठबंधन को लेकर बनी धारणा को चोट पहुंची

जदयू के एनडीए में शामिल होने से 'इंडिया' गठबंधन को लेकर बनी धारणा को चोट पहुंची है। बिहार और बंगाल सहित कई राज्यों में गठबंधन को लेकर मतदाता गंभीर थे। चुनाव में गठबंधन को इसका फायदा भी मिल सकता था पर जिस तरह जदयू अलग हुआ है, इससे इस धारणा को बल मिला है कि विपक्ष कभी एकजुट नहीं हो सकता।

# आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी

राज्यसभा चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही आठ फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 15 फरवरी नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख होगी, जबकि 20 फरवरी उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख है। आयोग के अनुसार मतदान 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। वहीं मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे से होगी।

अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले अन्य नेताओं में ओडिशा से बीजू जनता दल (बीजद) के सदस्य प्रशांत नंदा और अमर पटनायक, उत्तराखंड से भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला और गुजरात से कांग्रेस सदस्य नारनभाई राठवा और अमी याग्निक शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, एमएसएमई मंत्री नारायण राणे, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, कांग्रेस सदस्य कुमार केतकर, एनसीपी की सदस्य वंदना चव्हाण और शिवसेना (यूबीटी) सदस्य अनिल देसाई महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**सबसे अधिक दस सीट उत्तर प्रदेश से खाली :** सबसे अधिक दस सीट उत्तर प्रदेश से खाली हो रही है। महाराष्ट्र और बिहार से (छह-छह), मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से (पांच-पांच), कर्नाटक और गुजरात से (चार-चार), ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से तीन, राजस्थान से दो और उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से (एक-एक) सीट खाली होंगे।

**बिहार :** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जनता दल यूनाइटेड के अनिल प्रसाद हेगड़े और बशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा सदस्य सुशील कुमार मोदी और कांग्रेस सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह का राज्यसभा में कार्यकाल पूरा हो रहा है।

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश में भाजपा सदस्य अनिल अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी और हरनाथ सिंह यादव तथा समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त होंगे

भाजपा सदस्य सरोज पांडे छत्तीसगढ़ और डीपी वत्स क्रमशः छत्तीसगढ़ और हरियाणा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके अलावा चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि दो मनोनीत सीट खाली हैं। जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले मनोनीत सदस्यों में महेश जेठमलानी, सोनल मानसिंह, राम शकल और राकेश सिन्हा शामिल हैं।

# नीतीश 10 को प्राप्त करेंगे विश्वासमत

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** नीतीश सरकार 10 फरवरी को विधानसभा में विश्वासमत प्राप्त करेगी। सोमवार की शाम मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय हुआ। सीएम आवास पर हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा मौजूद थे। पहले विधानमंडल सत्र 12 फरवरी से होने की चर्चा थी।

मौजूदा विस अध्यक्ष अवध बिहारी के खिलाफ एनडीए ने 28 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव दिया है। नियमानुसार विधानमंडल का सत्र 14 दिनों बाद ही आहूत किया जा सकता है। इसीलिए 10 फरवरी का दिन तय हुआ है।

# विधानसभा अध्यक्ष इस्तीफा नहीं देंगे तो मतदान होगा

बिहार

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** नयी सरकार के गठन के बाद विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी इस्तीफा नहीं देते हैं तो मतदान से उनके भविष्य का फैसला होगा। इसमें उनका जाना लगभग तय है। ऐसे में 10 फरवरी को ही निर्णय हो जाएगा।

17 वें विधानसभा में दूसरा मौका है जब विस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। यह भी पहली बार है जब एक विधानसभा की अवधि में दो बार ऐसा हुआ हो। 2022 में विजय कुमार सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था। ऐसे यह चौथा अवसर है जब अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। इसके पहले कांग्रेस के शिवचन्द्र झा और विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। यदि अध्यक्ष अड़े तो भी नयी सरकार पर फर्क नहीं पड़ेगा। एनडीए ने रविवार देर रात अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे दिया है। इसके बाद ही उनका भविष्य तय हो गया है।

# बौखलाहट में राजद नेता : राजीव रंजन

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि सत्ता से बेदखल होते ही राजद के नेता बौखलाहट में हैं। यही वजह है कि ये लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चयों के तहत किये गये कामों तक का श्रेय लेने का असफल प्रयास करने लगे हैं।

रंजन ने कहा कि हर कोई जानता है कि 2020 में नीतीश कुमार ने दस लाख सरकारी नौकरियां देने का निश्चय किया था। इस पर सरकार ने काम शुरू कर दिया था। आरोप लगाया कि युवाओं को मिलने वाला यही फायदा राजद नेताओं को चुभने लगा था।

# जदयू के ऑफर पर सरकार में शामिल हुए : सम्राट चौधरी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि जदयू की ओर से समर्थन मांगा गया था और सरकार में शामिल होने का ऑफर दिया गया था। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश के बाद प्रदेश भाजपा ने सरकार को समर्थन दिया।

चौधरी ने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने जदयू को समर्थन देने का निर्णय लिया। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि हम सभी लोग मिलकर विकास करेंगे।

### बाल मुड़वाने अयोध्या जाएंगे उप मुख्यमंत्री

पगड़ी बांधकर चर्चा में आए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी अपने बाल मुड़वाने अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने भावुकता में मुरेठा बांधते हुए कहा था कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाकर ही मुरेठा खोलूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी में पूरी टीम काम करती है, ऐसे में व्यक्तिगत निर्णय को निरस्त भी किया जा सकता है।

# धार्मिक ध्वज हटाने को लेकर विवाद

कर्नाटक

**मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी।** केरागोडु में 108 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर फहराए गए भगवान हनुमान की छवि वाले भगवा झंडे को हटाने को लेकर हुआ विवाद सोमवार को गहरा गया। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जारी रखा और ध्वज को एक बार फिर फहराने की मांग की।

इस घटना के बाद राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है और विपक्षी भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस सरकार के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही।

प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भाजपा, जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है।

**मार्च निकाला :** प्रदर्शनकारियों ने सोमवार सुबह जय श्री राम के नारों के बीच केरागोडु से मांड्या जिला मुख्यालय में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकाला। उन्होंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मार्च में भाग लेने वालों में भाजपा नेता सी टी रवि और प्रीतम गौड़ा भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को भाजपा और जद(एस) पर झंडा हटाने के मुद्दे पर लोगों को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा क्योंकि अनुमति केवल राष्ट्रीय और कन्नड़ ध्वज फहराने के लिए ली गई थी।

■ विपक्षी भाजपा-जद (एस) और कांग्रेस के बीच वाकयुद्ध छिड़ा

# विपक्ष ने घेरा तो मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गलती मानी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का एकवचन (संभवतः उन्हें की जगह उसे कहने) में जिक्र करने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इसे अपनी गलती मानी है। उन्होंने कहा कि उनके मन में राष्ट्रपति के लिए बहुत सम्मान है, क्योंकि वह भी उनकी तरह उत्पीड़ित वर्ग से आती हैं। मैं इस गलती के लिए खेद व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ ऑप्रेस्ड कम्युनिटीज और फेडरेशन ऑफ कर्नाटक बैकवर्ड क्लासेस द्वारा आयोजित उत्पीड़ित समुदायों के एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में कही।

मुख्यमंत्री के बयान के बाद भाजपा, जद (एस) सिद्धरमैया पर हमलावर थी। जद (एस) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने राष्ट्रपति को एकवचन में संबोधित करने के लिए सिद्धरमैया को मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की थी। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सिद्धारमैया ने फिर से साबित कर दिया है कि उनके मन में संविधान और सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों के प्रति अनादर का भाव है।

# हिजाब को लेकर बयान पर हंगामा


**जयपुर, एजेंसी।** छात्राओं ने भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। आरोप है कि विधायक ने एक सरकारी स्कूल में कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी।

कई स्कूली छात्राओं ने सुभाष चौक थाने के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। स्थानीय भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से माफी मांगने और नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**चिंताजनक** | आंकड़े बताते हैं कि जम्मू- कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और पूरा लद्दाख बर्फ की चादर में लिपटा रहता था, पर अब ऐसा नहीं है

# सफेद चादर ओढ़े रहने वाले पहाड़ों पर इस बार नहीं दिख रही बर्फ

**नई दिल्ली।** देश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है लेकिन पहाड़ बिना बर्फ के सूने पड़े हैं। नासा, एफएलडीएएस-2, जीडीएस लैंड सर्फेस मॉडल के आंकड़े बताते हैं कि जम्मू- कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और पूरा लद्दाख बर्फ की चादर में लिपटा रहता था, पर अब ऐसा नहीं है।




स्रोत: लैंड सर्फेस मॉडल- (आंकड़े मिलीमीटर में)

**हिम जल समतुल्य:** बर्फ में उपलब्ध पानी की मात्रा निर्धारित करता है। हिम जल समतुल्य यह समझने में मदद करता है कि बर्फ में कितना पानी है। इसे स्नो वाटर इक्वीविलेंट (एसडब्ल्यूई) भी कहते हैं।

### 2001 के बाद पहली बार यह स्थिति दिखी

इस साल 26 जनवरी को पहाड़ों पर बर्फ का जैसा अकाल है ऐसी स्थिति 2001 के बाद पहली बार बनी है। वर्ष 2001 से 2020 की तुलना में इस साल 26 जनवरी को पहाड़ों पर पड़ने वाली औसत बर्फ में 25 फीसदी तक की गिरावट आई है।

### भारत ही नहीं, मध्य एशिया भी प्रभावित

बर्फबारी के अभाव में भारत ही नहीं मध्य एशिया भी प्रभावित है। मध्य एशिया में 25 जनवरी को वर्ष 2001 के बाद बर्फबारी में 19% की कमी दर्ज की गई है। वहीं देश के पहाड़ी राज्यों पर पांच साल के अंतर पर बर्फबारी के स्तर में गिरावट दर्ज हो रही है।

### कम बर्फबारी के कई कारण

बारिश का बर्फबारी पर असर पड़ता है। हालांकि बारिश पहाड़ों पर कम बर्फ की अकेले वजह नहीं हो सकती है। तापमान और दूसरे कारण भी कम बर्फबारी की वजह हो सकते हैं। मौसम चक्र में तेजी हो रहा बदलाव भी इसकी एक वजह संभव है।

Hindustan Times

# हिमाचल में बर्फबारी और बारिश को लेकर अलर्ट


**शिमला/ देहरादून, संवाददाता।** उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में ठंड का सितम जारी है। इस बीच हिमाचल में मौसम विभाग ने इस साल पहली बार भारी हिमपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार रात और बुधवार को छह जिलों के अधिक और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात की आशंका है।

उत्तराखंड में मंगलवार से मौसम बदलने की संभावना है। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि 30 जनवरी से उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार दिखाई पड़ रहे हैं। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के पर्वतीय इलाकों में बारिश एवं 3000 मीटर से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं 31 जनवरी से दो जनवरी तक प्रदेश के सभी जिलों में बारिश के आसार है।

### कश्मीर में बर्फ पड़ने से पर्यटकों के चेहरे खिले


**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर में बर्फबारी से पर्यटन क्षेत्र में प्रसन्नता दिख रही है, पर्यटकों और पर्यटन से जुड़े स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी है। अच्छी बर्फबारी के अभाव में पर्यटन उद्योग कुछ महीनों से प्रभावित था।

# अपने यथार्थ स्वरूप को जान लेना ही मुक्ति है



**मन को सुख और दुख दोनों का कारण माना गया है। जिसने इसे साध लिया, समझो सब सध गया। इसलिए कहा भी गया है– मन के साधे सब सधे। जब यह सधता है तो सुख आता है। यह सुख ही आत्मा का स्वरूप यानी आत्मस्वरूप है और अपने इस रूप को पा लेना ही मुक्ति है**

अध्यात्म



रमण महर्षि

सुख आत्मा का स्वरूप है। सुख एवं आत्म स्वरूप भिन्न नहीं हैं। आत्मसुख एक ही है; वही सत्य है। प्रपंच की किसी भी वस्तु में सुख नहीं है। अपने अविवेक के कारण हम सोचते हैं कि उनसे सुख मिलता है। मन जब बाहर निकलता है, तब दुख का अनुभव करता है। वास्तव में जब कभी हमारे विचार पूर्ण होते हैं, तब वह अपने उद्गम स्थान पर लौटकर आत्मसुख का ही अनुभव करता है।

उसी प्रकार सुषुप्ति, समाधि और मूर्छा के समय में तथा इच्छित वस्तु की प्राप्ति होने पर और अनैच्छिक के दूर होने पर भी मन अंतर्मुखी हो आत्मसुख का ही अनुभव करता है। इस प्रकार मन आत्मा को छोड़कर बाहर जाता हुआ तथा अंदर लौट आता हुआ अविश्राम भटकता रहता है। वृक्ष के नीचे पेड़ की छाया सुखमय है। बाहर सूरज की धूप कड़ी है। बाहर भटकने वाला मनुष्य छाया में जाकर शीतलता अनुभव करता है। थोड़ी देर बाद बाहर निकलकर गर्मी की भीषणता सह न पाने पर पुनः पेड़ के नीचे जाता है। इस प्रकार वह छाया से धूप में और धूप से छाया में आता रहता है। ऐसा करने वाला अविवेकी है। किंतु विवेकी छाया छोड़कर नहीं जाता। उसी प्रकार ज्ञानी का मन भी ब्रह्म से अलग नहीं होता। किंतु अज्ञानी का मन तो प्रपंच विषयों में भटकते हुए दुख भोगता तथा स्वल्प समय के लिए ब्रह्म में लौट आने पर सुख पाता रहता है। जगत, विचार ही है। जब जगत अदृश्य होता है अर्थात जब विचार नहीं रहते, तब मन आनंद का अनुभव करता है। जब जगत दृश्यमान होता है, तब वह दुख भोगता है।

चूंकि सभी शास्त्रों में यह कहा गया है कि मुक्ति पाने हेतु मनोनिग्रह करना चाहिए। यह जानने के बाद कि मनोनिग्रह ही सकल शास्त्रों का अंतिम उपदेश है, शास्त्र ग्रंथों का अपरिमित रूप से अध्ययन करते रहने का कोई प्रयोजन नहीं है। मनोनिग्रह करने के लिए 'मैं कौन हूं?' के द्वारा अपना अन्वेषण करना चाहिए। शास्त्र ग्रंथों में यह अन्वेषण कैसे किया जा सकता है?

अपने आपको अपने ज्ञान चक्षु से जानना चाहिए। क्या राम को 'मैं कौन हूं?' जानने के लिए दर्पण की आवश्यकता है? अहं पंचकोशों के भीतर है; शास्त्र ग्रंथ तो उनके बाहर है। अतः अपना अन्वेषण कर अपने पंचकोशों को भी दूर किया जाना चाहिए। इसे शास्त्र ग्रंथों में ढूंढ़ना व्यर्थ है। 'बंधन में पड़ा हुआ' 'मैं कौन हूं?' खोज द्वारा अपने यथार्थ स्वरूप को जान लेना ही मुक्ति है।

सदा सर्वदा मन को आत्मा में सुस्थित रखना ही आत्म-अन्वेषण कहलाता है। ध्यान में अपने को सच्चिदानंद की भावना करना है। जो कुछ सीखा गया है, वह सब एक दिन भूलना होगा। यदि कोई बाहर फेंकने योग्य कूड़े-करकट की जांच करने लगे तो वह जिस तरह बेकार है, ठीक उसी तरह उस व्यक्ति को भी अपने को जान लेना चाहिए। अपने को आवृत्त किए हुए सकल तत्वों को एक साथ दूर किए बिना, यदि उनकी गणना करता है या उनके गुणों का विवेचन करता है तो वह व्यर्थ है। प्रपंच को एक स्वप्न जैसा मानना चाहिए।

जाग्रत दीर्घ है और स्वप्न क्षणिक है; इसके अतिरिक्त इनमें कोई भेद नहीं है। जाग्रत में होने वाले व्यवहार जितने वास्तविक मालूम होते हैं, स्वप्न में होने वाले व्यवहार भी उसी तरह उतने ही वास्तविक दिखाई देते हैं। जाग्रत तथा स्वप्न दोनों अवस्थाओं में विचार एवं नाम रूप एक ही समय उपस्थित रहते हैं। शुभ मन और अशुभ मन दो नहीं हैं। मन एक ही है। वासनाएं ही शुभ एवं अशुभ दो प्रकार की होती हैं। मन जब शुभ वासनाओं के वशीभूत रहता है, तब वह शुभ मन तथा मन जब अशुभ वासनाओं के वशीभूत रहता है, तब वह अशुभ मन कहलाता है।

अहंता उदित होने पर सब कुछ उदित होगा; अहंता लीन होने पर सब कुछ विलीन हो जाएगा। हम जितना अधिक विनम्र हो आचरण करते हैं, उतना ही अधिक हमारा हित होगा। यदि मन निग्रहित किए रहें, तो चाहें कहीं भी रह सकते हैं।

> **जाग्रत दीर्घ है और स्वप्न क्षणिक है; इसके अतिरिक्त इनमें कोई भेद नहीं है। जाग्रत में होने वाले व्यवहार जितने वास्तविक मालूम होते हैं, स्वप्न में होने वाले व्यवहार भी उसी तरह उतने ही वास्तविक दिखाई देते हैं। जाग्रत तथा स्वप्न, दोनों अवस्थाओं में विचार एवं नाम रूप एक ही हैं।**

विचार

# क्रोध और घृणा को जीतने वाला ही सच्चा नायक है




दलाई लामा

कष्टकारी या नकारात्मक भाव अनेक तरह के होते हैं, जैसे: अहंकार, घमंड, ईर्ष्या, इच्छा, वासना, संकुचित विचारधारा आदि। परंतु इनमें क्रोध और घृणा को सबसे बुरा माना गया है क्योंकि करुणा एवं परोपकार के विकास में ये सबसे बड़ी बाधाएं हैं और ये व्यक्ति के समस्त गुणों और उसकी मानसिक शांति को नष्ट कर देते हैं।

क्रोध की बात करें तो यह दो तरह का होता है। एक प्रकार का क्रोध सकारात्मक होता है। यह मुख्य रूप से व्यक्ति की प्रेरणावश उत्पन्न होता है। करुणा या उत्तरदायित्व के भाव से प्रेरित होकर क्रोध पैदा हो सकता है। करुणा से प्रेरित होकर उत्पन्न हुआ क्रोध किसी सकारात्मक कार्य के लिए संवेग या उत्प्रेरक बन सकता है। ऐसे में, क्रोध जैसा भाव त्वरित कार्य को बल देता है। इससे ऐसी ऊर्जा पैदा होती है, जो व्यक्ति को जल्दी और निर्णायक ढंग से कार्य करने में मदद करती है। यह प्रेरणा का शक्तिशाली स्रोत बन सकता है। इसलिए, कभी-कभी क्रोध सकारात्मक होता है। हालांकि, अधिकतर मामलों में इस तरह का क्रोध संरक्षक बनकर अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है। यह ऊर्जा दिशाहीन होती है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि वह ऊर्जा अंत में रचनात्मक होगी अथवा विनाशकारी।

कुछ परिस्थितियों में क्रोध सकारात्मक हो सकता है, किंतु आमतौर पर क्रोध से दुर्भावना और घृणा ही पैदा होती है। जहां तक घृणा का प्रश्न है, यह कभी सकारात्मक नहीं हो सकती। इसका कोई लाभ नहीं होता। यह हमेशा पूरी तरह नकारात्मक होती है।



हम क्रोध और घृणा को सिर्फ दबा देने से समाप्त नहीं कर सकते। हमें घृणा के प्रतिकार– धैर्य एवं सहनशीलता को सक्रिय रूप से विकसित करना पड़ेगा। पहले हमने जिस मॉडल की चर्चा की थी, उसके अंतर्गत धैर्य तथा सहनशीलता को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए उत्साह एवं उसे पाने की तीव्र इच्छा की आवश्यकता होती है। आप में उत्साह जितना अधिक होगा, इस दौरान आने वाली परेशानियों को सहने की क्षमता उतनी ही अधिक होगी। जब आप धैर्य व सहनशीलता का अभ्यास करते हैं, तो असल में आप क्रोध एवं घृणा के विरुद्ध लड़ रहे होते हैं। चूंकि यह लड़ाई है, इसलिए आप जीतना चाहते हैं, लेकिन आपको इसमें पराजय के लिए भी तैयार रहना चाहिए। इस लड़ाई के दौरान अपको यह नहीं भूलना चाहिए कि आपको इस बीच अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके अंदर इन परेशानियों को झेलने की क्षमता होनी चाहिए। इस कठिन प्रक्रिया के दौरान जो व्यक्ति क्रोध और घृणा पर विजय पा लेता है, वही सच्चा नायक है।

# किसी को ऐश्वर्य देंगे शुक्र तो किसी को आध्यात्मिक ज्ञान

आस्था-अनास्था

डॉ. संजीव कुमार शर्मा

**जन्म-कुंडली में शुक्र ग्रह के बारह भावों में क्या फल होते हैं?**

–अक्षत, कानपुर

असुरों के गुरु शुक्र को भोग और सुख साधन का ग्रह माना जाता है। इनके 12 भावों में अलग-अलग फल होते हैं :

**प्रथम भाव :** इसमें कारक हों तो व्यक्ति सुखी, बुद्धिमान, कोमल स्वभाव का, युवा दिखाई देता है। अकारक हो तो भोग-विलास में पैसा उड़ाएगा।

**द्वितीय भाव :** कारक होने पर व्यक्ति सहयोगी, कलात्मक प्रवृत्ति, मधुर वाणी, चतुर वक्ता और कुटुंब के साथ अच्छा व्यवहार करने वाला होगा।

**तृतीय भाव :** व्यक्ति भाई-बहन से प्रेम करनेवाला, कंजूस और छोटी यात्राएं करेगा। नीच हो तो भाई-बहन से झगड़े होंगे या भाई या बहन बीमार होंगे।

**चतुर्थ भाव :** कारक हो तो व्यक्ति शांत, सुखी, सुखी गृहस्थ जीवन, मकान-वाहन सुख, माता से धन की प्राप्ति। अकारक हो तो मां के स्वास्थ्य की हानि। मकान या गाड़ी खरीदने में झंझट होगा।



**पंचम भाव :** कारक हो तो व्यक्ति विद्वान, सुखी, सट्टा-लॉटरी या व्यापार से पैसा अर्जित करेगा। मारक हो तो व्यक्ति स्त्रियों पर पैसा खर्च करेगा और उदर रोगी।

**षष्ठ भाव :** ऐसा व्यक्ति दुराचारी और संकीर्ण मनोवृत्ति का होगा। वह अस्वस्थ रहेगा।

**सप्तम भाव :** कारक हो तो व्यक्ति पिता से अधिक प्रभावशाली, उच्च स्तर का रहन-सहन, साझेदारी में लाभ। अकारक हो तो वैवाहिक जीवन दुखी।

**अष्टम भाव :** पत्नी रोगी और अल्पायु, असफल प्रेमी, माता को कष्ट तथा गुप्त कार्यों में समय बिताएगा।

**नवम भाव :** कारक हो तो व्यक्ति उदार, तपस्वी, प्रतिभाशाली, साहित्य में रुचि, राज्य से सम्मान। मारक है तो पिता रोगी होगा और पिता से अनबन। भाग्य में कमी।

**दशम भाव :** कारक होने पर व्यक्ति धनी, कलाकार, विद्वान, पैतृक संपत्ति का योग, कानून-विशेषज्ञ। माता-पिता का भक्त। नीच हो तो काम या व्यापार नहीं चलेगा।

**एकादश भाव :** कारक हो तो व्यक्ति प्रभावशाली, उदार, बुद्धिमान, रत्न व मनोरंजन के सामानों का व्यापार कर सकता है।

**द्वादश भाव :** में हो तो आध्यात्मिक मार्ग की ओर जा सकता है। विदेश यात्रा का योग भी होता है। अकारक हो तो कंजूस, अनैतिक कार्य करेगा।

## भेजें अपने सवाल

**स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?**

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें- धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

सप्ताह के व्रत-त्योहार

## 30 जनवरी से 05 फरवरी 2024 तक

**30 जनवरी (मंगलवार) :** माघ कृष्ण चतुर्थी प्रात: 08.55 मिनट तक पश्चात पंचमी।

**31 जनवरी (बुधवार) :** माघ कृष्ण पंचमी प्रात: 11.37 मिनट तक पश्चात षष्ठी।

**01 फरवरी (गुरुवार) :** माघ कृष्ण षष्ठी दोपहर 02.04 मिनट तक पश्चात सप्तमी। भद्रा दोपहर 02.04 मिनट से रात्रि 03.04 मिनट तक।

**02 फरवरी (शुक्रवार) :** माघ कृष्ण सप्तमी सायं 04.03 मिनट तक पश्चात अष्टमी। स्वामी विवेकानंद जयंती। सर्वाप्त सप्तमी।

**03 फरवरी (शनिवार) :** माघ कृष्ण अष्टमी सायं 05.21 मिनट तक पश्चात नवमी। कालाष्टमी। अष्टका श्राद्ध। श्री रामानंदाचार्य जयंती।

**04 फरवरी (रविवार) :** माघ कृष्ण नवमी सायं 05.50 मिनट तक पश्चात दशमी। भद्रा रात्रि 05.38 मिनट (सूर्योदय पूर्व) से।

**05 फरवरी (सोमवार) :** माघ कृष्ण दशमी सायं 05.25 मिनट तक पश्चात एकादशी। भद्रा सायं 05.25 मिनट तक। गंडमूल प्रात: 07.54 मिनट बाद।

पं. ऋभुकांत गोस्वामी

बोध कथा

# छोटे-छोटे शुभ कर्म भी तुच्छ नहीं होते



बहुत पुरानी बात है। एक नगर में बिलाल्पादक नाम का एक धनी व्यापारी रहता था। लेकिन वह बहुत कंजूस और स्वार्थी था। किसी की मदद करना तो जैसे उसे आता ही नहीं था। उसके पड़ोस में एक निर्धन व्यक्ति रहता था। निर्धन होने के बावजूद वह परोपकारी था। दूसरों की मदद के लिए वह हमेशा तैयार रहता था।

एक बार उस गरीब पड़ोसी ने सोचा कि भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों को अपने घर भोजन पर आमंत्रित किया जाए। यह सोचकर उसने भगवान बुद्ध से अपने शिष्यों सहित अपने घर पर भोजन करने का आग्रह किया। बुद्ध ने उसके निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।

उस निर्धन व्यक्ति ने सोचा कि बुद्ध के आने के अवसर पर उनके शिष्यों के अलावा और लोगों को भी भोजन के लिए बुलाना चाहिए, जिससे इस अवसर का अन्य लोग भी अधिक-से-अधिक लाभ उठा सकें। ऐसा विचार करके उसने नगर के अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया। इस क्रम में उसने अपने धनवान पड़ोसी बिलाल्पादक को भी भोजन का निमंत्रण दिया।

भोज से दो-तीन दिन पहले पड़ोसी ने नगर में घूम-घूमकर भोज समारोह के लिए दान मांगा। सभी ने अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दिया। अपने उस गरीब पड़ोसी को घर-घर दान मांगते देख बिलाल्पादक ने मन-ही-मन सोचा कि जब इतनी सामर्थ्य नहीं थी, तो इतना बड़ा आयोजन क्यों किया। अपना पेट तो ठीक से भर नहीं पाता तो फिर बुद्ध और उनके शिष्यों सहित दूसरे अतिथियों को भोजन कैसे करवाएगा। अब यह जरूर मेरे घर भी आएगा। वह अभी यह सोच ही रहा था कि उसका पड़ोसी उसके पास दान मांगने के लिए आ गया। बिलाल्पादक ने उसे थोड़ा सा घी, शहद और नमक दे दिया। पड़ोसी ने खुशी-खुशी उसके दान को ग्रहण किया और अपने घर ले गया। बिलाल्पादक को यह देख कर हैरानी हुई कि उसके पड़ोसी ने उसके दिए हुए दान को अन्य व्यक्तियों के दिए दान से अलग रखा है। उसे लगा कि वह उसे सबके सामने अपमानित करना चाहता है कि इतने धनी व्यक्ति ने उसे इतना तुच्छ दान दिया है। उसने अपने नौकर को उस पड़ोसी के घर यह पता लगाने के लिए भेजा कि वह क्या कर रहा है। नौकर ने आकर बताया कि उसने बिलाल्पादक की दान सामग्री को थोड़ा-थोड़ा सा लेकर अन्य खाद्य सामग्री में मिला दिया। लेकिन उसे नौकर की बात पर विश्वास नहीं हुआ। भोज वाले दिन वह यह सोचकर अपने कपड़ों में कटार छिपाकर ले गया कि अगर उसके पड़ोसी ने उसकी निंदा की तो वह उसे मार डालेगा। लेकिन तभी उसके कानों में अपने पड़ोसी का स्वर सुनाई दिया, जो बुद्ध से कह रहा था कि भगवन मैंने आपके भोजन के लिए जो सामग्री प्रस्तुत की है, उसमें सभी नगरवासियों का सहयोग है। सभी ने पूरी श्रद्धा और उदारता के साथ इस आयोजन के लिए दान दिया है। पड़ोसी के यह शब्द सुनकर बिलाल्पादक को अपने उपर बहुत शर्मिंदगी हुई। उसने सभी के सामने अपने उस निर्धन पड़ोसी से अपनी तुच्छ सोच के लिए क्षमा मांगी। बुद्ध ने वहां उपस्थित सभी व्यक्तियों से कहा कि शुभ कार्य चाहे कितना भी छोटा हो, लेकिन उसका महत्व कम नहीं होता। छोटे-छोटे शुभ कर्म, कभी तुच्छ नहीं होते।

अश्वनी कुमार

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परंतु मन कुछ अशांत हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृष :** मन प्रसन्न तो रहेगा। परंतु कुछ अशांत भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी अति उत्साहित होने से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** मन अशांत हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक हो सकती है। यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

**सिंह :** वाणी में मधुरता रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। पिता का सान्निध्य मिलेगा।

**तुला :** कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। शैक्षिक व शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। ससुराल की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है।

**धनु :** कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। कारोबार के लिए परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर :** मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। कारोबार के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मीन :** संतान सुख में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बनेंगे।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

30 जनवरी, मंगलवार, 10 माघ (सौर) शक संवत् 1945, 17 माघ मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 18, रज्जब सन् 1445, माघ कृष्ण चतुर्थी (विक्रमी संवत्) प्रात: 08.55 मिनट तक पश्चात पंचमी, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10.06 मिनट तक तदनंतर हस्त नक्षत्र, अतिगंड योग प्रात:10.43 मिनट तक तदनंतर सुकर्मा योग, बालव करण, चंद्रमा कन्या राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। शरद् ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्।


### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**मैंने एक नया स्टार्टअप शुरू किया है, परंतु उसमें बहुत अड़चनें आ रही हैं। कृपया कोई उपाय बताएं?**

किआन, मुंबई

- आप अपना मुंह दक्षिण दिशा से बदल कर उत्तर अथवा पूर्व दिशा की ओर कर लें।
- किसी धार्मिक स्थल की सीढ़ी की सफाई कम-से-कम दस दिन तक करें।
- नियमित रूप से अपने माथे पर केसर का तिलक करें।
- ऑफिस में नियमित रूप से चंदन की धूप जलाएं।
- चांदी का ठोस टुकड़ा अपने पास रखें।
- कॉफी वाली टॉफी बाटें।

### वर्ग पहेली : 7498



**बाएं से दाएं**

3. किसी कार्य को निजी क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाना; विराष्ट्रीयकरण (5)
5. धीरे-धीरे रोना; सिसकियां भरना; सुबक-सुबक कर रोना (4)
6. गोदी; पत्तन; पोतघाट; समुद्र किनारे बसा नगर जहां जहाज ठहरते हैं (5)
8. बिना रेशे की गूदेदार जड़ (2)
9. बात मनवाने के लिए किसी के पास या द्वार पर अड़ कर बैठना; रखना; ठहरना; स्थापित करना (3)
10. कुशल; चतुर; निपुण (2)
13. कोलाहलपूर्ण स्थान; नक्कारा बजाने की जगह; नौबतखाना (5)
14. गरमी के कारण नाक से खून का निकलना (4)
15. किसी कोने में की जाने वाली सभा; नाका सभा (3,2)

**ऊपर से नीचे**

1. असुर वध; दैत्य नाश; असुर नाशक; दैत्य संहारक (7)
2. सूख कर कड़ा हो जाना; ऐंठना; ठिठुरना; सख्त पड़ना; हठ करना (4)
4. काटना; छांटना; छोटा करना (4)
6. काम रोके रखना; ताला न खोलना (2,3)
7. अपने हस्तलेख में अपना नाम लिखना (4,3)
11. मारकाट; मारपीट; लड़ाई; हिंसा-प्रतिहिंसा (4)
12. भटकना; पथभ्रष्ट होना; चूकना; आपे में न रहना (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7497 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 च | ■ | 2 स | 3 म | सा | 4 म | वि | 5 क |
| 6 ले | ट | ना | ■ | द | ■ | धु | ■ | ह |
| ■ | प | ■ | 7 क | द | 8 म | र | ख | ना |
| 9 लो | टा | ■ | था | ■ | न | ■ | ■ | मा |
| क | ■ | 10 सै | वा | क | र | ना | ■ | न |
| तु | ■ | ■ | च | ■ | ख | ■ | 11 पा | ना |
| 12 भा | वु | 13 के | क | 14 र | ना | ■ | न | ■ |
| व | ■ | ले | ■ | पता | ■ | 15 वि | दा | ई |
| 16 न | व | जा | ग | र | ण | ■ | न | ■ |

### सुडोकू : 7483

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | | 5 | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | |
| | | 7 | | | 9 | 2 | 4 | 1 |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 6 | | | | 3 |
| | 5 | | | | | | | |
| 4 | 7 | 9 | 5 | | | 1 | | |
| | 2 | | | 7 | 1 | | | |
| | 1 | | | | | | | 8 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7482

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |

# ईडी दफ्तर के बाहर देर शाम तक डटे रहे मीसा समेत कई नेता और समर्थक

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के ईडी जोनल कार्यालय में सुबह पूछताछ के लिए पहुंचने के साथ ही राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा भी पहुंच गया। कार्यालय के मेन गेट से उनके अंदर जाते ही साथ आई बेटी सांसद मीसा भारती समेत अन्य को बाहर ही रोक दिया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी।

बीच-बीच में हंगामा और नारेबाजी बढ़ती रही। इससे मुख्य सड़क भी जाम हो गई, जिसे पुलिस बल ने थोड़ी देर बाद खाली करा दिया। कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच सांसद मीसा भारती समेत कई पार्टी नेताओं के बयान का क्रम भी जारी रहा। सुबह यह सूचना मिली कि ईडी लालू प्रसाद के 10 सर्कूलर रोड स्थित सरकारी आवास में ही पहुंच कर पूछताछ करेगी। लेकिन, थोड़ी देर की ऊहापोह के बाद यह स्पष्ट हो गया कि लालू प्रसाद ही ईडी कार्यालय पहुंच रहे हैं और ऐसा ही हुआ। उनके यहां पहुंचने के कुछ ही समय बाद कई नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचने लगे। ईडी कार्यालय के सामने मौजूद दादीजी मंदिर में सांसद मीसा भारती समेत अन्य सभी नेता कुर्सी लगाकर बैठ गए। नेताओं के अलावा कार्यकर्ताओं का हुजूम देर शाम तक ईडी कार्यालय के सामने जमा रहा और नारेबाजी भी होती रही। इसे देखते हुए ईडी कार्यालय के बाहर सीआरपीएफ की एक बटालियन की तैनाती शाम करीब 6 बजे कर दी गई।

कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सीआरपीएफ जवानों ने अपने अधीन ले लिया और चौकसी भी बढ़ा दी गई।


पटना में सोमवार को लालू की बेटी व सांसद मीसा भारती ईडी दफ्तर गईं।

## चुनाव आते ही परिवार को परेशान करते हैं : मीसा

सांसद मीसा भारती ने कहा कि जब भी चुनाव का समय आता है, उनके परिवार को इसी तरह से परेशान किया जाता है। सिर्फ लालू यादव ही नहीं हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल से लेकर बंगाल और महाराष्ट्र तक सिर्फ विपक्षी दल और इससे जुड़े नेता पर कार्रवाई क्यों हो रही है। भाजपा डरी हुई है, इसी कारण यह सब कुछ हो रहा है।

## बीच-बीच में थोड़ा झल्लाए और उठकर घूमे भी लालू

ईडी की तरफ से 50 से अधिक सवालों की लंबी सूची का एक-एक कर जवाब देने के क्रम में लालू प्रसाद थोड़ा झल्लाए भी, बीच-बीच में थोड़ा उठकर घूमे भी। ताकि थोड़ा रिलैक्स हो सकें। जवाब देने में लालू ने औसतन 90 सेकंड से अधिक का समय लिया।

# ईडी के नाम पर वोट के लिए धमकाया जा रहा : ममता

आरोप


सीएम बोलीं, घर आएगी सीबीआई-ईडी कहकर कर रहे फोन


कूच बिहार, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो वोट के लिए लोगों को धमका रही है। लोगों को फोन पर धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने वोट नहीं दिया तो उनके घर पर केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दिया जाएगा।

ममता ने सोमवार को कूच बिहार में कहा कि भाजपा चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वह लोगों को फोन करके धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने उसे वोट नहीं दिया तो ईडी और सीबीआई के अधिकारी उनके घर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह किसी विशेष भगवान की पूजा करने के भाजपा के किसी भी आदेश को नहीं मानेंगी। मैं रामायण, कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहिब का अनुसरण करती हूं। मैं गरीबों के घर जाने पर बाहर का भोजन कर नाटक नहीं करती।

**साजिश में मत फंसना:** ममता ने लोगों से कहा कि आप किसी साजिश में मत फंसना। मैं आपकी रक्षा के लिए शेरनी की तरह हमेशा आपके साथ हूं।

देश 30S

## बेटी ने संघ को बुरा नहीं कहा : रजनीकांत



चेन्नई। सुपर स्टार रजनीकांत ने कहा है कि उनकी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने संघी को बुरा शब्द नहीं कहा है। उन्होंने सिर्फ अपनी राय रखी थी कि मैं धार्मिक व्यक्ति हूं। ऐश्वर्या रजनीकांत ने कहा था कि उनके पिता धार्मिक व्यक्ति हैं और सभी धर्मों को प्यार करते हैं। वो संघी नहीं हैं। अभिनेता बोले, प्रचार पाने के आरोप गलत हैं।

## ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) विधायक से की पूछताछ

मुंबई। मुंबई के पश्चिमी हिस्से जोगेश्वरी में एक लग्जरी होटल के निर्माण में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर से नौ घंटे तक पूछताछ की। अधिकारी ने कहा कि वाइकर दोपहर को केंद्रीय एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय पहुंचे और रात 9 बजे चले गए।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पुश्तैनी घर गांव को सौंपा

रोहतक। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक जिले के बनयानी में स्थित अपने पुश्तैनी घर को बच्चों के लिए ई-पुस्तकालय बनाने के लिए गांव को सौंपने की घोषणा की। आज सुबह अपने पैतृक गांव पहुंचे मुख्यमंत्री कहा कि यह गांव मेरे लिए खास है क्योंकि मैंने अपना बचपन यहीं बिताया है।

सूचना

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
द्वारा अपने प्रमुख एक्सपो के 38वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है

38वां आहार
अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला
मार्च | 7-11 | 2024 | भारत मंडपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली

प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए ऑनलाइन बुकिंग

क. चरण-2 के अंतर्गत सभी बूथ साइज (12 वर्गमीटर और उससे अधिक) के लिए ऑनलाइन बुकिंग 31 जनवरी 2024 को सुबह 11.30 बजे से शुरू होगी।

- ऑनलाइन स्पेस बुकिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया (कंपनी पंजीकरण और मेला विशिष्ट पंजीकरण) को पूरा करना अनिवार्य है।
- आईटीपीओ के पोर्टल https://domesticbooking.indiatradefair.com/ के माध्यम से स्पेस बुकिंग प्रक्रिया अनिवार्य रूप से 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर होगी।
- हॉल लेआउट, संबंधित उत्पाद प्रोफाइल, ऑनलाइन स्पेस बुकिंग पोर्टल के लिए लिंक और अन्य उचित संबंधित विवरण आईटीपीओ की कॉर्पोरेट वेबसाइट https://indiatradefair.com/ और माइक्रो-साईट https://indiatradefair.com/aahardelhi/ पर भी उपलब्ध होंगे।
- तकनीकी प्रश्नों के समाधान हेतु, तकनीकी सहायता केंद्र पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच में लैंडलाइन नंबर 011-23378808 एवं ईमेल: technicalsupport@itpo.gov.in पर संपर्क करें।



# रांची में विधायक सीएम आवास पर जमे रहे

झारखंड

रांची/नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड की राजनीति एक बार फिर गर्म हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी के पहुंचने की सूचना मिलते ही सोमवार सुबह से मंत्रियों और महागठबंधन के विधायकों का रांची स्थित सीएम आवास पर आगमन होने लगा।

सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के विधायकों और मंत्रियों को रांची पहुंचने का निर्देश दिया गया। शाम होते-होते मंत्री और अधिकांश विधायक रांची पहुंच गये। देर शाम मंत्री व विधायकों का मुख्यमंत्री आवास में जुटान हुआ और वर्तमान राजनीतिक हालात पर मंथन किया गया। एकजुट रहने पर बात हुई।

## सोरेन पर दिल्ली से रांची तक गहमागहमी



नई दिल्ली, विसं। ईडी की टीम सोमवार को पूछताछ के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर पर पहुंची थी। वह घर पर मौजूद नहीं थे और ईडी उनका पता नहीं लगा सकी। ईडी ने कुछ दिन पहले ही मनी लॉड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दसवां समन जारी कर उन्हें 29 से 31 जनवरी को पेश होने के लिए कहा था। झारखंड भवन के कर्मचारियों के सोरेन के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार के बाद ईडी ने मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद उनके ड्राइवर से भी पूछताछ की। सुरक्षा बंदोबस्त के बाद यह कयास लगाए जाने लगे थे कि ईडी हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर सकती है। इसके बाद दिल्ली से लेकर रांची तक कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**राज्यपाल संज्ञान लें :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और मूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इससे चिंताजनक और क्या हो सकता है कि संवैधानिक पद पर बैठे एक राज्य के मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल तोड़कर गायब हो जाएं और राज्य को भगवान भरोसे छोड़ दें।

**चाहते हैं राष्ट्रपति शासन :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है।

आर्मी पब्लिक स्कूल, नोएडा
अरुण विहार, सेक्टर-37, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201303
Phone: 0120-2430430, 2430432

प्रवेश आरंभ
बालवाटिका (नर्सरी)
सत्र 2024-25

पात्रता : आयु (वर्षों में) 31 मार्च 2024 को 3 या 3+
(1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक जन्मे बच्चे)

आर्मी पब्लिक स्कूल, नोएडा सत्र 2024-25 के लिए बालवाटिका (नर्सरी) में प्रवेश की शुरूआत कर रहा है।

प्रमुख विशेषताएं
- NEP 2020 के अनुसार पेडागोजी
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं
- ई-लर्निंग सुविधाएं
- जिम, स्कॉश, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट
- प्रशिक्षित खेल सुविधा

आवेदन पत्र सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच स्कूल कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

सिविलियन छात्रों के लिए प्रवेश सीटों की उपलब्धता के आधीन है।

# निविदा घोटाले में सीबीआई की कई जगह छापेमारी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सीबीआई ने किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में सिविल कार्यों हेतु निविदाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले की चल रही जांच में लगभग आठ स्थानों पर छापेमारी की है।

सीबीआई ने चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किरू जलविद्युत परियोजना में सिविल कार्यों हेतु निविदा प्रदान करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले की जारी जांच में दिल्ली तथा जम्मू एवं कश्मीर में लगभग 8 स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी में 21 लाख रुपये से अधिक की नकद धनराशि के अतिरिक्त डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति के दस्तावेज, आपत्तिजनक दस्तावेज भी एजेंसी ने बरामद किए।

जम्मू-कश्मीर सरकार से प्राप्त संदर्भ पर सीवीपीपीपीएल के तत्कालीन चेयरमैन, तत्कालीन प्रबंध निदेश, तत्कालीन निदेशकों, एक निजी कंपनी एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध वर्तमान में मामला दर्ज किया गया।

SWEATSHIRT
Jackets & Sweaters
SALE
Hi-Fashion winter collection 2023-24
Branded Sweaters, Jackets, Sweat Shirts & Lowers
upto 60% off
MEN WOMEN & KIDS WEAR
By Economy Sales: 9212758425
ARROW Raymond ColorPlus Levi's PARK AVENUE
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

## 'बच्चों के खिलाफ अब अपराध छिपाए नहीं जाते'

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सोमवार को कहा कि जनजागरूकता बढ़ी है। इसके फलस्वरूप बच्चियों के साथ यौन अपराधों के दर्ज होने वाले इतने मामले सामने आए।

ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सशक्त प्रणाली विकसित की गई है। अब बच्चों के साथ होने वाले अपराध छिपाए नहीं जाते हैं, अपराधी दंडित किए जाते हैं। आयोग की यह प्रतिक्रिया एक एनजीओ की रिपोर्ट के बाद आई है। रिपोर्ट में कहा गया था कि 2016 और 2022 के बीच मामले 96% बढ़े।

## डीएमएफ, कस्टम चावल मिल कथित घोटाले में केस दर्ज

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा/एसीबी ने ईडी की शिकायत के आधार पर जिला खनिज फाउंडेशन और कस्टम चावल मिल कथित घोटालों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। ईडी ने कांग्रेस सरकार के समय दोनों मामलों से संबंधित कथित घोटालों की जांच शुरू की थी।

अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इस महीने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और इसमें नौकरशाहों, ठेकेदारों और अन्य को आरोपी बनाया गया है।

गेल GAIL

# गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

IEW INDIA ENERGY WEEK 2024




31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु गैर-लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणाम का सारांश

(करोड़ ₹ में स्वत: स्पष्ट को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माही | | समाप्त वित्तीय वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माही | | समाप्त वित्तीय वर्ष |
| | | 31 दिसंबर 2023 | 31 दिसंबर 2022 | 31 दिसंबर 2023 | 31 दिसंबर 2022 | 31 मार्च 2023 | 31 दिसंबर 2023 | 31 दिसंबर 2022 | 31 दिसंबर 2023 | 31 दिसंबर 2022 | 31 मार्च 2023 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 34,253.52 | 35,380.38 | 98,303.61 | 111,443.41 | 144,301.61 | 34,767.84 | 35,939.96 | 100,666.30 | 112,610.97 | 145,875.03 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और / या असाधारण मद पूर्व) | 3,693.99 | 222.67 | 8,712.80 | 5,992.94 | 6,583.81 | 4,074.77 | 662.07 | 9,495.74 | 6,567.48 | 7,256.38 |
| 3 | अवधि हेतु कर पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या असाधारण मद पश्चात) | 3,693.99 | 222.67 | 8,712.80 | 5,992.94 | 6,583.81 | 4,074.77 | 662.07 | 9,495.74 | 6,567.48 | 7,256.38 |
| 4 | अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या असाधारण मद पश्चात) | 2,842.62 | 245.73 | 6,659.51 | 4,697.99 | 5,301.51 | 3,193.34 | 397.59 | 7,428.50 | 4,953.15 | 5,595.89 |
| 5 | अवधि हेतु कुल विस्तृत आय (अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) सहित). | 3,044.81 | 1,012.68 | 8,295.53 | 3,954.17 | 4,464.14 | 3,334.75 | 914.82 | 8,895.63 | 4,183.30 | 5,013.35 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 |
| 7 | रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के अलावा) | | | | | 44,284.44 | | | | | 52,295.70 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | | | | | |
| 9 | निवल मूल्य | 57,547.86 | 52,880.78 | 57,547.86 | 52,880.78 | 50,859.54 | | | | | |
| 10 | बकाया ऋण | 14,195.16 | 12,094.80 | 14,195.16 | 12,094.80 | 14,308.74 | | | | | |
| 11 | बकाया विमोच्य वरीयता शेयर | - | - | - | - | - | | | | | |
| 12 | ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में) | 0.23 | 0.21 | 0.23 | 0.21 | 0.22 | | | | | |
| 13 | प्रति शेयर आय (रु में) (अंकित मूल्य 10/- प्रत्येक (चालू एवं बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल | 4.32 | 0.37 | 10.13 | 7.12 | 8.04 | 4.86 | 0.63 | 11.30 | 7.55 | 8.52 |
| | (ख) तनुकृत | 4.32 | 0.37 | 10.13 | 7.12 | 8.04 | 4.86 | 0.63 | 11.30 | 7.55 | 8.52 |
| | (तिमाही एवं नौ माह हेतु ईपीएस का वार्षिकीकरण नहीं किया गया) | | | | | | | | | | |
| १४ | पूंजी रिडेम्पशन रिज़र्व | 126.74 | 126.74 | 126.74 | 126.74 | 126.74 | | | | | |
| १५ | ऋण सेवा आवृत अनुपात (गुना में) | 4.00 | 1.73 | 3.39 | 4.44 | 3.73 | | | | | |
| १६ | ब्याज सेवा आवृत अनुपात (गुना में) | 16.46 | 4.36 | 12.98 | 16.89 | 13.33 | | | | | |

टिप्पणियाँ :-
1. उपर्युक्त भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 एवं विनियम 52 के अधीन विस्तृत प्रारूप में स्टॉक एक्सचेंज में फाइल किए गए 31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणामों का सारांश है। वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर उपलब्ध है।
2. उपर्युक्त परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) के अनुसार है, जिसे उसके अंतर्गत जारी किए गए प्रासंगिक नियमों और सामान्यत: भारत में स्वीकार किए गए अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा जाए।
3. विनियम 52 (4) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में संदर्भित अन्य लाइन आइटम के लिए स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर प्रासंगिक प्रकटीकरण किये गए हैं।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को, चालू अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहां कहीं आवश्यक है, पुन: समूहीकृत किया गया है।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
(आर. के. जैन)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(डीआईएन: 08788595)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29 जनवरी 2024

(सीआईएन : L40200DL1984GOI018976)
पंजीकृत कार्यालय: गेल भवन, 16 भिकाईजी कामा प्लेस, आर के पुरम, नई दिल्ली - 110066

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities हमे फॉलो करें

# राम राज बैठे त्रैलोका। हरषित भए गए सब सोका॥

22 जनवरी 2024 पौष मास, शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि, अभिजीत मुहूर्त के विशेष 84 सेकंड सदा के लिए इतिहास में दर्ज हो गये हैं। पुराणों के अनुसार विष्णुपुरी, संहिताओं के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी और आगमों के अनुसार धरती का बैकुंठ कही जाने वाली अयोध्या अपने रामलला के निज भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होने के साथ ही अपने नवसृजन के साथ अप्रतिम स्वरुप ले रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के साथ ही युगों पुरानी परंपराओं, लोक आस्थाओं और मान्यताओं को आधुनिक अपेक्षाओं में संवारने का उपक्रम भी तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत भावपूर्ण अनुश्रवण-पर्यवेक्षण से अयोध्या अपना त्रेता युगीन वैभव प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। अयोध्या के स्वरूप में यह चित्ताकर्षक परिवर्तन 31 हजार करोड़ रुपये की 178 परियोजनाओं से आकार ले रहा है। इस पावन नगरी को उसके पूरे महत्वबोध के साथ विकसित किया जा रहा है। अब हम सभी नये भारत की नयी अयोध्या का दर्शन कर रहे हैं।



"आने वाला समय अब सफलता का है, सिद्धि का है। यह भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा- भारत के उत्कर्ष का, भारत के उदय का, यह भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा भव्य भारत के अभ्युदय का, विकसित भारत का। यह मंदिर सिखाता है कि अगर लक्ष्य, सत्य प्रमाणित हो, अगर लक्ष्य, सामूहिकता और संगठित शक्ति से जन्मा हो, तब उस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव नहीं है। यह भारत का समय है और भारत अब आगे बढ़ने वाला है"

**-नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

21 लाख श्रद्धालुओं ने पहले 7 दिन में श्रीराम लला के दर्शन किया

10 लाख दीपों का प्रज्ज्वलन








"500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद आए प्रभु श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर पूरा भारत भावविभोर और भाव विह्वल है। श्री अवधपुरी में श्री रामलला का विराजना भारत में 'रामराज्य' की स्थापना की उद्घोषणा है। 'सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती' की परिकल्पना साकार हो उठी है"

**-योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश


## 84 सेकंड के संजीवनी मुहूर्त में हुई प्राण प्रतिष्ठा

84 सेकंड

- **13** सेकंड में मंत्र द्वारा आरती प्रारंभ होते ही भगवती गायत्री का स्मरण
- **8** सेकंड का विशिष्ट मंत्र भगवान की आरती से ठीक पहले
- **4** सेकंड का प्राण स्थिरीकरण का मंत्र
- **8** सेकंड में नमस्कार का मंत्र
- **4** सेकंड में 28 ब्राह्मण विग्रह के अंग-प्रत्यंग में देव शक्तियों के आह्वान का मंत्र
- **47** सेकंड में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मंत्र

## मंदिर में क्या, कहां से लाकर लगाया गया

- गिट्टी, मध्य प्रदेश से, राख, रायबरेली व सफेद मार्बल मकराना से
- ग्रेनाइट, तेलंगाना और कर्नाटक, लकड़ी महाराष्ट्र के बल्लारशाह से
- मुंबई के व्यापारी ने दरवाजों पर चढ़ाया गया सोना भेंट किया
- रामलला की मूर्ति के लिए कर्नाटक से पत्थर लाया गया
- आभूषण लखनऊ की एक फर्म ने जयपुर के कारीगरों से बनवाया
- मंदिर के द्वार पर लगे हाथी राजस्थान के शिल्पकार द्वारा बनाए गये
- लकड़ी का काम तमिलनाडु व केरल के कारीगरों ने हैदराबाद की फर्म के जरिये किया




### आस्था ट्रेन

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की स्थापना होने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। नगर में भारी भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेलवे ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अयोध्या जाने वाली आस्था ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इसमें सभी कोच नॉन एसी और स्लीपर होंगे। जानकारी के मुताबिक, टिकट की कीमत में शाकाहारी भोजन, कंबल और तकिया दिया जायेगा। अवधपुरी को देहरादून, हरिद्वार, पुरी, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी, साबरमती सहित अन्य धार्मिक पर्यटन स्थलों से जोड़ा जायेगा। इसके अलावा दक्षिण भारत, दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गोवा, गुजरात, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान व अन्य प्रांतों से ट्रेनों का संचालन किया जायेगा।

### स्पेशल बस सेवा

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए 300 स्पेशल बसें 6 मार्गों पर चलाई गयी हैं। बसों के संचालन के लिए तीन स्थान निर्धारित किये गए हैं। इन बसों के संचालन के लिए परिवहन विभाग की विशेष टीम गठित की गई है, जो यात्रियों की सुविधा के लिए 24 घंटे चिह्नित स्थलों से यात्रियों को सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। इन स्पेशल बसों को हाइवे स्थित साकेत पुल, अयोध्या डिपो बस स्टेशन व नाका चौराहा से संचालित किया जाएगा। इन बसों का संचालन बस्ती-गोरखपुर, बाराबंकी-लखनऊ, अकबरपुर-आज़मगढ़-वाराणसी, गोण्डा- बहराइच, सुलतानपुर- प्रयागराज- वाराणसी एवं रायबरेली मार्ग पर किया जायेगा। जल्द ही सरकार द्वारा 600 बसों के संचालन की योजना है।

### वनटांगियों ने मचाई धूम



अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इनमें वनटांगिया समुदाय की महिलाओं द्वारा रामपथ पर प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र बना। इससे पहले यह टीम जी 20 समारोह में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। गोरखपुर, तिकोनिया नंबर तीन के वनटांगियों की टीम की सदस्य ज्योति और रितिमा ने कहा कि जीवन में नहीं सोचा था कि यहां तक आएंगे और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बन मंच पर अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।

### अयोध्या और राम मंदिर के नाम पर बने ऐप दे रहे जानकारी

अयोध्या में भव्य मंदिर के लोकार्पण और श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही वर्चुअल बाजार भी तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया पर श्रीराम मंदिर और अयोध्या के प्रति जिज्ञासा शांत करने के लिए प्ले स्टोर पर कई ऐप भी आ गए हैं। इनसे लोगों को वहां की जानकारी दी जा रही है। इन पर भक्ति-भाव की अन्य जानकारियां भी हैं।

#### राम मंदिर गेम नामक ऐप

श्रीराम मंदिर के नाम पर गेम वाला ऐप भी आ गया है। प्ले स्टोर पर राम मंदिर गेम नामक ऐप के जरिये एक श्रद्धालु को मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजन और पुष्प अर्पित करने का टास्क दिया गया है। बच्चों को आकर्षित करने के लिए कार्टून कैरेक्टर भी बनाये गये हैं।

#### विभिन्न ऐप दे रहे कई जानकारियां

होली अयोध्या (Holy Ayodhya), राम मंदिर अपडेट्स, राम मंदिर वॉलपेपर अयोध्या, राना फोटो फ्रेम, राम मंदिर अयोध्या फोटो फ्रेम जैसे ऐप काफी प्रसिद्ध हो रहे हैं। राम मंदिर अपडेट्स में अब मंदिर निर्माण के साथ ही वर्तमान गतिविधियों को दिखाया जा रहा है।

#### मेरे राम ऐप पर श्रीराम की जीवन गाथा

मेरे राम नामक ऐप पर श्रीराम की जीवन गाथा, स्तुति, वंदना के बारे में विस्तार से बताया गया है। वहीं श्री मंदिर नामक ऐप में भी मंदिर की छोटी-बड़ी जानकारियां मुहैया कराई जा रही हैं। अयोध्या घूमने और जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इन तमाम ऐप की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

### प्रतिदिन 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था

अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी, आश्रय स्थल और डॉरमेट्री आदि का प्रबंध है। वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) के लिए ठहरने की व्यवस्था है। इसी तरह 171 धर्मशालाओं व गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। इन 2742 कमरों में 4 लोग (प्रति कमरा) तथा 17 हॉल में 5 लोग (प्रति कमरा) के ठहरने की व्यवस्था के हिसाब से माना जा रहा है कि 11000 से अधिक पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन-पूजन कर सकते हैं। होम स्टे-पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलहाल यहां 570 संपत्तियां इसके लिए तैयार हो चुकी हैं, जिनमें प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था है। इसी तरह सरकारी स्तर पर 200-200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है।

"प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भारत की पहचान, स्वाभिमान और आत्मविश्वास का प्रतीक है। पूरे विश्व में दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। भगवान राम देश के स्वाभिमान हैं।
**स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज,** कोषाध्यक्ष, मंदिर न्यास

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह भव्य रहा। हम भावविभोर हो रहे हैं। देशभर में तृप्ति का अनुभव है।
**श्रीश्री रवि शंकर** आध्यात्मिक गुरु

मैं भावुक हूं। मेरी वही स्थिति है, जो वनवास से श्रीराम जी के लौटने के बाद वशिष्ठ जी की थी।
**स्वामी रामभद्राचार्य** जगद्गुरु

आज भारत के लिए गौरव का दिवस है, भारत आज नया आयाम लिख रहा है। राम राज्य का प्रारंभ हो गया है। हमारे हनुमान जी खूब नाच रहे हैं। रामजी के महोत्सव पर हम बहुत प्रसन्न हैं। विश्व को शुभकामनाएं।
**धीरेंद्र शास्त्री** पीठाधीश्वर, बागेश्वर धाम

जब रामलला टेंट में थे, तब हम यहां आए थे। आज एक भव्य मंदिर बन रहा है। आज सनातन का एक नया इतिहास रचा जा रहा है।
**बाबा रामदेव** योग गुरु"

"मुझे लगता है कि इस धरती पर सबसे भाग्यशाली हूं। कभी-कभी सोचता हूं कि जैसे मैं सपनों की दुनिया में हूं।
**अरुण योगीराज** मूर्तिकार, श्रीरामलला

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि यहां मौजूद रहा। मैं हर साल अयोध्या आऊंगा।
**रजनीकांत** अभिनेता

यह असली दिवाली है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अच्छाई और त्याग की भावना के प्रतीक हैं। आज, उन भावनाओं को यहां देखा जा सकता है
**अनुपम खेर** अभिनेता

अयोध्या में राम मंदिर की अद्भुत वास्तुकला यहाँ आने वाले व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए तैयार है। श्रीराम का आशीर्वाद पाकर खुशी हुई।
**सचिन तेंदुलकर** पूर्व क्रिकेटर

यह एक बहुत ही दिव्य अवसर है। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूँ। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।
**अनिल कुंबले** पूर्व क्रिकेटर"

हिन्दुस्तान मीडिया मार्केटिंग इनीशिएटिव


# विश्वेश्वर मंदिर में थे नौ मंडप, पश्चिमी हिस्से पर सरोवर


**सर्वे रिपोर्ट-1**

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** एएसआई की सर्वे रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो चुका है कि ज्ञानवापी में पहले शिवमंदिर था। पुराणों में भी उससे जुड़े कई साक्ष्य मिलते हैं। बीएचयू में ज्योतिष विभाग के आचार्य का दावा है कि इस स्थान पर पहले नौ मंडप वाला विश्वेश्वर मंदिर और उसके पश्चिमी हिस्से पर ज्ञानवापी नामक एक सरोवर था। आक्रांताओं ने मंदिर ध्वस्त करने के बाद सरोवर भी पाट दिया।

बीएचयू में ज्योतिष विभाग के प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी बताते हैं कि स्कंदपुराण, त्रिस्थलीसेतु सहित 11 अन्य ग्रंथों में 'प्रासाद वास्तु' (देवालयों के निर्माण की विधा) का उल्लेख है। सामान्यतः किसी देवालय में गर्भगृह के अलावा चार मंडपों की भी स्थापना होती है। आदि विश्वेश्वर मंदिर में नौ मंडपों की स्थापना की गई। स्कंदपुराण के काशीखंड में नौ मंडपों वाले इस मंदिर को 'कैलाश' की उपमा दी गई है। प्रो. त्रिपाठी ने नौ मंडपों के बारे में बताया कि इनमें मुख्य गर्भगृह के दोनों तरफ ब्रह्मा और विष्णु स्थापित थे। प्रासाद वास्तु में भगवान शिव के दाएं विष्णु और बाएं ब्रह्मा का स्थान बताया गया है। भगवान शिव आगे और पीछे के स्थान पर उन्हीं के गण व सेवक होते हैं। इस तरह गर्भगृह के पूर्व में तारकेश्वर विद्यमान हैं।

शास्त्रोक्त सूत्रों के हवाले प्रो. त्रिपाठी ने दावा किया कि पश्चिम दिशा में मौजूद ज्ञानवापी भी भगवान शिव का ही स्थान था।


विश्वेश्वर मंदिर की बनावट का रेखाचित्र , जिसे जेम्स प्रिंसेप ने तैयार किया था।


जेम्स प्रिंसेप की खींची गई ज्ञानवापी कूप की तस्वीर।

### इन ग्रंथों से निकला रहस्य

प्रासादमंडनम, देवालयचंद्रिका, बृहत्संहिता, अपराजितपृच्छा, समरांगणसूत्रधार, देवतामूर्तिप्रकरण (रूपावतार), मयमत, राजवल्लभमंडनम, काशीखंड (स्कंदपुराण), वाराणसी वैभव, लिंगपुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण, त्रिस्थलीसेतु।

### एएसआई को भी मिली मुक्ति मंडप की शिला

प्रो. त्रिपाठी ने काशीखंड का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान विश्वेश्वर ने ज्ञानवापी से गर्भगृह में प्रवेश किया था। इस स्थान को मुक्ति मंडप या मोक्षलक्ष्मी विलास भी कहते हैं। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में भी ऐसी ही एक खंडित शिला का जिक्र है जिसपर मुक्ति मंडप अंकित है।


### हिंदू पक्ष ने शीर्ष कोर्ट में शिवलिंग आकृति को लेकर याचिका दाखिल की

# ज्ञानवापी के सील क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जाए

**मांग**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** हिंदू पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मौजूद कथित 'शिवलिंग' का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश देने की मांग की है। इसके अलावा, हिंदू पक्ष ने एक अन्य याचिका में मस्जिद परिसर के 10 तहखानों का भी सर्वे करने का आदेश देने की मांग की है।

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के जरिए हिंदू पक्ष ने शीर्ष अदालत से एएसआई को मस्जिद परिसर में स्थित कथित शिवलिंग को किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बगैर ही वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश देने की मांग की है। हिंदू पक्ष ने मस्जिद परिसर में शिवलिंग होने का दावा किया है, जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से इसे फव्वारा बताया जा रहा है। याचिका में कोर्ट को बताया गया था कि मस्जिद के इस क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लिए कोई धार्मिक महत्व नहीं है क्योंकि मुस्लिम समुदाय के मुताबिक यह फव्वारा है। हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट से 19 मई, 2023 के उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसके तहत हाईकोर्ट द्वारा एएसआई को कथित शिवलिंग का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया गया था।


शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा को जाते हुए।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को परिक्रमा से रोका

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा के लिए जा रहे ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को पुलिस ने सोमवार दोपहर में श्रीविद्यामठ में रोक दिया। परिक्रमा के लिए उनकी घोषणा पर सुबह से मठ के बाहर गली और घाट की तरफ पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

## तेजस्वी उपयुक्त बयान दाखिल करें: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, वि.सं.।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मानहानि मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव को उनकी कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने गुजरात के लोगों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।'

शीर्ष अदालत ने राजद नेता तेजस्वी यादव की उस याचिका पर यह आदेश दिया है, जिसमें उन्होंने उनके बयान को लेकर गुजरात का अहमदाबाद की अदालत में लंबित मामले की सुनवाई गुजरात से बाहर, संभव हो सके तो दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है।

# यूसीसी कमेटी दो फरवरी को सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी

**उत्तराखंड**

- कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसी सत्र में रखा जाएगा विधेयक

**देहरादून, वि. सं.।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ कमेटी दो फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को रिपोर्ट सौंपेगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सरकार यूसीसी को लेकर विधानसभा के इसी सत्र में विधेयक लाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सोमवार को मीडिया को जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। कमेटी ने फोन पर जानकारी दी है कि दो फरवरी को वह अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। सीएम धामी ने बताया कि विधानसभा के पांच फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में यूसीसी को लेकर विधेयक रखा जाएगा। धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में यूसीसी लाने का वादा किया था।

## न्यूजक्लिक संस्थापक की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी। दोनों को चीन से अवैध धन प्राप्त करने के आरोप में 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था।

स्पेशल सेल ने इस संबंध में अगस्त में यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

## देश 30S

### गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष की कार पर हमला

**तरन तारन।** पंजाब के तरन तारन में सिख अलगाववादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का पोस्टर हटाने को लेकर भीड़ ने लाठियां और तलवार लहराते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष की कार पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान एक पुलिसकर्मी और गुरुद्वारा प्रबंधन कार्यबल के सदस्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले भिंडरावाले का पोस्टर लगे तंबू को हटाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद तरनतारन के पहुविंड गांव में यह घटना हुई है।

### 'पूजा की मांग वाले 252 आवेदन स्वीकृत किए थे'

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन राज्य के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के लिए मिले 288 आवेदनों में से 252 को स्वीकृति दी गई। तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को नुकसान पहुंचने की आशंका के कारण 36 आवेदनों को स्वीकृति नहीं दी गई थी।

### गायक कबीर सुमन अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** लोकप्रिय बंगाली गायक और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद कबीर सुमन को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सोमवार दोपहर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में भर्ती सुमन की हालत गंभीर है। फिलहाल इलाज जारी है और एक मेडिकल बोर्ड भी गठित किया गया है।

### फर्जी खबर फैलाने के आरोप में 53 केस दर्ज

**तिरुवंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को कहा कि पिछले साल अक्टूबर को कोच्चि के कलामासेरी में एक ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोटों के संबंध में कथित तौर पर सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलाने के मामले में राज्य भर में 53 मामले दर्ज किए गए हैं।

### माकपा ने राज्यपाल पर निशाना साधा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सोमवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी भूमिका राज्य के प्रमुख की है, उनका इस तरह का आचरण करना अनुचित है। माकपा ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की ओर से राज्यपाल को काले झंडे दिखाए जाने के प्रकरण के विरोध में खान के हालिया धरने को लोकतंत्र के लिए झटका करार देते हुए उनकी आलोचना की।

# एमबीबीएस प्रवेश से संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट सुनेगा

- शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में तीन हफ्तेमें दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** एमबीबीएस पाठ्यक्रम में आरक्षित श्रेणी की सीटों पर दाखिले को इच्छुक अभ्यर्थियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने में हुई कथित धांधली की जांच से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शीर्ष अदालत ने अपने पास स्थानांतरित कर ली है।

शीर्ष अदालत ने मामले की सीबीआई जांच कराने के मुद्दे पर कलकत्ता हाईकोर्ट की दो पीठ में टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने हाईकोर्ट की खंडपीठ और एकल पीठ के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न होने के मामले में संज्ञान लेते हुए यह निर्देश दिया है। संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस भी हैं।

संविधान पीठ ने मामले में सुनवाई शुरू होते ही पक्षकारों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं को यह सलाह भी दी कि हाईकोर्ट की दोनों पीठों में से किसी पर भी जातीय आक्षेप लगाने से बचें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम कार्यवाही को रिट याचिका और एलपीए के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट को हस्तांतरित करेंगे। हम इसे कुछ समय बाद सूचीबद्ध करेंगे और इसे निपटाएंगे।

# 75 करोड़ दूरसंचार ग्राहकों के डाटा में सेंध

**दावा**

- दूरसंचार विभाग ने सेवा प्रदाताओं को सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार विभाग ने सेवा परिचालकों से अपनी प्रणाली का सुरक्षा ऑडिट कराने के लिए कहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी के 75 करोड़ भारतीय ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध लगने के दावे के बाद विभाग ने निर्देश जारी किया है।

एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडसेक के दावे के अनुसार, उसके शोधकर्ताओं ने पाया है कि हैक करने वाले डार्क वेब पर 75 करोड़ भारतीय मोबाइल उपभोक्ताओं से जुड़ी जानकारी (1.8 टेराबाइट) या ब्योरा बेच रहे हैं। क्लाउडसेक ने कहा कि हैकर ने किसी भी उल्लंघन में शामिल होने से इनकार किया है और कानूनी रूप से अघोषित स्रोत के माध्यम से आंकड़े प्राप्त करने का दावा किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार परिचालकों से अपनी प्रणाली का सुरक्षा ऑडिट कराने को कहा है।

## पैरोल पर रिहा व्यक्ति से आपराधिक कृत्य की उम्मीद नहीं : कोर्ट

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने कहा कि एंटीलिया के बाहर एक गाड़ी में विस्फोटक मिलने के मामले और कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के प्रकरण में आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी विनायक शिंदे पर लगे आरोप सच हैं।

पैरोल पर जेल से रिहा होने वाले व्यक्ति से 'आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने' की उम्मीद नहीं की जाती। रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया फर्जी मुठभेड़ मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे शिंदे फरवरी 2021 में एंटीलिया बम मामले के समय पैरोल पर थे।

# हंसते-हंसते हो गए बलिदान कहते ही कवि के निकले प्राण

**पंतनगर/शांतिपुरी, संवाददाता।** पंतनगर में काव्य महोत्सव में कविता पाठ 'हंसते-हंसते हो गए बलिदान' करते हुए एक कवि अचानक मंच पर गिर गए। उन्हें रुद्रपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से भी परिजन उन्हें हायर सेंटर ले गए, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।

जिला अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, प्रथम दृष्टया कवि सुभाष चतुर्वेदी को हार्ट अटैक आया था। जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम पंतनगर में काव्य महोत्सव और सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इसमें क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी कवि व बृजवासी कैंटीन के संचालक सुभाष चतुर्वेदी (70) भी काव्य पाठ को पहुंचे थे। मूलरूप से मथुरा के रहने वाले सुभाष का नंबर आया तो उन्होंने सीमा के प्रहरियों को लेकर कविता पाठ प्रारंभ किया। कविता सुनाते-सुनाते वह मंच पर गिर गए।



पंतनगर विवि में आयोजित था काव्य समारोह

# दुधवा में बाघिन के पेट से मिली घास

■ **मयंक वाजपेयी**

**लखीमपुर खीरी।** कहावत है कि बाघ भूखे मर जाएगा पर घास नहीं खाएगा, लेकिन दुधवा में ठीक इसके उलट एक घटना हुई है। यहां एक मृत मिली बाघिन के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पेट से घास के अंश मिले हैं। इससे वन विभाग के विशेषज्ञ हैरान हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बाघिन की मौत और पेट में घास मिलने का रहस्य जानने के लिए उसका बिसरा आईवीआरआई को भेजा है। दुधवा के अफसरों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद बाघों के स्वभाव की पड़ताल भी की जाएगी।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया के गिरिजापुरी बैराज में 14 जनवरी को एक वयस्क बाघिन का शव पाया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व के निदेशक ललित वर्मा की मौजूदगी में बाघिन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में बाघिन के सभी अंग सुरक्षित मिले, सिर्फ उसकी नाक पर एक चोट का निशान था। बाघिन का शव पानी में मिला था, बावजूद इसके डूबकर मौत की पुष्टि नहीं हो सकी।


दुधवा में मृत बाघिन के पेट से मिली घास।

### कारणों की जांच होगी

आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े का कहना है कि शिकार करने के बाद कई बार बाघ उसे बाद में खाते हैं। इस दौरान मांस दूषित भी हो जाता है। जिससे पेट में परेशानी होती है। इस स्थिति में घास खाकर वे उल्टी करते हैं। विसरा जांच के बाद सही कारण का पता चलेगा।


## हिन्दुस्तान नियुक्तियां

**हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड**
उपसाधन प्रभाग, लखनऊ-226016

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल.) केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की एक नवरत्न कम्पनी है, जो कि दक्षिण-पूर्वी एशिया का एक प्रमुख वांतरिक्ष उद्यम है, जिसके देश भर में 20 उत्पादन/ओवरहॉल/सर्विस प्रभाग तथा 10 सह स्थित अनुसंधान एवं विकास केन्द्र हैं। हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, उपसाधन प्रभाग, लखनऊ (उ.प्र.) में निम्नलिखित अधिकारी संवर्ग के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है –

| क्रम सं | पद का नाम | ग्रेड | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक अभियन्ता / सहायक अधिकारी | I | 01 [पीडब्ल्यूबीडी-एच.एच.(एच.ओ.एच.) के लिए आरक्षित] |

विस्तृत विज्ञापन, शैक्षिक योग्यता, आयु, छूट, आवेदन एवं चयन प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी एच.ए.एल. की वेबसाइट **www.hal-india.co.in** के कैरियर ऑप्शन पर उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अंतिम तिथि **19.02.2024** है। किसी प्रकार का संशोधन / शुद्धि-पत्र, यदि कोई होगा, तो केवल हमारी वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा।

अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन)

**एडसिल EdCIL**
Ministry of Education and Skills Development

**एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड**
(शिक्षा मंत्रालय के तहत् एक "मिनी रत्न" श्रेणी - I सीपीएसई)
एडसिल हाउस, 18-ए, सैक्टर-16-ए, नोएडा-201301 (उ.प्र.), दूरभाष नं. (120) 4156001-003 (EPABX)
वेबसाइट: www.edcilindia.co.in / http://edcilteacherrecruitment.com

**भूटान की शाही सरकार के अधीन विद्यालयों में पीजीटी शिक्षकों की भर्ती**

शिक्षा और कौशल विकास मंत्रालय, भूटान की शाही सरकार, निम्नलिखित पदों के लिए योग्य भारतीय पीजीटी शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित करती है:
1. पीजीटी गणित
2. पीजीटी रसायन विज्ञान
3. पीजीटी भौतिकी
4. पीजीटी आईसीटी / कंप्यूटर साइंस / आईटी

पात्रता मानदंड और पारिश्रमिक: एडसिल की वेबसाइट www.edcilindia.co.in/http://edcilteacherrecruitment.com देखें। 16 जनवरी 2024 को सुबह 08:00 बजे (भा.मा.स.) निम्नलिखित वेबसाइट http://edcilteacherrecruitment.com पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 रात्रि 11:00 बजे (भा.मा.स.) है।
साक्षात्कार की प्रस्तावित तिथियां: लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार तिथियों की पुष्टि उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत मेल आईडी पर भेज दी जाएगी।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: परियोजना प्रबंधक (भूटान रिक्रूटमेंट) helpsecondment@edcil.co.in पर।

**फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया**
(औषध विभाग, भारत सरकार के अधीन कार्यरत)
ई-1, 8वीं मंजिल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055
टेलीफोन: 011-49431800 | वेबसाइट: janaushadhi.gov.in

**पीएमबीआई में वॉक-इन-इंटरव्यू**
विज्ञापन क्रमांक 01/2024

**फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई)** जो की **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** के **औषध विभाग, भारत सरकार** के अधीन कार्यरत है एवं **प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना** की कार्यान्वयन संस्था है। इस योजना का उद्देश्य सभी को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। पीएमबीआई अपने परिचालन का विस्तार कर रहा है और उसे विभिन्न विभागों में उपयुक्त उम्मीदवारों की तत्काल आवश्यकता है। साक्षात्कार (वॉक-इन-इंटरव्यू) निम्नानुसार आयोजित किए जाएंगे:

| पद का नाम (विभाग) | कुल पद | तैनाती की जगह | साक्षात्कार का समय और तिथि | साक्षात्कार का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| कार्यकारी (कानूनी) | 01 | दिल्ली और एनसीआर | 07.02.2024 बुधवार (सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) | फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ई-1, 8वीं मंजिल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 |
| सहायक प्रबंधक (आईटी एवं एमआईएस) | 01 | दिल्ली और एनसीआर | 07.02.2024 बुधवार (दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) | |
| वरिष्ठ कार्यकारी / कार्यकारी (बिक्री एवं विपणन) | 02 | दिल्ली और एनसीआर | 08.02.2024 गुरुवार (सुबह 10:30 बजे से) दोपहर 01:00 बजे तक) | |
| वरिष्ठ विपणन अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) | 01 | कोलकाता, पश्चिम बंगाल | 08.02.2024 गुरुवार (दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) | |
| वरिष्ठ कार्यकारी (रसद एवं आपूर्ति श्रृंखला) | 01 | सम्पूर्ण भारत | 09.02.2024 शुक्रवार (सुबह 10:30 बजे से) दोपहर 01:00 बजे तक) | |
| वरिष्ठ कार्यकारी (गुणवत्ता नियंत्रण) | 03 | सम्पूर्ण भारत | 09.02.2024 शुक्रवार (दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) | |
| कार्यकारी (वित्त एवं लेखा) | 01 | दिल्ली और एनसीआर | 12.02.2024 सोमवार (सुबह 10:30 बजे से) दोपहर 01:00 बजे तक) | |

योग्य उम्मीदवार उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र, वेतन संरचना, विस्तृत नियम और शर्तों के लिए हमारी वेबसाइट janaushadhi.gov.in पर जाएं।

सीईओ, पी.एम.बी.आई.

**D.A.V. PUBLIC SCHOOLS**
managed by
**DAV COLLEGE MANAGING COMMITTEE**
CHITRA GUPTA ROAD, PAHARGANJ, NEW DELHI-110055
Tel.: 011-23503500

Advt. No. CAP/January/2024/01

Online applications are invited from 30/01/2024 (Tuesday) (08:00 am) to 10/02/2024 (Saturday) (08:00 pm) for various Teaching / Non-Teaching posts for different D.A.V. Public Schools. For details of the advertisement and eligibility, candidates should visit our website **davrecruit.davcmc.in**. All eligible candidates will be called for **CBT (Computer Based Test)** to be held at different D.A.V. Schools for which the date & time shall be intimated later through email/SMS message.

Those who clear **CBT** shall be issued a **Provisional Eligibility Card,** with which they can apply at any D.A.V. School across the country. Final selection will be made on the basis of Panel Interview (with Class demonstration) held at the respective schools.

General Secretary, DAVCMC

**माता सुंदरी महिला महाविद्यालय**
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
माता सुंदरी लेन, नई दिल्ली-११०००२
matasundricollege.du@gmail.com

Advertisement No.: MSC/ ADMN / 47 / 2024-ADV01

**सहायक प्रोफेसर**

महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिये योग्य उम्मीदवारों से वेब लिंक **http://www.colrec.uod.ac.in** पर उपलब्ध निर्धारित ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कॉलेज में विभिन्न विषयों में सातवें वेतन मैट्रिक्स के अनुसार शैक्षणिक वेतन स्तर 10 एवं अन्य सामान्य भत्तों के अलावा, मूलवेतन 57,700 रूपये होगा। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2024 या रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के भीतर, जो भी बाद में हो, है। योग्यता, प्रकाशन, अनुभव, स्क्रीनिक दिशानिर्देश आदि के बारे में विवरण कॉलेज की वेबसाईट **www.mscw.ac.in** पर विज्ञापन के साथ नियुक्ति 2024 – सहायक प्रोफेसर शीर्षक के तहत उपलब्ध है।

बैंचमार्क विकलांग (PwBD) उम्मीदवार कॉलेज में हेल्पडेस्क सेटअप से संपर्क कर सकते हैं, यदि उन्हें आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ती है।

किसी भी प्रकार का संशोधन / शुद्धि पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट पर ही दिया जाएगा।

प्राचार्य

**DSIIDC**
**दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लि.**
एन-36, बॉम्बे लाइफ बिल्डिंग, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: +91-11-20810067-69 (Extn. 171/131), वेबसाइट: www.dsiidc.org

विज्ञापन सं. 02/2024
**सीधी भर्ती के आधार पर सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) और सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) की भर्ती हेतु सूचना**

डीएसआईआईडीसी सीधी भर्ती कोटा के तहत रिक्त पदों को भरने के लिए 08 सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) और 02 सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) की भर्ती करने जा रहा है। चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा आयोजित ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (GATE)-2021/ (GATE)-2022/ GATE)-2023 में प्राप्त किये गए स्कोर के आधार पर होगा। उम्मीदवार को GATE में अर्जित किए गए स्कोर की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करनी होगी। पदों, वेतन मैट्रिक्स और पात्रता की शर्तों का विवरण निम्न प्रकार है:

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स में वेतन का स्तर | पदों की संख्या | | | | | | PwD के लिए उपयुक्त निर्धारित किया गया | PwD आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | | |
| 1. | सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) | स्तर 10 (15600–39100+5400) | 3 | 1 | 3 | – | 1 | 08 | क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (ग) शामिल हैं | एचएच-1 |
| 2. | सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) | स्तर 10 (15600–39100+5400) | 2 | – | – | – | – | 02 | क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, ग) एएसएम (एम), एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (ग) शामिल हैं | शून्य |

**शैक्षणिक योग्यता :**
**सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) के पद के लिए:** • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 50% अंकों के साथ पूर्णकालिक डिग्री। • मान्य GATE स्कोर (GATE-2021/ GATE-2022/ GATE-2023)
**सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) के पद के लिए :** • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 50% अंकों के साथ पूर्णकालिक डिग्री। • मान्य GATE स्कोर (GATE-2021/ GATE-2022/ GATE- 2023)
**आयु: 35 वर्ष तक (29.02.2024 तक)। डीओपीटी/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट**

**आवश्यक तिथियाँ**

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि | 29 जनवरी, 2024 |
| आवेदन शुल्क (ऑनलाइन) जमा करने सहित ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करने की अंतिम तिथि। | 29 फरवरी, 2024 |

अधिक जानकारी और ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया हमारी **वेबसाइट www.dsiidc.org** पर विस्तृत विज्ञापन देखें। आप वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक द्वारा केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। हस्ता/– मुख्य प्रबंधक (कार्मिक)

# तरक्की की रफ्तार

इस सप्ताह सबकी निगाह देश की अर्थव्यवस्था पर है, तो यह स्वाभाविक ही है। बजट का समय खुद को सजग नागरिक बनाने का भी अवसर होता है। बजट पेश करने से पहले सरकार अपनी एक विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट भी पेश करती है, जिसे आर्थिक सर्वेक्षण कहा जाता है। हालांकि, इस बार देश में आम चुनाव की वजह से अंतरिम बजट पेश होना है, तो आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट चुनाव के बाद पेश होने वाले आम बजट से पहले पेश की जाएगी। फिर भी, वित्त मंत्रालय ने एक संक्षिप्त रिपोर्ट जारी की है। सुखद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किए जाने से दो दिन पहले 29 जनवरी को वित्त मंत्रालय ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था अगले साल 7 प्रतिशत के करीब जीडीपी विकास दर हासिल कर सकती है। यदि कोई प्रतिकूल स्थिति नहीं बनी, तो आगामी वित्त वर्ष में देश सात प्रतिशत से भी ज्यादा की विकास दर हासिल कर सकता है। सबसे बड़ी बात कि साल 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद की जा सकती है।

गुरुवार को संसद में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश होना है और जिस तरह का अनुमान आंशिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगाया गया है, उससे यही लगता है कि यह अंतरिम बजट विकास को गति देने वाला होगा। अभी सब कुछ ठीक चल रहा है और आगामी तीन वर्ष में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्रालय की इस संक्षिप्त रिपोर्ट में फिर एक बार याद दिलाया गया है कि साल 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन पेश होने जा रहे अंतरिम बजट को लेकर भी उत्साहित हैं और उन्हें भी चुनाव बाद पेश होने वाले आम बजट का इंतजार होगा। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार तुलनात्मक रूप से सराहनीय है और इसे सबसे ज्यादा मदद घरेलू मांग से मिल रही है। डेढ़ अरब की आबादी की ओर बढ़ रहा देश अपने आप में एक बड़ा बाजार है। एक इतना बड़ा बाजार कि जिसमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप का बाजार भी समा सकता है। अतः अपने लोगों की मांगों को ही अगर पूरा किया जाए, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर ठीक-ठाक बनी रह सकती है। दूसरी बात, भारत में निवेश में भी वृद्धि हुई है और इसका कमोबेश संकेत भारतीय शेयर बाजार से भी मिल रहा है।

**यदि कोई प्रतिकूल घरेलू और वैश्विक परिस्थिति नहीं बनी, तो आगामी वित्त वर्ष में देश 7 प्रतिशत से भी ज्यादा की विकास दर हासिल कर सकता है।**

बुनियादी ढांचे- भौतिक और डिजिटल, दोनों में निवेश के साथ आपूर्ति पक्ष भी मजबूत हुआ है। उत्पादन बढ़ा है, क्योंकि मांग का दबाव लगातार बना हुआ है। यही वजह है कि सात प्रतिशत की विकास दर का अनुमान स्वाभाविक लगता है। भारतीय अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक गति से बढ़ रही है। वैसे, अर्थव्यवस्था पर अब भी भू-राजनीतिक संघर्षों का बड़ा जोखिम मंडरा रहा है। देश में आंतरिक रूप से जहां शांति कायम रहनी चाहिए, वहीं बाहर से भी चुनौतियों का हमला अगर न हो, तो भारत अपने लक्ष्यों को जल्दी से जल्दी पाने में कामयाब हो सकता है। ध्यान रहे, अरब दुनिया के साथ ही, यूक्रेन में भी चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। आगे चुनावी वर्ष में हमें यह उम्मीद करनी चाहिए कि अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी, ताकि भारत की आबादी के हिसाब से रोजगार के अवसर भी लगातार बढ़ते रहें।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 30 जनवरी, 1949

## वह हमें निहार रहे हैं!

जिसने हमारे देश को आजादी दिलाई और उसे जीवन दिया उस राष्ट्रपिता को पार्थिव शरीर में हमसे जुदा हुए आज एक वर्ष पूरा हो गया। उनकी बरसी पर आज हम उन्हें याद करें और उनके प्रति श्रद्धावनत हो उन्हें अपनी श्रद्धांजलियां भेंट करें यह स्वाभाविक है। किन्तु, क्या यही बस है?

आज जब हम अपने राष्ट्रपिता को याद कर रहे हैं तो श्रद्धांजलियां अर्पित करने से भी अधिक हमारा कर्तव्य है कि जिन बातों के लिए हम गांधीजी को चाहते हैं और मानते रहे हैं उनका स्मरण करें और देखें कि क्या हम भी उन्हें अमल में नहीं ला सकते? वह महान थे इसमें शक नहीं, किन्तु थे वह भी हमारी ही तरह देहधारी मानव यह भी असंदिग्ध है। एक देहधारी जो कर सका उसे दूसरे देहधारी न कर सकें यह माना नहीं जा सकता। अतः हम जो गांधीजी से प्रभावित हैं और उनके कामों से चमत्कृत हैं, क्या उनका यह फर्ज नहीं है कि गांधीजी ने हमें जो रास्ता दिखलाया उस पर चलने का प्रयत्न करें?

हमारी राष्ट्रीय महासभा (कांग्रेस) ने इस अवसर के लिए एक संदेश दिया है जिसमें कहा गया है, ''उनकी इस पहली बरसी पर हम उस महात्मा और उसके महान संदेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और इस बात का संकल्प करते हैं कि जीवन देने वाले उस संदेश के प्रकाश में हम अपने देश की जनता की और मानवता की सेवा जारी रक्खेंगे।'' यही नहीं, आगे यह भी कहा गया है कि 'राजनीतिक आजादी प्राप्त कर चुकने के बाद अब हमें सामाजिक और आर्थिक स्तर के लिए मेहनत करनी है' और 'इस काम के लिए एक बिल्कुल नये रास्ते की जरूरत है' और 'यह भी जरूरी है कि हम रचनात्मक भावना के साथ मातृभूमि की सेवा में अपने को समर्पित कर दें।' साथ ही याद दिलाई गई है कि 'जनता की सेवा करना और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना ही हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है और आइन्दा भी होना चाहिए।' और 'जो लोग इन जिम्मेदारियों को भूलकर नौकरी पाने या ताकत हासिल करने की धुन में रहते हैं वे देश का अहित कर रहे हैं।' यह संकल्प आज हमें करना है और इस बात के लिए सावधान होना है कि ऐसा कोई काम न करें जिससे देश का अहित हो।

# अंतरिम बजट में क्या देगी सरकार



यहां स्कैन करें

हरजिंदर | वरिष्ठ पत्रकार

**अंतरिम बजट में भी बड़ी घोषणाओं के तरीके निकाल लिए जाते हैं। साल 2019 में जो अंतरिम बजट पेश हुआ था, उसमें किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई थी।**



यह शायद पहला मौका है, जब जनवरी के आखिरी सप्ताह में भी केंद्रीय बजट की कहीं कोई बड़ी चर्चा नहीं हो रही। अयोध्या के राम मंदिर पर चल रहे अखंड कवरेज के बीच बजट-विमर्श फिलहाल कहीं नजर नहीं आ रहा है। वैसे यह चुनाव का साल है और दो दिन बाद लोकसभा में जो बजट पेश होगा, वह पूर्ण बजट नहीं, अंतरिम बजट होगा। हालांकि, अंतरिम बजट की यह शब्दावली आधिकारिक नहीं, व्यावहारिक है। आधिकारिक रूप से सदन में जो पेश किया जाएगा, उसे लेखानुदान कहा जाता है।

चुनाव वाले वर्ष की परंपरा यह है कि सरकार ऐसे साल में संसद में लेखानुदान पेश करती है, और यह माना जाता है कि पूर्ण बजट चुनाव के बाद आने वाली सरकार पेश करेगी। लेखानुदान पास कराना इसलिए जरूरी होता है कि इस बीच सरकारी कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह मिलती रहे, देश व सरकार के सारे काम सुचारू रूप से चलते रहें और उनमें धन की कोई बाधा न आए। अंतरिम बजट की यह परंपरा इसलिए बनी है कि सरकार चुनाव जीतने के लिहाज से कोई बहुत बड़ी लोकलुभावन योजनाएं न पेश कर दे, जिनका ऐसा असर देश के खजाने पर पड़े कि वह अगली सरकार की आर्थिक नीतियों को प्रभावित करे।

हालांकि, अक्सर इस मर्यादा का ध्यान टैक्स प्रस्तावों में बदलाव न करने तक ही रखा जाता है और बाकी मामलों में घुमा-फिराकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। संसद में बजट पेश करने की प्रक्रिया हमेशा से जनमत को प्रभावित करने का एक बड़ा मौका होती है। फिर, भला उस साल इस मौके को कैसे छोड़ा जा सकता है, जब चुनाव सामने हों। इसलिए अंतरिम बजट में भी बड़ी घोषणाओं के तरीके निकाल लिए जाते हैं। इसके उदाहरण के लिए कोई बहुत ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। पिछला आम चुनाव 2019 में हुआ था और उस साल जो अंतरिम बजट पेश हुआ, उसमें किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई थी। हर तिमाही में किसानों के खातों में सीधे पहुंचने वाली रकम की यह योजना एक साल पहले की तिथि से लागू की गई थी और इसका सरकार के वित्त पर 75 हजार करोड़ रुपये सालाना का असर पड़ा था।

इसके अलावा अंतरिम बजट सरकार को यह मौका भी देता है कि कुछ नीतियों की घोषणाएं करे और यह बताए कि वह देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। इस बार इसकी गुंजाइश भी काफी है। पिछले दो साल के मुकाबले सरकार इस समय ज्यादा बेहतर स्थिति में है। एक तो अर्थव्यवस्था उन दबावों से काफी कुछ मुक्त हो चुकी है, जो कोविड-काल और लॉकडाउन की वजह से देश पर पड़े थे। फिर इस समय विकास दर भी काफी अच्छी चल रही है। भले रोजगार के मोर्चे पर कई परेशानियां खड़ी हों, लेकिन बजट हमेशा से ही ऐसे मसलों को ताक पर रखकर आगे बढ़ने का काम करते रहे हैं।

वैसे, वित्तीय स्तर पर सब कुछ अच्छा नहीं है। खासकर सरकार पर कर्ज का जो बोझ है, वह काफी बढ़ा है और पिछले दिनों इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने भारत के लिए चेतावनियां भी जारी की थीं। इन देनदारियों के साथ ही वित्त पर ब्याज का दबाव भी बहुत बढ़ा है। हो सकता है कि अंतरिम बजट भाषण में ये बातें कुछ दबी रह जाएं, लेकिन चुनाव बाद आम बजट से पहले संसद में पेश होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण में इसकी झलक जरूर दिख जाएगी।

बजट भले ही अंतरिम होगा, लेकिन उद्योग और वाणिज्य संगठनों ने बजट से अपनी उम्मीदों और अपनी मांगों का विस्तृत खाका हमेशा की ही तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा है। इनमें ज्यादातर वे मांगे हैं, जो शायद चुनाव के माहौल में सरकार की प्राथमिकताओं में जगह न बना पाएं। कौन-सी चीजें हैं, जो सरकार की प्राथमिकताओं में जगह बना पाएंगी, इसे लेकर अटकलें जरूर लगाई जाने लगी हैं।

यह माना जा रहा है कि सरकार कल्याण योजनाओं के प्रावधान को न सिर्फ बढ़ा सकती है, बल्कि कुछ नई कल्याण योजनाओं की भी घोषणा कर सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि सरकार नई पेंशन योजना को मजबूत बनाने की कुछ घोषणाएं कर सकती है। राजनीतिक रूप से यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। विपक्ष पिछले कुछ समय से पुरानी पेंशन योजना की वापसी की बात कर रहा है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने जिस तरह से हिमाचल प्रदेश का चुनाव जीता, उसमें पुरानी पेंशन योजना एक बड़ा मुद्दा थी।

चुनाव सामने हो और बजट में किसानों के लिए कोई घोषणा न हो, यह हो नहीं सकता। एक समय भारतीय जनता पार्टी ने यह घोषणा की थी कि वह किसानों की आमदनी को दोगुना कर देगी। इसके लिए फसलों का खरीद-मूल्य भी बढ़ाया गया और तमाम योजनाओं के जरिये किसानों को लाभ देने की कोशिशें भी की गईं। हालांकि, ये सारी कोशिशें किसानों को संतुष्ट नहीं कर सकीं और किसानों की आर्थिक स्थिति में भी इससे बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुआ। फिर, तीन कृषि कानूनों को लेकर भी सरकार और किसानों में एक खाई बन गई थी, इस बार उसे भी पाटने का काम किया जा सकता है।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक रैली की थी। इस रैली को अगले आम चुनाव का शंखनाद भी कहा गया। वहां अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने किसानों की समस्याओं और उनके लिए किए गए सरकार के प्रयासों की लंबी चर्चा की। यह बताता है कि किसान निश्चित तौर पर उनकी चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए 1 फरवरी को नजर इस पर रहेगी कि अंतरिम बजट भाषण में किसानों के लिए क्या कहा जाता है? किसानों को दिए जाने वाले कर्ज का बजट प्रावधान तो हर साल ही बढ़ जाता है, देखना यह है कि उसके आगे बढ़कर और क्या घोषणाएं होंगी?

एक धारणा यह है कि इस बार शायद ऐसी घोषणाओं की बहुत ज्यादा जरूरत न पड़े। अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जो माहौल बना है, उससे लोग भाजपा को ऐसे वोट देंगे, जैसे वे ईवीएम के सामने अपने आराध्य देवता के प्रति भक्ति-भाव प्रकट कर रहे हों। अगर इस धारणा में कुछ सच भी हो, तब भी ऐसा नहीं लगता कि सरकार बजट के मौके को यूं ही छोड़ देगी। सरकार का अब तक का रिकॉर्ड तो यही बताता है कि वह एक साथ अनेक मोर्चों पर दबाव बनाती रही है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# मंदिर-मुक्ति के लिए उत्तर से दक्षिण तक जारी आंदोलन



दक्षिण एक्सप्रेस

यहां स्कैन करें

एस. श्रीनिवासन | वरिष्ठ पत्रकार

पंजाब से लेकर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों तक सरकार के अधीन वाले बोर्डों द्वारा मंदिरों के प्रबंधन के खिलाफ 'संघ परिवार' ने जंग का एलान कर दिया है, और इनको निजी हाथों में सौंपने की मांग कर रहा है। इसके लिए उसके तमाम अंग न सिर्फ सड़कों पर राजनीतिक रूप से, बल्कि विभिन्न अदालतों में सरकारी बोर्डों के फैसले को चुनौती देकर कानूनी रूप से मुखर हो गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा हुंडी से जमा रकम का एक प्रतिशत हिस्सा सामाजिक व स्थानीय विकास के कामों पर खर्च करने के फैसले को चुनौती देना इसी की ताजा कड़ी है। हालांकि, टीटीडी की जिस 29 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति ने इस प्रस्ताव को पास किया था, उसमें शामिल नौ भाजपा सदस्यों ने भी इसके पक्ष में मत डाला था। मगर विहिप ने पूरे आंध्र प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और स्थानीय अदालत से इस पर 'स्टे' ले आई। हालांकि, इससे पहले ही मुख्यमंत्री जगन मोहन ने घोषणा कर दी थी कि उनकी सरकार बोर्ड के फैसले को खारिज कर रही है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के दो जजों न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट ने धार्मिक विन्यास अधिनियम, 1863 का हवाला देते हुए कहा है कि लोगों से जो धन जमा किया जाता है, उसे सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को वापस कर देना चाहिए। यह पीठ उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें भारत के कुल नौ लाख मंदिरों में से चार लाख मंदिर सरकारी नियंत्रण में होने और उनको मुक्त करने की मांग की गई है।

**आरोप है कि मंदिरों को राज्य सरकार नियंत्रित करती है, पर मस्जिदों और चर्चों का प्रबंधन उनके अपने समुदाय के लोग करते हैं।**

मंदिरों की 'मुक्ति' भगवा परिवार की पुरानी मांग रही है। उसका मानना है कि मंदिरों को तो राज्य सरकार नियंत्रित करती है, लेकिन मस्जिदों और चर्चों का प्रबंधन उनके अपने समुदाय के लोग करते हैं। उसका यह भी आरोप है कि राज्य सरकार हिंदू भक्तों के पैसे का दुरुपयोग कर रही है। हालांकि, विशेषज्ञ इस दावे को तर्क की कसौटी पर पूरी तरह खरा नहीं पाते। वे कहते हैं कि अगर ऐसे कानून हैं, जो मंदिरों के प्रबंधन को नियंत्रित करते हैं, तो ऐसे अन्य कानून भी हैं, जो वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करते हैं। हालांकि, वे इस बात पर सहमत हैं कि चर्चों को अधिक स्वतंत्रता हासिल है, और वे यह भी मानते हैं कि मंदिरों के पैसों के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती जाती। बावजूद इसके, मंदिरों को निजी हाथों में सौंपने संबंधी मांगों के निहित खतरे की ओर भी वे साफ शब्दों में इशारा करते हैं।

धार्मिक बंदोबस्ती समवर्ती सूची का मामला है और केंद्र व राज्य, दोनों को इस बाबत कानून आदि बनाने का अधिकार है। तमिलनाडु में सभी हुंडी को बैंकों में जमा किया जाता है, जिनमें से 14 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क, चार फीसदी ऑडिट फीस, चार से दस फीसदी कॉमन गुड फंड के लिए और शेष रकम को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में डाल दिया जाता है। तमिलनाडु की तरह शेष चारों दक्षिणी राज्यों ने मंदिर फंड के गलत इस्तेमाल के आरोपों को खारिज किया है।

उधर, इस महीने की शुरुआत में एक भाजपा नेता ने आप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की कि पंजाब में 200 से अधिक हिंदू मंदिरों और डेरों को राज्य सरकार नियंत्रित कर रही है। इनमें से कुछ मंदिरों के महंत की नियुक्ति सरकार द्वारा करने और वहां के पैसों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए हैं। कर्नाटक में तो जब भाजपा सत्ता में थी, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने ऐसा कानून लाने का वायदा किया था, जो मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त कर देगा। मगर मौजूदा मुख्यमंत्री और तब के विपक्षी नेता सिद्धारमैया ने 'मुक्त मंदिर' का विरोध करते हुए कहा था कि हिंदू मंदिरों की राशि किसी अन्य धार्मिक संस्थानों में भेजे जाने के आरोप बेबुनियाद हैं। राज्य सरकार ने मंदिर नियमावली में हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया है।

देखा जाए, तो केरल व तमिलनाडु की सरकारें पुजारियों की नियुक्तियों में ब्राह्मण से अलग जातियों को मान्यता देकर इसे समावेशी बना रही हैं। ऐसे में, केंद्र व राज्य सरकारों और उनका समर्थन करने वाले दलों को अपना राजनीतिक झुकाव किनारे रखकर सोचना चाहिए और मंदिरों के व्यावहारिक प्रबंधन की योजना बनानी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# गांधी का सपना रामराज्य

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके महनीय कार्यों को स्मरण करते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वह दुनिया में पिछली सदी के सबसे चर्चित राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेताओं में एक थे। जब मानवता गृहयुद्ध, उपनिवेशवाद, बर्बरता एवं विश्व युद्धों से त्रस्त थी, तब गांधीजी ने शांति, प्रेम, सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, नैतिकता, शुचिता व करुणा की ज्योति प्रज्ज्वलित की।

अनेक विद्वान यह मानते हैं कि गांधीजी के प्रेरणास्रोत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र भी रहे। दरअसल, राम इस देश की राजनीति के केंद्रीय व्यक्तित्व होने चाहिए। आदर्श जीवन, राज्य एवं प्रजा-राजा का संबंध कैसा हो, इसके सूत्र रामकथा से मिलते हैं। गांधी रामराज्य की बात इसीलिए करते हैं, क्योंकि उनके लिए राम मानव जीवन के उच्चतम आदर्श हैं। राम से जुड़कर विश्वास प्रबल होता है कि जीवन मंगलकारी होगा। इसीलिए गांधी ने राम के आदर्शों को आंदोलनों में समाहित कर स्वतंत्रता हेतु लोगों को प्रेरित किया। उनके लिए स्वतंत्रता के सपने का अर्थ है रामराज्य की स्थापना।

*यंग इंडिया* में गांधीजी लिखते हैं, 'मैं जितने धर्मों को जानता हूं, उनमें हिंदू धर्म सर्वाधिक सहिष्णु है। मेरा हिंदू धर्म मुझे सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाता है। यह न केवल मनुष्य मात्र, बल्कि प्राणी मात्र की एकता एवं पवित्रता में विश्वास रखता है।' राम शब्द 'रा' अर्थात रकार एवं 'म' मकार से बना है। 'र' वर्ण सौर ऊर्जा के अग्निस्वरूप और पिंगला नाड़ी में स्थित है एवं 'म' जल तत्व व चंद्र ऊर्जा का कारक है और इड़ा नाड़ी में प्रवाहित होता है। अनुलोम-विलोम की तरह ही 'राम' शब्द का जाप नाड़ी शोधन करता है। इसके उच्चारण से न केवल आध्यात्मिक, अपितु भौतिक उन्नति भी होती है।


राम नाम तारक है, तो उनकी राज-व्यवस्था प्रजा हितकारी है। गांधीजी ने कहा है, रामराज्य अर्थात जहां अंत्योदय की प्रकृति राज करती हो। रामराज्य ही वास्तविक लोकतंत्र है। गांधी साहित्य के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि वह तुलसीदास विरचित *श्रीरामचरितमानस* से अत्यंत प्रभावित थे। राम ने प्रजा को निर्भय करते हुए कहा है, *जौं अनीति कछु भाषौं भाई। तौ मोहि बरजहु भय बिसराई।।* यदि राजा होते हुए भी मैं कुछ अनीति करूं, तो निर्भय होकर आलोचना करें। आश्चर्य नहीं कि गांधी को लोकतंत्र के सूत्र रामचरित में ही सर्वाधिक मिलते हैं।

**राम नाम तारक है, तो उनकी राज-व्यवस्था प्रजा हितकारी है। गांधीजी ने कहा है, रामराज्य अर्थात जहां अंत्योदय की प्रकृति राज करती हो। रामराज्य ही वास्तविक लोकतंत्र है।**

राजनीतिक-सामाजिक जीवन में शुचिता की बात जब गांधीजी करते हैं, तब स्पष्ट ही राम द्वारा की गई यह घोषणा उनके स्मरण में रही होगी, *निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा।।* गांधी को इसीलिए बुराई से नफरत थी एवं मनुष्य की आध्यात्मिक शक्तियों को जगाने में वह विश्वास रखते थे।

राघवेंद्र प्रसाद तिवारी, शिक्षाविद

जो बाइडन | राष्ट्रपति, अमेरिका



**पिछले वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 27 लाख नौकरियां बढ़ीं। महंगाई महामारी-पूर्व की स्थिति में वापस आ गई। यह अमेरिकी परिवारों व श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है, पर हमारा काम अभी पूरा नहीं हुआ है।**

## अनुलोम-विलोम
### नीतीश कुमार



## विपक्षी गठबंधन छोड़ने का सही फैसला

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लौट आए। हालांकि, आलोचक इसके लिए उनकी आलोचना भी खूब कर रहे हैं, लेकिन मौजूदा राजनीति का विश्लेषण कीजिए, तो आप आसानी से समझ सकते हैं कि क्यों नीतीश कुमार के लिए विपक्षी गठबंधन को छोड़ना और एनडीए के साथ आना जरूरी था?

दरअसल, राजनीतिक पंडित पिछले कुछ समय से यह कहते रहे हैं कि जनता दल (यूनाइटेड) का जनाधार लगातार कमजोर हो रहा है। कुछ तो इस बार लोकसभा चुनाव में महज पांच सीटें मिलने का अंदेशा जता रहे हैं। ऐसे में, नीतीश कुमार ने महागठबंधन बनाने का प्रयास किया और यह कोशिश की कि या तो प्रधानमंत्री पद का चेहरा उनको बना दिया जाए या संयोजक पद मिल जाए। इससे उनकी राजनीति को उछाल मिलती और उनके वोट-बैंक में इजाफा होता। मगर ऐसा नहीं हो सका। रही-सही कसर राजद की राजनीति ने पूरी कर दी। पिछली बार जब एनडीए का साथ छोड़कर नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव से हाथ मिलाया था, तो राज्य में काफी काम हुए। खासकर नौकरियां खूब बांटी गईं। इसका श्रेय तेजस्वी यादव को मिलता दिख रहा है। जातिगत सर्वेक्षण का फायदा भी राजद की झोली में जाता दिख रहा था। ऐसे में, नीतीश के लिए विपक्षी गठबंधन में बने रहना बहुत मुफीद नहीं था।

कुछ ऐसी ही मजबूरी एनडीए की भी थी। नीतीश कुमार अगर एनडीए से अलग लोकसभा चुनाव लड़ते, तो विपक्षी गठबंधन को कितना फायदा होता, यह तो स्पष्ट नहीं था, लेकिन एनडीए को जरूर नुकसान होता। इसीलिए पिछले दिनों कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का एलान किया गया, ताकि पिछड़ों का वोट हासिल हो सके, लेकिन इस पर भी जद (यू), राजद और लोजपा ने दावा करना शुरू कर दिया। यह सही है कि चुनाव में राम मंदिर का फायदा एनडीए को खूब होगा। इसके कयास गलत भी नहीं लगते, पर यह भी सच है कि नीतीश कुमार के राजनीतिक पैतरों से एनडीए की पेशानी पर बल पड़ने लगा था। इसने एनडीए को मजबूर किया कि वह फिर से नीतीश कुमार को अपने साथ रखे, जिसमें वह सफल साबित हुआ है। हालांकि, यह नया गठबंधन जनता के हित में भी है। जिस पार्टी की केंद्र में सरकार रहती है, अगर उसी की राज्य में भी सरकार बने, तो जनहित के कई कार्य होने की संभावना ज्यादा रहती है। इसे 'डबल इंजन' सरकार कहा जाता है, लेकिन यह काफी काम की होती है। उम्मीद है, बिहार भी अब एक नई इबारत लिख सकेगा।

रवींद्रनाथ, टिप्पणीकार

## बिहार में जनता का विश्वास कमजोर हुआ

आखिरकार वही हुआ, जिसका अंदेशा था। एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी कुरसी को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए पाला बदल लिया, और महागठबंधन से नाता तोड़कर एनडीए के हमराही बन गए। रविवार को उन्होंने भले ही नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन इसके लिए वह अब तमाम तरह के विशेषणों से भी नवाजे जाने लगे हैं। सूबे की इस राजनीतिक उठापटक ने यह चरितार्थ कर दिया है कि शर्म तो है, मगर आती नहीं।

यह विडंबना ही है कि गणतंत्र की जननी बिहार (वैशाली) के नेतागण सत्ता की अपनी महत्वाकांक्षा और कुरसी के मोह में नैतिकता को तार-तार कर देते हैं। उनको न गठबंधन-धर्म की सुध है, और न लोकतंत्र या जन-आस्था की। नीतीश कुमार वही मुख्यमंत्री हैं, जो कभी पानी पी-पीकर एनडीए और उसके घटक दलों को कोसा करते थे। कहा करते थे कि मिट्टी में मिल जाऊंगा, लेकिन उसके साथ नहीं जाऊंगा। मगर अब अवसर पाते ही मानो सारे गिले-शिकवे दूर हो गए हैं और उन्होंने एनडीए से गलबहियां कर ली है। यह कैसी राजनीति है? कहां गया वह सिद्धांत- वह आदर्श, जिस पर मुख्यमंत्री चलने का राग हर वक्त अलापा करते थे? महज सत्ता के लिए उन्होंने जयप्रकाश, लोहिया, कर्पूरी जैसे अपने राजनीतिक गुरुओं के सिद्धांतों को ताक पर रख दिया। यह जन-आस्था और लोकतंत्र के साथ विश्वासघात नहीं तो और क्या है?

हमारे देश में नेताओं को पथ-प्रदर्शक माना जाता था। उनके आदर्शों को लोग अपने जीवन में उतारा करते थे। तभी तो उनके महज एक आह्वान पर पूरा देश एकजुट हो जाता था। आजादी से पहले की बात न भी करें, तो स्वतंत्र भारत में ही पाकिस्तान-युद्ध के समय जब लाल बहादुर शास्त्री ने देश से एक समय भूखे रहने की अपील की, तो लोगों ने रात का खाना छोड़ दिया। मगर अब न तो ऐसे नेता हैं, और न ऐसा ऊंचा आदर्श। देखा जाए, तो लालू यादव से यह ऐतिहासिक भूल हो गई कि नीतीश कुमार के गुण-अवगुण से लंबे समय से परिचित होने के बाद भी महज अपने पुत्र को सत्ता-सुख दिलाने के लिए उन्होंने अपने स्वाभिमान को खूंटे पर टांग दिया। आज तेजस्वी अकेले होते, तो कहीं अच्छी स्थिति में होते। निस्संदेह, बिहार में यादव यदि खुद को ठगा महसूस कर रहा है, तो इसके दोषी लालू यादव ही हैं। इसलिए उनके लिए आम चुनाव में इस नुकसान की भरपायी करना कठिन होगा, क्योंकि आने वाले दिनों में कानूनी मुश्किलें भी उनका रास्ता रोक सकती हैं।

हर्ष वर्द्धन, टिप्पणीकार

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

**झटका :** चोटिल रवींद्र -केएल नहीं खेलेंगे दूसरा टेस्ट, सौरभ भी दो को विशाखापत्तनम में होने वाले मैच के लिए टीम में शामिल

# जडेजा-राहुल बाहर, सरफराज को मौका


भारत दौरे पर इंग्लैंड

**हैदराबाद, एजेंसी।** पहले टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम को एक और करारा झटका लगा। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। मुंबई सरफराज खान को पहली बार भारतीय टीम में जगह दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार को भी जगह दी गई है।

जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के खेल के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी। राहुल ने दाईं जांघ में दर्द की शिकायत की है। बीसीसीआई ने कहा, जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों खिलाड़ियों की प्रगति पर नजर रख रही है। चयन समिति ने सरफराज, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी दाईं जांघ में चोट लगी थी। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी जिसके कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

**सारांश भारत-ए टीम में :** अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे। जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।


## 161 रन की पारी ने खोले खान के लिए दरवाजे

मुंबई की रन मशीन सरफराज ने हाल में इंडिया-ए से खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 161 रन की पारी खेली। इस पारी ने पहली बार टेस्ट टीम में उनके लिए दरवाजे खोले। मध्यक्रम के दाएं हाथ का यह 26 वर्षीय बल्लेबाज पिछले दो-तीन साल से घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करता रहा है। उनके बल्ले से ढेरों रन निकले हैं।

बावजूद चयनकर्ताओं की अनदेखी का शिकार होता रहा है। अब आखिरकार उन्हें टीम में जगह मिली है। सरफराज खान टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। देखना होगा कि उनका इंतराज खत्म होता है या नहीं।

**301** रन नाबाद सरफराज का प्रथम श्रेणी का सर्वोच्च निजी स्कोर है

**88** रन दूर हैं प्रथम श्रेणी में चार हजार रन पूरे करने से यह विस्फोटक बल्लेबाज



**जड़ चुके हैं 14 शतक**

सरफराज प्रथम श्रेणी में 14 शतक और 11 अर्धशतक जड़ चुके हैं। वह 45 मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बना चुके हैं। इस दौरान पांच विकेट भी इस ऑलराउंडर ने चटकाए हैं।

**दूसरे टेस्ट के लिए टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमान गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

## सौरभ कुमार की चलती है फिरकी



**22** बार पारी में पांच विकेट चटकाए हैं सौरभ ने

उत्तर प्रदेश के बागपत का 30 वर्षीय सौरभ घरेलू क्रिकेट में पिछले एक दशक से अपनी फिरकी से खूब धमाल मचा रहे हैं। इस खब्बू स्पिनर को दिसंबर 2022 में बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया था पर मौका नही मिला था। सौरभ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2061 रन बनाने के साथ 68 मैच में 290 विकेट भी चटका चुके हैं।

"भारतीय टीम का हिस्सा बनना हमेशा एक सपना रहा है। मतलब है कि कौन सा क्रिकेटर ऐसा नहीं चाहेगा? इसके लिए बहुत सारी चीजों को एक साथ आने की जरूरत है, लेकिन मेरे पास थोड़ा अनुभव है। –सौरभ कुमार

## डब्ल्यूटीसी में पांचवें स्थान पर खिसकी टीम इंडिया

**दुबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के हाथों हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) रैंकिंग में खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है।

दक्षिण अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की सीरीज ड्रॉ खेलने के बाद भारत शीर्ष पर था। पाकिस्तान को हराकर ऑस्ट्रेलिया शिखर पर पहुंच गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद भारत के 54.16 रैंकिंग अंक थे जो अब घटकर 43.33 हो गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया 55 अंक के साथ शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के हाथों हार का भी उसकी रैंकिंग पर असर नहीं हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50 फीसदी अंक हैं और वे क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। भारत के बाद पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 चक्र में टीम को एक जीत पर 12 अंक, ड्रॉ पर चार और टाई पर छह अंक मिलते हैं। भारतीय टीम लगातार दो बार डब्ल्यूटीए के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम है। हालांकि हर बार टीम खिताब से चूक गई।

## कोहली ने थूका था, एबी के कहने पर माफी मांगी: डीन

**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने दावा किया है कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक टेस्ट मैच के दौरान उन पर थूका था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के साथी एबी डीविलियर्स के कहने पर दो साल बाद उन्होंने माफी मांगी थी।

एल्गर ने दिसंबर में घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की दो टेस्ट मैचों की सीरीज के समापन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने हालांकि उस सीरीज का उल्लेख नहीं किया जिसमें यह घटना घटी थी पर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह वाक्या 2015 में दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा हो सकता है।

एल्गर ने 'बैंटर विद द बॉयज' पॉडकास्ट पर यह बातें कही। इस कार्यक्रम में उनके साथ दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला क्रिस मौरिस और रग्बी खिलाड़ी जीन डिविलियर्स भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, भारत में वे पिच किसी मजाक की तरह थी। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो ऐसा लगा कि अश्विन और 'क्या नाम है उसका जजेजा.... जा-जा-जाजेजा (किसी ने पीछे से कहा जड़ेजा) के खिलाफ खुद को बचा रहा हूं और कोहली ने मेरे ऊपर थूक दिया।

## सोनम की पहले ही विश्व कप में चांदी

**काहिरा।** पहली बार निशानेबाजी विश्व कप में खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रहीं।

पोलैंड की अनेता को कांसा मिला। सत्र के पहले विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। अन्य स्पर्धा में पदार्पण कर रही सिमरनप्रीत कौर बरार 25 मीटर पिस्टल में पांचवें स्थान पर रहीं। क्वालीफिकेशन में वह 586 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं थी। रिदम सांगवान और मनु भाकर फाइनल में जगह नहीं बना सकीं।

## भारत के सामने न्यूजीलैंड की चुनौती

**अंडर-19 विश्व कप**



**194** रन मुशीर बना चुके हैं तीन मैच में 64.66 की औसत से

■ लगातार तीन मुकाबले जीत चुकी है भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक

**ब्लोमफोंटेन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी।** जीत की हैट्रिक के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय युवा ब्रिगेड के सामने अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स में मंगलवार को न्यूजीलैंड के रूप में पहली कठिन चुनौती होगी।

इससे पहले तीनों मैच आसान टीमों के खिलाफ थे। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची है। टीम ने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है। उसे हालात के अनुरूप ढलना होगा।

**मुशीर दिखा रहे दम :** भारत के लिए हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने लगातार अच्छी पारियां खेली हैं। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

**अर्शिन-उदय भी लय में :** आदर्श अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए। उनका इरादा बड़ी पारी खेलने का होगा। अर्शिन का आत्मविश्वास शतक के बाद बढ़ा होगा। कप्तान उदय ने भी अच्छी पारियां खेली हैं।

**नमन भी जमा रहे रंग :** गेंदबाजी में नमन तिवारी खूब रंग जमा रहे हैं। पिछले दो मैचों में उन्होंने चार-चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर सॉमी पांडे अब तक आठ विकेट ले चुके हैं। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों में से दो जीते।

## उत्तर प्रदेश के आगे 41 बार का चैंपियन चित

**रणजी ट्रॉफी**



**67** रन की नाबाद पारी खेली कर्ण ने 173 गेंद में पांच चौकों, दो छक्कों से

■ मुंबई ने दो विकेट से गंवाया मुकाबला, सत्र में पहली शिकस्त मिली टीम को

**मुंबई, एजेंसी।** आर्यन जुयाल (76) और कर्ण शर्मा (नाबाद 67) के अर्धशतकों से उत्तर प्रदेश ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी में 41 बार के चैंपियन मुंबई को दो विकेट से पराजित किया। अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में आठ विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए 320 रन पर सिमट गई। यह अजिंक्य रहाणे की टीम की इस सत्र की पहली हार है।

मुंबई के 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश के दो विकेट जल्दी गिर गए। इसके बाद जुयाल और कर्ण ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे लेकिन करण ने 173 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद पारी खेलकर उत्तर प्रदेश का स्कोर आठ विकेट पर 195 रन तक पहुंचाकर टीम को जीत और छह अंक दिलाए। मुंबई की ओर से ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान ने पांच विकेट चटकाए।

**बिहार-केरल का मैच ड्रॉ :** पटना के मोईन उल हक स्टेडियम में बिहार ने केरल के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। मैच ड्रॉ रहा। केरल ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे। इसके जवाब में बिहार ने 377 रन बनाकर पहली पारी में आधार पर 150 रन की बढ़त हासिल की थी। केरल ने अपनी दूसरी पारी में सचिन बेबी के नाबाद 109 रन की मदद से चार विकेट पर 220 रन बनाए।

**विदर्भ 308 रन से जीता :** रांची के अनुभवी उमेश यादव (43/4) और आदित्य ठाकरे (28/3) की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ ने झारखंड पर 308 रन से रौंदा। जीत के लिए 429 रन का पीछा करते हुए झारखंड की टीम 120 रन पर आउट हो गई। सुप्रियो चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए।

### दिल्ली ने उत्तराखंड को हरा चखा जीत का स्वाद

**मोहाली।** कप्तान हिम्मत सिंह की 194 रन की साहसिक पारी के बाद हिमांशु चौहान और रितिक शौकीन की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली ने उत्तराखंड को सात रन से हराकर पहली जीत का स्वाद चखा। हिमांशु (39/5) और शौकीन (81/3) ने आठ विकेट साझा किए जिससे उत्तराखंड की दूसरी पारी 165 रन पर सिमट गई। दिल्ली की टीम ग्रुप तालिका में कुल आठ अंक के साथ सातवें पायदान पर है। मैच के आखिरी दिन उत्तराखंड को जीत के लिए 77 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट बचे थे। अखिल (63 रन) के आउट होने के बाद उत्तराखंड की पारी लड़खड़ा गई।

## भारतीय टीम के लिए पाक में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

**डेविस कप**

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा। यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी।

**होटल तक सीमित रहेंगे खिलाड़ी :** पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है।

**तीन-चार को मुकाबला :** भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा। इसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं। दोनों टीम को तीन और चार फरवरी को मुकाबला खेलना है। पीटीएफ के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं।

**रैंकिंग** | ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हारने से नोवाक को 1200 अंकों का हुआ नुकसान, पर सर्बियाई खिलाड़ी के एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान को खतरा नहीं

## जोकोविच की बादशाहत बरकरार



नोवाक जोकोविच 25वें ग्रैंड स्लैम से चूक गए। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में सिनेर से मात मिली थी। बावजूद इसके वह दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने हुए हैं। उन्होंने सोमवार को शीर्ष पर रहने का कीर्तिमान 410 हफ्तों तक पहुंचा दिया है। यह दिग्गज रोजर फेडरर (310 हफ्ते) से 100 हफ्ते अधिक है।

### सिनेर चौथे और मेदवेदेव दूसरे नंबर पर कायम

मेलबर्न के नए चैंपियन यानिक सिनेर चौथे स्थान पर कायम हैं। हालांकि उन्हें 1820 अंकों का फायदा हुआ है। उनके 8310 अंक हैं। जोकोविच (9855) को 1200 अंकों का नुकसान हुआ है। कार्लोस अल्काराज (9255) दूसरे और दानिल मेदवेदेव (8765) तीसरे नंबर पर हैं। आंद्रे रूबलेव पांचवें स्थान पर कायम हैं।

**सर्वाधिक हफ्तों तक शीर्ष पर रहने वाले पांच खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | देश | हफ्ते |
|---|---|---|
| जोकोविच | सर्बिया | 410 |
| फेडरर | स्विट्जरलैंड | 310 |
| पीट संप्रास | अमेरिका | 286 |
| इवान लेंडल | चेक-अमेरिका | 270 |
| जिम्मी कोनर्स | अमेरिका | 268 |

### झेंग पहली बार दस में

मेलबर्न में महिला वर्ग में उपविजेता रहीं चीन की झेंग किनवेन पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष दस खिलाड़ियों में शुमार हो गईं। झेंग आठ स्थान की छलांग लगाकर सातवें नंबर र पहुंच गईं। अमेरिका की कोको गफ तीसरे स्थान पर आ गई हैं। शीर्ष दो में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इगा स्वियातेक पहले और लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाली आर्यना सबालेंका दूसरे स्थान पर कायम हैं। जेसिका पेगुला तीसरे और रायबाकिना चौथे नंबर पर हैं।

## बोपन्ना शिखर पर



करीब 22 साल कोर्ट पर बिताने और 25 खिताब जीतने के बाद रोहन बोपन्ना सोमवार को आधिकारिक रूप से दुनिया के सबसे उम्रदराज नंबर एक युगल टेनिस खिलाड़ी बन गए। 44 वें जन्मदिन से दो माह पहले भारतीय दिग्गज ने यह मुकाम पाया। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में शनिवार को ही अपना पहला युगल ग्रैंड स्लैम जीता।

**43** साल 329 दिन में युगल ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज

**43** साल 331 दिन में युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे बुजुर्ग

**19** अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ इस दौरान जोड़ी बनाई

### रोहन शीर्ष पर पहुंचने वाले तीसरे पुरुष भारतीय

बोपन्ना दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे से शीर्ष स्थान पर पहुंचे। उनके और जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन के एक समान (8,450 अंक) हैं। एब्डेन दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों ने अमेरिका की ऑस्टिन क्राजिस्क (7,160 अंक) को पीछे छोड़ा। बोपन्ना दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति के बाद नंबर एक बनने वाले तीसरे पुरुष जबकि कुल चौथे खिलाड़ी हैं। सानिया मिर्जा भी नंबर एक खिलाड़ी रही हैं।

**खेल 30 s**

### हार भारत के लिए खतरे की घंटी : हुसैन



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि हैदराबाद टेस्ट में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति धीमी पिचों पर भी प्रभावी है। उन्होंने अपने कॉलम में लिखा, भारत ने पहली पारी में 436 रन बनाए लेकिन और भी बना सकते थे। भारतीय टीम बेहतरीन है और वापसी करेगी। इतिहास गवाह है कि इंग्लैंड के लिए यहां जीतना आसान नहीं रहा है। भारत के लिए यह खतरे की घंटी है क्योंकि इंग्लैंड ने दिखा दिया है कि बैजबॉल यहां भी असरदार है। इससे साबित होता है कि इंग्लैंड के पास गजब का आत्मविश्वास है। उन्हें अपने खेलने के तरीके पर भरोसा है।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर बुमराह को फटकार

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का अपराध है। उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी लगाया क्योंकि 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है जब बुमराह जान बूझकर पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे।

### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय मुख्य कोच शुक्ला दत्ता ने शुक्रवार से ढाका में होने वाली सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय टीम घोषित की। **टीम : गोलकीपर :** खुशी, अनिका, हेमप्रिया। **डिफेंडर :** हीना, विक्षित बारा, सोनिबिया, जूही, निशिमा। **मिडफील्डर :** शिवानी टोप्पो, ललिता, अखिला राजन, रिवका रामजी, एरिना देवी, सिंडी, मेनका, शिबानी, थोइबिसाना। **फारवर्ड :** बबीता कुमारी, नीतु लिंडा, सुलंजना राउल, नेहा, पूजा और साहेना।

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका को खिताब

**विज्क आन जी।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी के खिलाफ अंतिम टाई-ब्रेकर में हार का सामना करने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने हालांकि 13वें और अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए यह मुश्किल दिन रहा।



कतर में सोमवार को एशियाई कप फुटबॉल में इराक के खिलाफ विजयी गोल दागने के बाद साथी संग जश्न मनाते जोर्डन के निजार अल राशदान (बाएं)। जोर्डन ने 3-2 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ● एजेंसी

### जमैका को हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में

**मस्कट।** मनिंदर सिंह के चार गोल की मदद से भारत ने जमैका को तीसरे और आखिरी पूल मैच में 13-0 से हराकर एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिंदर ने दूसरे मिनट में दो गोल करने के बाद 28वें और 29वें मिनट में गोल दागे। इसके अलावा मनजीत (5वें, 24वें), राहील (16वें, 27वें) और मनदीप मोर (23वें, 27वें), उत्तम सिंह (पांचवां), पवन राजभर (नौवां) और गुरजोत सिंह (14वां) ने गोल किए।


### बॉक्सर मंदीप ने इंटरकांन्टिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए)' का 'इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा को अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

### निकहत-लवलीना स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में खेलेंगी

**नई दिल्ली।** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन उन 19 मुक्केबाजों में शामिल है जो एक फरवरी से बुल्गारिया के सोफिया में शुरू होने वाले 'स्ट्रैंड्जा मेमोरियल' मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमित पंघाल भी खेलेंगे। यह टीम फरवरी के आखिर में ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीम से अलग है।

**सोशल मीडिया से**



दिग्गज भारतीय क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने इंग्लैंड बल्लेबाज ओली पोप और इटली के टेनिस स्टार यानिक सिनेर की तारीफ की। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा, पोप के 196 रन की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ वापसी कर शानदार जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलियन ओपन में के फाइनल में सिनेर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेदवेदेव को हराया! इससे यह शिक्षा मिलती है लड़ाई जारी रखें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

**जरा हटकर**

## ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद आंसू नहीं रोक पाए लारा



वेस्टइंडीज ने रविवार को रोमांचक मुकाबले में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में हराया। इसके बाद उसके दिग्गज क्रिकेटर मैदान पर ही भावुक हो गए। ब्रिस्बेन के गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज ने गुलाबी गेंद से कंगारुओं को आठ रन से हरा दिया। शमार जोसेफ की घातक गेंदबाजी से मिली जीत के बाद ब्रायन लारा, कार्ल हूपर सहित कई पूर्व खिलाड़ी भावुक हो गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लारा ने कहा कि यह अविश्वसनीय है। वेस्टइंडीज को इतिहास रचने के लिए एक विकेट चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड बल्लेबाजी कर रहे थे। जैसे ही जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया का आखिरी विकेट चटकाया कॉमेंट्री बॉक्स में बैठे लारा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट और इयान स्मिथ खुशी से झूम उठे। लारा की आंखों में आंसू आ गए। ऑस्ट्रेलिया की हार के बावजूद गिलक्रिस्ट ने उन्हें गले से लगा लिया और वेस्टइंडीज टीम की तारीफ की। वहीं विंडीज के पूर्व कप्तान कार्ल हूपर भी रोने लगे और दीवार की तरफ अपना चेहरा करके भावुक हो गए।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

आपके पैर रखेंगे आपकी सेहत का ख्याल
डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लिपर



पसीना रोधी
फिसलन रोधी
नरम और आरामदायक
रोज़ाना इस्तेमाल

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
All day wear Acupressure Slippers
A Step towards pain-free life with Acupressure

एक्यूप्रेशर स्लिपर के फायदे:
- ब्लड सर्कुलेशन में सहायक
- सारा दिन पहनने के लिए आरामदायक
- प्रीमियम क्वालिटी, जो दे चलने का सुखद अनुभव
- PVC या प्लास्टिक फुटवियर की तुलना में बेहतर

Contact For Dealership
85588 07777
dealership@divisa.in


### खान यूनुस में हालात और खराब, बंकर और आतंकी ठिकाने किए जा रहे तबाह

# गाजा में इजरायल के ताबड़तोड़ हमले में 215 लोगों की गई जान



गाजा की जंग

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** गाजा पट्टी के दक्षिणी क्षेत्र खान यूनुस में इजरायली सेना ने हमास आतंकियों के खिलाफ सोमवार को भी हमले किए। यहां दोनों के बीच लड़ाई जारी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बीते 24 घंटे में 215 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है।

सेना इस क्षेत्र में हमास के बंकरों और आतंकी ठिकानों का तबाह कर रही है। सेना ने कहा कि हमास आतंकी नागरिकों को ढाल बना रहे है। कई आतंकी शरणार्थियों के बीच छिपे हैं और सेना को निशाना बना रहे हैं।

**दो इमारतों पर हमला, कई आतंकी ढेर :** सेना ने हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दो इमारतों पर हवाई हमला किया। इसमें कई आतंकी ढेर हो गए। उधर पैदल सेना ने पांच आतंकियों की पहचान कर उन्हें मार गिराया।



गाजा में बुधवार को इजराइली सेना के हमले में घायल बच्चे को ले जाते लोग। • एपी

### सीरिया में मारा गया ईरानी सलाहकार

**दमिश्क।** सोमवार को सीरिया में इजरायली हमले में एक ईरानी सलाहकार की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने ये दावा किया। इस हमले में दो नागरिकों के मारे जाने की भी बात कही जा रही है। हालांकि कितने लोग मारे गए हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। इस मीडिया के दावे पर इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कोई भी टिप्पणी नहीं की है।

### मोसाद के लिए काम करने वाले चार लोगों को फांसी दी

**तेहरान।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच सोमवार को ईरान में इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद से जुड़े चार लोगों को फांसी दे दी गई। बीते दिनों में ईरान मोसाद से जुड़े कई लोगों को फांसी दे चुका है। मिली जानकारी के अनुसार, इन लोगों को 2022 में ईरान के रक्षा मंत्रालय से जुड़ी और इस्फहान शहर में मिसाइल और रक्षा उपकरणों से संबंधित एक फैक्टरी को निशाना बनाने का षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया गया था।

### अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेंगे : बाइडन

**कोलंबिया।** जॉर्डन में ईरान समर्थित समूह के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, सैनिकों की मौत का बदला लिया जाएगा और इस घटना को अंजाम देने वालों को जवाब दिया जाएगा। इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से पश्चिम एशिया में अमेरिकी बलों के खिलाफ ऐसे समूहों द्वारा महीनों से जारी हमलों में पहली बार हुई अमेरिकी सैनिकों की मौत के लिए बाइडन ने ईरान समर्थित मिलिशिया को जिम्मेदार ठहराया। दक्षिण कैरोलाइना की यात्रा के दौरान बाइडन ने बैपटिस्ट चर्च में एक मिनट का मौन रखा। अमेरिका के मध्य कमान ने कहा कि ड्रोन ने जॉर्डन में लॉजिस्टिक सपोर्ट बेस पर हमला किया था।

# मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

**मालदीव, एजेंसी।** भारत से तनाव के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। इसके लिए पर्याप्त संख्या में हस्ताक्षर भी हो चुके हैं, जल्द ही इसे जमा किया जा सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट में ये दावा किया गया है।

मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाला मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) मुइज्जू के खिलाफ ये प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट में एमडीपी के एक सांसद के हवाले से कहा गया कि एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार को हुई बैठक में महाभियोग प्रस्ताव को जमा करने का फैसला सर्वसम्मति से किया गया।

**34 सांसदों ने दिया प्रस्ताव को समर्थन :** रिपोर्ट की माने तो एमडीपी और डेमोक्रेट दोनों दलों के प्रतिनिधियों समेत कुल 34 सांसदों ने प्रस्ताव को समर्थन दिया है। एमडीपी ने फैसला किया है कि अगर संसद की कार्यवाही को बाधित रखना जारी रहता है तो वह गृह मंत्री अली इहुसन और रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून को मंजूरी देने से इनकार कर देगी।

**संसद में सुरक्षा कड़ी :** रविवार को मालदीव संसद के अखाड़ा बनने के बाद सोमवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। रविवार को संसद में सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों में चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों में विवाद हो गया था।

**चार में से एक संसदीय सदस्य को ही मंजूरी मिली :** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के मंत्रिमंडल में चार सदस्यों के लिए हुए मतदान में केवल एक सदस्य को मंजूरी मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, संसद ने आवास मंत्री अली हैदर अहमद, इस्लामी मंत्री मोहम्मद शाहीम अली सईद और अटॉर्नी जनरल अहमद उशम को मंजूरी देने के खिलाफ मतदान किया जबकि वित्त मंत्री मोहम्मद सईद मंजूरी पाने में सफल रहे।

### पूर्व राष्ट्रपति सालेह की पार्टी को बहुमत

मोइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रही पूर्व राष्ट्रपति सालेह की पार्टी एमडीपी को पर्याप्त बहुमत हासिल है, ऐसे में वर्तमान राष्ट्रपति की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। मालदीव के बिजनस टाइकून और जूमहूरे पार्टी के नेता कासिम इब्राहिम ने कहा है कि चीन की यात्रा से लौटने के बाद मुइज्जू को भारत के खिलाफ अप्रत्यक्ष रूप से जुबानी हमला करने के लिए आवश्यक रूप से भारत से माफी मांगनी ही होगी।

## लाइव हिन्दुस्तान 30S



काबुल में आयोजित सम्मेलन में मौजूद भारत समेत विभिन्न देशों के प्रतिनिधि।

### काबुल में कई देशों के प्रतिनिधि जुटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार द्वारा सोमवार को आयोजित अफगानिस्तान रीजनल कॉरपोरेशन इनिसिएटिव समिट में भारत ने भी हिस्सा लिया। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा कि उनका देश विश्व समुदाय से रचनात्मक जुड़ाव चाहता है। सम्मेलन में चीन, रूस, ईरान, पाकिस्तान समेत 11 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुत्तकी ने कहा, देश में खतरों से निपटने के लिए हमें विश्व समुदाय से जुड़ने की जरूरत है।

### शेख हसीना को चीन ने किया आमंत्रित

**ढाका।** चीन ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम नई सरकार के साथ काम करने के इच्छुक हैं। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री हसन महमूद ने संवाददाताओं से कहा, हम यात्रा के लिए उपयुक्त समय ढूंढेंगे।

### आईएस ने इस्तांबुल चर्च पर हमले की जिम्मेदारी ली

**इस्तांबुल।** इस्लामिक स्टेट समूह (आईएस) ने बयान जारी कर रविवार की प्रार्थना सभा के दौरान इस्तांबुल में एक रोमन कैथोलिक चर्च पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। तुर्किये के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि हमले के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।


www.livehindustan.com
टॉप ट्रेंडिंग खबरें
इन खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


# भारतीय युद्धपोत ने अपहृत चालक दल को बचाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में तैनात भारतीय युद्धपोत ने ईरान के झंडे वाले एक पोत और उसके चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया। इस पोत का कुछ समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। भारतीय नौसेना ने रविवार रात पोत से मिली अपहरण की सूचना पर फौरन कार्रवाई की।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि सोमलिया के पूर्वी तटों और अदन की खाड़ी में जलदस्यु रोधी अभियानों को तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के झंडे लगे मछली पकड़ने वाले पोत ईमान के अपहरण संबंधी सूचना पर कार्रवाई की।

पोत पर समुद्री लुटेरे चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था। मधवाल ने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने पोत को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल तथा पोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य किया। पोत पर चालक दल के सभी 17 सदस्यों और पोत को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

प्रवक्ता ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में जलदस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी पोतों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है। इससे दो दिन पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम ने एक वाणिज्यिक तेल टैंकर पोत पर लगी आग को बुझा दिया था जिस पर भारतीय चालक दल के 22 सदस्य सवार थे।

### श्रीलंकाई नौका व चालक दल के अपहरण का संदेह

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक मछली पकड़ने की नौका और उसके चालक दल के छह सदस्यों के लापता होने के मद्देनजर श्रीलंका के राजनयिक सोमाली अधिकारियों से बात कर उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आशंका है कि सोमाली समुद्री डाकुओं ने दो दिन पहले इस नौका को जब्त कर लिया और उसके चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपहरण की ये घटना ऐसे वक्त हुई है जब दो सप्ताह पहले श्रीलंका ने कहा था कि वह यमन स्थित हूती विद्रोहियों के हमलों के खिलाफ लाल सागर में वाणिज्यिक पोतों की रक्षा के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले अभियान में शामिल होगा।

# कराची में चुनाव से पहले हिंसक झड़प

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में सोमवार को बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। ताबड़तोड़ गोलियां चली, जिसमें एमक्यूएम के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई।

ये चुनावी हिंसा कराची के नाजिमानाड में हुई, हिंसक झड़प में तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए हवा में गोलियां दागीं और लाठीचार्ज किया। पश्चिमी सिंध प्रांत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के भिड़ने की भी खबर है। वहीं, बलूचिस्तान के मस्तुंग में नेशनल पार्टी के चुनाव कार्यालय पर रविवार रात ग्रेनेड हमला किया गया। हमले में दो लोग घायल हुए हैं। अज्ञात हमलावरों ने ये ग्रेनेड फेंका था।

### बलूचिस्तान में सेना ने दस और लोगों का अपहरण किया

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तानी सेना का बलूचिस्तान में अत्याचार जारी है, रिपोर्ट में दावा किया कि सेना ने डेरा बुगती इलाके से दस और लोगों का अपहरण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बीते रविवार को सेना ने गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर सुई शहर, डेरा बुगती में घर-घर तलाशी अभियान चलाया और अलग-अलग घरों पर छापे मारकर 10 लोगों को जबरन उठा लिया। पाकिस्तानी सेना ने जफर कॉलोनी में छापेमारी की जिसके बाद जीटीए के जिला अध्यक्ष और जम्हूरी वतन पार्टी के कार्यकर्ता मीरान बख्श बुगती के बेटे मास्टर गौस बख्श लापता हैं।

# महरम के बिना 5162 महिलाएं हज पर जाएंगी

**नई दिल्ली।** भारत से इस साल 5,162 महिलाएं महरम (पुरुष रिश्तेदार) के बिना हज के लिए जाएंगी और इनमें 3584 महिलाएं केरल से हैं।

भारत से महरम के बिना हज पर जाने वाली महिलाओं की यह सर्वाधिक संख्या है। भारतीय हज समिति ने हज-2024 के लिए सोमवार को लॉटरी से यात्रियों का चयन किया। हज समिति ने कि 70 वर्षीय और उससे अधिक आयु के 6370 और बिना महरम वाली 5162 महिलाओं के आवेदन प्राप्त हुए।

# नॉमिनी न बनाने पर की थी एसडीएम पत्नी की हत्या

**डिंडोरी, एजेंसी।** नॉमिनी नहीं बनाने पर पति ने ही डिंडोरी जिले के शाहपुरा में तैनात महिला सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की हत्या की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल ने संवाददाताओं से कहा, एसडीएम निशा नापित ने 2020 में एक सोशल मीडिया साइट के माध्यम से आरोपी मनीष शर्मा से शादी की। इसके बादबीमा एवं बैंक रिकॉर्ड में नॉमिनी बनाने की पति की मांग को नहीं मानने के कारण दोनों के बीच तनाव पैदा हो गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी प्रॉपर्टी डीलर है।

**छह घंटे तक शव के पास बैठा रहा :** एसपी ने कहा, आरोपी ने रविवार को तकिए से एसडीएम का दम घोंट दिया। इसके बाद वह छह घंटे तक शव के पास बैठा रहा और फिर शव को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी।

# एक्स ने गायिका टेलर की खोज रोकी

**न्यूयॉर्क।** एलन मस्क द्वारा संचालित 'एक्स' ने आखिरकार मशहूर गायक टेलर स्विफ्ट की खोजों को रोक दिया है। क्योंकि पिछले हफ्ते गायक की एआई जेनरेटेड अश्लील डीपफेक तस्वीरें उसके प्लेटफार्म पर वायरल हो गई थीं।

मशहूर गायक की तस्वीरों को एक्स द्वारा हटाए जाने से पहले लाखों लोगों ने इसे देखा था। उन तस्वीरों को हटाने के लिए धीमी कार्रवाई पर कंपनी की काफी आलोचना की गई थी।

# अमेरिका में हथौड़े से हमला कर भारतीय छात्र की हत्या

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक बेघर नशेड़ी ने उसकी मदद करने वाले 25 वर्षीय भारतीय छात्र के सिर पर करीब 50 बार हथौड़े से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई।

दिल दहला देने वाली यह घटना कैमरे में कैद हो गई है जिसमें हमलावर जूलियन फॉकनर हाल में एमबीए करने वाले हरियाणा निवासी छात्र विवेक सैनी के सिर पर हथौड़े से करीब 50 बार बेरहमी से वार करते नजर आ रहा है। निजी चैनल ने रविवार को बताया कि सैनी, फॉकनर को शरण देने वाले स्टोर में क्लर्क था। सैनी ने फॉकनर को चिप्स, कोक, पानी और जैकेट दी थी। सुरक्षा संबंधी उसने फॉकनर से जाने का अनुरोध किया और कहा कि वह पुलिस की मदद लेगा।

# जापान का 'स्लिम' फिर सक्रिय

**टोक्यो।** जापान का मून लैंडर - 'स्मार्ट लैंडर फॉर इंवेस्टिगेटिंग मून (स्लिम) ने दोबारा ऑपरेशन शुरू कर दिया है। चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग के बाद 'स्लिम' के सोलर पैनल को सूर्य की रोशनी नहीं मिल रही थी। अब दस दिन बाद जब सूर्य की दिशा बदली तो इसे सौर ऊर्जा मिलने लगी और यह दोबारा सक्रिय हो गया।

चंद्रमा की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए इसकी सतह पर मौजूद ओलिवीन पत्थरों की जांच करने को जापान ने स्लिम को भेजा है। इसके साथ कोई रोवर नहीं है। जापानी अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, लैंडिंग के लिए चयनित स्थान 'शियोली क्रेटर' पर ही स्लिम की सटीक लैंडिंग हुई। शियोली क्रेटर को चंद्रमा पर सबसे अधिक अंधेरे वाला धब्बा कहा जाता है।

**10** दिन बाद सूर्य की दिशा बदली, सौर ऊर्जा मिलते ही जागा लैंडर

- लैंडिंग के समय लैंडर 'स्लिम' के सौर पैनल गलत दिशा में थे



### सोलर बैट्रियों के कारण मुसीबत

लैंडर की सोलर बैट्रियों के कारण स्लिम मुश्किलों में फंस गया था। 20 जनवरी को जापान अपने लैंडर को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक पहुंचाने वाला पांचवां देश बन गया। इसके पहले अमेरिका, रूस, चीन और भारत चंद्रमा पर जा चुका है।


उत्तर रेलवे

चिकित्सा निदेशक का कार्यालय,
केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर रेलवे,
बसंत लेन, नई दिल्ली–110055

सिनियर रेजीडेंट को आबंध करना

फाईल सं. ई/मेड/एस आर/74/के.चि./2024
विज्ञापन सं. एन आर सी एच/एस आर/2024/01

उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय में सीनियर रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत सीनियर रेजीडेंट पद के लिए योग्य उम्मीद्वारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी सेवा शर्ते, आवेदन–पत्र, शपत पत्र आदि उत्तर रेलवे की वेबसाईट wwww.nr.indianrailways.gov.in under head News & Recruitment info पर उपलब्ध है।

चिकित्सा निदेशक
उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल,
बसंत लैन, नई दिल्ली–110055

305/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



MADHYA PRADESH JAL NIGAM
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Jail Road, Bhopal–462004
Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
Ph. : 0755-2579034, 2579874, Fax : 0755-2579873
CIN : U4100MP2012SGC028798
No. 2013/02/TECH/MPJNM/2024 Bhopal, Dated : 25.01.2024

NOTICE FOR EXPRESSION OF INTEREST

**Detailed Notice Inviting Expression of Interest (EoI) for Empanelment of The Consultants for Preparation of Detailed Project Report for Group or Other Drinking Water Supply And/or Solid & Liquid Waste Management (SLWM) Schemes in The Various Districts of Madhya Pradesh.**

Sealed offers are invited for the above mentioned work in the office of the Madhya Pradesh Jal Nigam Maryadit, 8, Arera Hills, Jail Road, Bhopal-462004, M.P. on or before date **20.02.2024 upto 5.30 PM**

The submission of an offer by a consultant implies that he has read the detailed EOI and all other documents. The detailed EOI is available on Madhya Pradesh Jal Nigam Maryadit wesite : **www.mpjalnigam.mp.gov.in**

**Pre-bid meeting :** To discuss scope of work and terms/ conditions, will be held on **05.02.2024 at 11.00 AM** at above address.

M.P. Madhyam/113484/2024 MANAGING DIRECTOR



OFFICE OF THE RESIDENT COMMISSIONER
GOVT. OF MADHYA PRADESH, MADHYA PRADESH BHAWAN
PLOT NO. 29, C-D, JESUS & MARY MARG, CHANAKYAPURI, NEW DELHI-110021
Phone No. 011-26772001, 2002

TENDER NOTICE Dated : 23.01.2024

The tenders are invited on behalf of the Resident Commissioner, M.P. Bhawan, New Delhi for Recycle/ Refilling of Printer Toner, Supply of Flowers and Laundry Detergents and other related items (Annual Rates Contract) :-

| S. No. | NIT No. | Appx. Cost | EMD | Cost of Tender Document | Pre Bid meeting | Last Date and time of submission | Date and time of opening of Technical Bid | Date and time of opening of Financial Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04/JANUARY/TONER REFILLING/MPB/2024 (Annual work of Recycle/ Refilling of Printer Toner (High Quality) | ₹ 0.35 Lakh | ₹ 1,050 | ₹ 500 | 06.02.2024/ 03:00 PM | 14.02.2024/ 03:00 PM | 15.02.2024/ 03:00 PM | 22.02.2024/ 03:00 PM |
| 2 | 05/JANUARY/FLOWER/ MPB/2024 (Annual Supply of Flowers) | ₹ 1.00 Lakh | ₹ 3,000 | ₹ 500 | 06.02.2024/ 03:30 PM | 14.02.2024/ 03:00 PM | 15.02.2024/ 03:00 PM | 22.02.2024/ 03:00 PM |
| 3 | 06/JANUARY/ DETERGENT/MPB/2024 (Annual Supply of Laundry detergents and other related chemicals items) | ₹ 1.25 Lakh | ₹ 3,750 | ₹ 500 | 06.02.2024/ 04:00 PM | 14.02.2024/ 03:00 PM | 15.02.2024/ 03:00 PM | 22.02.2024/ 03:00 PM |

Above tenders are invited in single stage two envelope systems (Technical bid & Financial bid) through e-Tendering website **www.mptenders.gov.in** or **www.mpbhawan.gov.in**. in the prescribed proforma from interested parties/ Registered Firms/ Registered Companies/Reputed Organizations/ Agencies.

G-23519/23
Addl. Resident Commissioner
M.P. Bhawan, New Delhi



नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) फ्रेस–टेण्डर कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 60/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–7)/ ई.नि./2023–24 | विविध/अन्य अनुरक्षण कार्य (सैक्टर–80 के डी–ब्लॉक में इन्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य), नौएडा। | 99.87 |
| 2. | 36/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–6)/ 2023–24 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर–112 की बाहय् सडकों की पटरी का सुधार कार्य) नौएडा। | 81.40 |
| 3. | 45/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–6)/ 2023–24 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर–117 व 120 के मध्य सड़क के दोनों तरफ की सर्विस रोड व फुटपाथ की मरम्मत का कार्य) नौएडा। | 82.74 |
| 4. | 66/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–5)/ 2023–24 | भवन अनुरक्षण कार्य के अन्तर्गत सैक्टर–70 में विभिन्न लोकेशन पर यूरिनल ब्लॉक्स एवं टॉयलेट का निर्माण कार्य ), नौएडा | 31.49 |
| 5. | 68/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–5)/ 2023–24 | सैक्टर–67 का विकास कार्य (सेक्टर–67 के टी.पी.–01, टी.पी.– 02, टी.पी.–3 की पार्किंग की चारदीवारी की मरम्मत वाणिज्यिक भूखण्ड ब्लॉक– ए. बी. सी. के चारदीवारी की मरम्मत, ग्रिटवॉश प्लास्टर का कार्य ), नौएडा। | 47.70 |
| 6. | 69/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–5)/ 2023–24 | सड़कों का अनुरक्षण कार्य (सेक्टर–71 एवं 61 52 व सैक्टर–68, 67 एवं सैक्टर–70, 71 व सैक्टर–66, 71 एवं सैक्टर–67, 70 के मध्य मार्ग पर सैन्ट्रल वर्ज और फुटपाथ पर पेन्ट का कार्य), नौएडा। | 40.68 |
| 7. | 51/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–9)/ ई.नि./2023–24 | सडकों का अनुरक्षण (सैक्टर–128 में फार्महाउस सं.–01 से पब्लिक टॉयलेट तक यमुना के समानान्तर 30.00 मी. चौड़ी सडक की फुटपाथ का मरम्मत कार्य), नौएडा। | 93.65 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **12.02.2024 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **13.02.2024 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

ब) रि–टेण्डर कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 8. | 20/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–6)/ 2023–24 | सैक्टर–117 का विकास कार्य (सैक्टर–117 के सामुदायिक केन्द्र में किचन का निर्माण कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य) नौएडा | 47.17 |
| 9. | 39/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–9)/ ई.नि./2023–24 | नालियों का अनुरक्षण (सैक्टर–135 में 30.00 मी. चौड़ी सड़क के साथ बनी आन्तरिक नालियों का मरम्मत एवं कवर करने का कार्य), नौएडा। | 62.88 |
| 10. | 42/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–9)/ ई.नि./2023–24 | नालियों का अनुरक्षण (सैक्टर–125 में 45.00 मी. चौड़ी सड़क के साथ अमेटी यूनिवर्सिटी की तरफ नाली को कवर करने का कार्य), नौएडा। | 43.07 |
| 11. | 50/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–5)/ 2023–24 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण कार्य (ग्राम–बसई ब्रहाउद्दीननगर में क्षतिग्रस्त सड़क व नालियों की मरम्मत एवं ग्राम की कुछ गलियों में सी.सी. पेवमेन्ट का कार्य), नौएडा। | 76.16 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **05.02.2024 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **06.02.2024 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा